ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 02 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 268 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


सुनील शेट्टी ने विराट कोहली को बताया... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### एसीबी ने एएसआई को पांच हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**दुमका।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार की दोपहर पांच हजार रुपया घूस लेते हुए जामा थाना के सहायक अवर निरीक्षक गोपाल प्रसाद साह को धर दबोचा। वह जब्त ऑटो को छोड़ने के लिए उत्तम कुमार से पैसे ले रहा था। एसीबी आरोपित को साथ लेकर घर की तलाशी ले रही है। एसीबी के अनुसार, उत्तम कुमार का तीन माह पहले ऑटो जब्त हुआ था। मोटरयान निरीक्षक ने जुर्माना लेने के बाद वाहन को मुक्त कर दिया। दो माह पहले उत्तम वाहन छुड़ाने के लिए जामा थाना गया तो एएसआई ने 15 हजार रुपये की मांग की। एक माह पहले उत्तम ने किसी तरह से दस हजार रुपया दे भी दिया। इसके बाद भी एएसआई पांच हजार रुपये के लिए लगातार परेशान कर रहा था। उत्तम ने इसकी जानकारी एसीबी को दी।

### माओवादी रवींद्र गंझू का मकान एनआईए ने किया जब्त

**रांची।** भाकपा माओवादियों के रीजनल कमांडर व 20 लाख के ईनामी रवींद्र गंझू के मकान को एनआईए ने जब्त कर लिया है। रवींद्र गंझू एनआईए केस नंबर आरसी 2/22 में फरार है। एनआईए के प्रवक्ता के अनुसार रवींद्र गंझू ने चंदवा के बांझीटोली में मकान बनाया था। मकान के निर्माण के लिए लेवी की राशि का इस्तेमाल किया गया था। जांच में आए तथ्यों के बाद यूएपीए की धारा 25 के तहत मकान को जब्त किया गया है। रवींद्र गंझू के खिलाफ 55 नक्सल कांड दर्ज हैं।

### विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट से जुड़े दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ चल रहे शिकायतवाद केस में विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुनीला देवी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 28 नवंबर निर्धारित की है।

### दीपावली से पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर 102 रुपये तक हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** दीपावली से पहले तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस की कीमत में 101.50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है।




हालांकि, घरेलू रसोई गैस के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दर बुधवार से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम 1,731 रुपये से बढ़कर 1,833 रुपये हो गया है। मुंबई में इसकी कीमत 1,684 रुपये से बढ़कर 1,785.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। कोलकाता में यह 1,839.50 रुपये से बढ़कर 1,943 रुपये और चेन्नई में यह 1,898 रुपये की बजाय 1999.50 रुपये में मिलेगा।

### शराब घोटाला : योगेंद्र तिवारी और अभिषेक झा से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** राज्य में पुरानी थोक शराब नीति से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने योगेंद्र तिवारी व उसके कारोबारी साझेदार अभिषेक कुमार झा को आसने सामने बैठाकर पूछताछ की है। रिमांड पर योगेंद्र तिवारी से देवघर में रायबंगला की जमीन की डील व इससे आए पैसों के शराब कारोबार में निवेश के पहलुओं पर ईडी ने पूछताछ की थी। इस केस में संयुक्त बिहार में सीएम रहे विनोदानंद झा के पोते अभिषेक झा के खिलाफ भी देवघर में एफआईआर दर्ज हुआ था। ईडी ने अभिषेक झा से पूरे रायबंगला की जमीन की डील व निवेश की जानकारी होने के बावत पूछताछ की। वहीं देवघर में अलग अलग जमीनों की डील को लेकर भी सवाल जवाब पूछे गए। दोनों को आमने सामने बैठाकर सवाल जवाब पूछे गए व उनके जवाबों का मिलान किया गया।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**द.अफ्रीका - 357/4 (50 ओवर)**
**न्यूजीलैंड - 167/10 (35.3 ओवर)**

**आज का मैच**

**भारत बनाम श्रीलंका, मुंबई में (2 बजे से)**

# झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुलिस अलर्ट, सीसीटीवी से होगी निगरानी

- आवागमन को लेकर विशेष ध्यान रखें
- सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी बहुल और नक्सल प्रभावित राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। ऐसा छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया है। दोनों राज्य मिलकर एक साथ नक्सलियों के खिलाफ जॉइंट अभियान भी चला रहे हैं, ताकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सली बाधक न बने।

छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। ऐसे में झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। झारखंड पुलिस के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट होने के पीछे कई वजहें हैं। दरअसल, झारखंड के सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और गढ़वा जैसे जिलों की सीमाएं सीधे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली अक्सर खुद को सुरक्षित करने के लिए झारखंड आ जाते हैं और जब झारखंड में दबाव बढ़ता है तब छत्तीसगढ़ की ओर कूच कर जाते हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में भी नक्सली बड़े बाधक हैं। ऐसे में झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के बैठक में तय किया गया था कि दोनों राज्य मिलकर नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेंगे। लिए गए निर्णय के आधार पर ही झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के सभी सीमाओं पर पुलिस अलर्ट हो गई है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा कई निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हीं निर्देशों के आधार पर झारखंड पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। सिमडेगा और गुमला से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर सीसीटीवी कैमरे अस्थाई तौर पर लगाए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस की कोशिश है कि छत्तीसगढ़ बॉर्डर की निगरानी पूरी तरह से सीसीटीवी के जरिए की जाए। सीसीटीवी लगाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं ।

झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर मोबाइल चेक पोस्ट के जरिए पूरे बॉर्डर की निगरानी रखी जा रही है। अधिकांश स्थानों पर स्थाई चेकपोस्ट बना दिया गया है। चेक पोस्ट पर झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों के आवागमन के साथ-साथ अवैध शराब, अवैध हथियार और नशे के दूसरे सामानों के आवाजाही पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने के लिए जवानों को कड़ी नजर रखने का निर्देश जारी किया गया है। सिमडेगा और गुमला पुलिस के द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन मीटिंग भी कई बार हो चुकी है। मीटिंग में दोनों तरफ मूव करने वाले नक्सलियों और अपराधियों की सूची भी एक दूसरे को सौंपी गई है, ताकि उन पर नजर रखी जा सके।

झारखंड पुलिस के जवानों को नक्सलियों, अपराधियों और नशे के अलावा पैसे के आवागमन को लेकर विशेष ध्यान रखने शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑथोरिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक

# कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### आदित्यपुर में नयी कंपनी और संस्थानों के लगाने को दी गयी हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी (जियाडा) के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग-सह-निदेशक जियाडा अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग-सह-निदेशक जियाडा अमिताभ कौशल, सचिव, उद्योग विभाग-सह-निदेशक जियाडा जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव, भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार, उद्योग निदेशक-सह-प्रबंध निदेशक जियाडा भोर सिंह यादव, बोकारो एवं आदित्यपुर जियाडा प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन उपस्थित थे। झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी (जियाडा) के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक में कई प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गयी। इसके तहत आदित्यपुर शेष पृष्ठ 11 पर



### गांव-गांव पहुंचकर झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण कार्य पूरा करें

मुख्यमंत्री ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अलग झारखंड राज्य का गठन होना एक बड़ी उपलब्धि थी। अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए हजारों की संख्या में आंदोलनकरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। राज्य के विभिन्न रिसोर्स, संपत्ति पर पहला अधिकार आंदोलनकारी अथवा उनके परिवार का होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश शेष पृष्ठ 11 पर

## एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने सरकार का साथ छोड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



एनसीपी (अजीत पवार गुट) के हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। बुधवार को कमलेश कुमार सिंह ने राजभवन को समर्थन वापसी का पत्र भेज दिया। एनसीपी से समर्थन वापस लेने के बाद झारखंड सरकार को अब कुल 49 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। समर्थन वापस लेने के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से कई बार हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग की। शरद पवार ने स्वयं मुख्यमंत्री से फोन पर बात की। लेकिन सरकार ने कोई पहल नहीं किया, ऐसे में समर्थन वापस लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। चार साल में हमने सिर्फ हुसैनाबाद जिला मांगा था, कोई बोर्ड या निगम की मांग नहीं की थी। कमलेश सिंह ने कहा कि सरकार सिर्फ चापलूसी करने वालों की सुन रही है। इसका खामियाजा 2024 के चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री हेंमत से पूछ लें समर्थन मांगा था या नहीं

एनसीपी प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि झामुमो के लोग कहते हैं कि एनसीपी से समर्थन किसने मांगा था, लेकिन ऐसा कहने वाले पूरी बात सीएम हेमंत शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम 15 को झारखंड स्थापना दिवस पर आएंगे रांची, तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर रांची आएंगे। इस मौके पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भी विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही उनके रोड शो पर चर्चा हुई है। रांची एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से होते हुए बिरसा मुंडा स्मृति पार्क तक पहुंचेंगे। वे खूंटी में भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू भी पहुचेंगे। बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में मोदी 20 से 25 मिनट तक का समय बिता सकते हैं।

### 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम 16 को

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 नवंबर से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने वाले हैं। पूरे राज्यभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस बाबत निर्देश दिए हैं और अधिकारियों को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने करें। इस दौरान अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा। इधर, राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर की तैयारी भी तेज कर दी गयी है। राज्य स्तर पर लगातार बैठकें की जा रही है। मोरहाबादी मैदान में मुख्य समारोह करने की तैयारी की जा रही है। पथ निर्माण विभाग व रांची नगर निगम अंतर्गत सड़कों को चकाचक किया जायेगा। भवनों में भी आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भवनों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी।

## कैदी के फरार होने के मामले में तीन आरक्षी निलंबित

**नवीन मेल वरीय संवाददाता**




**रांची।** रांची के रिम्स अस्पताल से मंगलवार को इलाजरत कैदी सूरज मुंडा के फरार होने के मामले में तैनाती आरक्षी चरण उरांव, मंगल उरांव पिगुवा और दिलीप कुमार सिंह के निलंबित कर लिया गया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को इसका आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सदर डीएसपी दीपक बरवार को मामले की जांच की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही तीनों आरोपी को निलंबित किया गया है। सदर डीएसपी की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि इलाजरत कैदी सूरज मुंडा की सुरक्षा में तीनों आरक्षियों को लगाया गया था। जिस वक्त कैदी फरार हुआ, तीनों में से एक भी शेष पृष्ठ 11 पर

## एटीएम कार्ड बदल कर खाते से निकाल लिया 1.17 लाख

**रांची।** रामगढ़ के भुरकुंडा के रहने वाले वाले राज कुमार नामक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 1.17 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस संबंध में राजकुमार ने कोतवाली थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह पूजा घूमने के लिए 19 अक्तूबर को रांची आया था। इस दौरान वह शहीद चौक स्थित कोडक महिंद्रा बैंक के एटीएम से राशि निकालने के लिए गया। इसी बीच एक युवक एटीएम में घुस गया।

## जमशेदपुर : 12वीं के छात्र ने बनाया अनोखा सॉफ्टवेयर

# दिव्यांग भी आंख से चला सकेंगे कंप्यूटर

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

कम उम्र के विद्यार्थी भी सामाजिक बदलाव को ध्यान में रखते हुए कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयोग घाटशिला के छात्र ने किया है। 12वीं के छात्र सुमित डान ने एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जिसके सहारे लैपटाप या कंप्यूटर को आंखों से ही कंट्रोल किया जा सकता है। इससे दिव्यांग भी आंख की पुतली के सहारे लैपटॉप या कंप्यूटर चला पाएंगे। इस सॉफ्टवेयर का नाम आई कांटेक्ट माउस कर्सर है। जल्द ही यह सॉफ्टवेयर बाजार में लांच हो जाएगा। इसमें खास बात यह है कि आंख झपकाते ही माउस कर्सर क्लिक होगा और आंख की पुतली ऊपर-नीचे करने पर कर्सर स्क्रोल होगा।




**सॉफ्टवेयर की जानकारी देता छात्र :** घाटशिला के काशिदा निवासी श्रीश्री रविशंकर विद्या मंदिर घाटशिला के 12वीं कक्षा के छात्र सुमित डान के अनुसार वे इस सॉफ्टवेयर और अपने प्राजेक्ट का प्रदर्शन 17 से 19 अक्टूबर तक बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में कर चुके है। उक्त प्रदर्शनी में 200 से अधिक देश-विदेश की कंपनियों ने भाग लिया था। जिनमें जर्मनी, फिनलैंड, इटली, चीन, जापान, अमेजन तथा भारत की कंपनी समेत कई कंपनी शामिल थी। सभी ने इस सॉफ्टवेयर की सराहना की थी। सुमित के अनुसार स्टेम इंडिया, जर्मनी की सेलटू क्राउड, फिनलैंड की एक कंपनी समेत शेष पृष्ठ 11 पर

### वायस-माड्यूलेशन और वर्चुअल की-बोर्ड का भी ऑप्शन

सुमित बताते हैं कि आई कांटेक्ट माउस कर्सर नामक सॉफ्टवेयर बाजार में पेनड्राइव में उपलब्ध होगा। इस पेनड्राइव को कंप्यूटर या लैपटाप में लगाना होगा। कंप्यूटर व लैपटाप के ऑन होते ही सॉफ्टवेयर इसमें इनस्टॉल हो जायेगा इसके वेब कैमरे आपकी आंखों को रीड करेंगे। रीड होते ही सॉफ्टवेयर काम करना शुरू कर देगा। सिर को बाईं या दाईं ओर घुमाने से कर्सर भी मूव होता रहेगा। आंख झपकाते ही कर्सर क्लिक होगा और आंख की पुतली ऊपर-नीचे करने पर कर्सर स्क्रोल होगा। सॉफ्टवेयर में वर्चुअल की-बोर्ड का भी ऑप्शन है। इस की-बोर्ड में कर्सर को आंखों के माध्यम से क्लिक कर टाइप भी किया जा सकता है। इस सॉफ्टवेयर में वायस-माड्यूलेशन की भी सुविधा दी गई है जिससे यह आवाज से भी कंट्रोल होगा। सुमित के अनुसार वे इस सॉफ्टवेयर को बूटेबल पेन ड्राइव के साथ बाजार में उतारने की कोशिश में है।

## पलामू के गढ़वा में विवादित भूमि बना रणक्षेत्र, पुलिस ने किया लाठीचार्ज



**पलामू।** प्रमंडल के गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के बहियार मोड़ बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। न्यायालय के आदेश पर विवादित भूमि की मापी करने गए प्रशासन को दूसरे पक्ष का विरोध का सामना करना पड़ा। देखते-देखते प्रशासन और दूसरे पक्ष के लोगों में झड़प शुरू हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। चर्चा है कि इस दौरान दो राउंड हवाई फायरिंग भी पुलिस को करनी पड़ी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। दूसरे पक्ष के आक्रोश को देख कर पुलिस प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। झड़प में न्यायालय के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के अलावे पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, एसआई रामकांत यादव, पुलिस बल के शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### कुरान दुनिया और आखिरत दोनों को कामयाब कर सकती है : मौलाना हुजैफा



**रांची।** फातिमा एकेडमी गर्ल्स एंड बॉयज आवासीय स्कूल, फातिमा नगर, इटकी, रांची में पर्सनैलिटी डेवलपर एंड मोटिवेशनल स्पीकर सह इंग्लिश हाउस अकादमी के सीईओ मुनव्वर जमा और हजरत मौलाना हुजैफा वस्तानवी का तालीम और कुरान पर एक दिवसीय शिक्षा जागरूकता कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए मुख्यातिथि मौलाना हुजैफा वस्तानवी ने कहा की उम्मत को कुरान से जोड़ा जाए। जब तक हर फर्द कुरान के साथ नहीं जुड़ेगा तब तक लोग परेशान रहेंगे और आगे तरक्की नहीं कर सकते। कुरान से ही लोग अपनी जिंदगी को बेहतरीन तरीके से कैसे गुजारे यह सीख सकते हैं । लेकिन आज का मुसलमान कुरान को छोड़ दिया है, ना आमल में है ना पैगाम फैला रहे हैं, इसलिए की पूरी दुनिया की उम्मत परेशान है। मुसलमान अगर अच्छी नियत के साथ कुरान पढ़े तो अल्लाह हमें कई चीजों से मालामाल कर देगा। झारखंड में पहली बार आए मोटीवेशनल स्पीकर मुनव्वर जमा ने कहा कि हमारी गुजारिश है कि दुनिया की हर चीज पढ़ाए, लेकिन कुरान भी अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए। उन्होंने लोगों से अपील की की इल्म हासिल करें।

### प्रखंड मुख्यालय परिसर में डीलरों के साथ खाद्य पदाधिकारी ने की बैठक



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में डीलरों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड खाद्य पदाधिकारी अनूप भगत ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची डीएसओ प्रदीप कुमार भगत उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसओ प्रदीप कुमार भगत ने कहा कि लाभुको को राशन देने में कटौती न करें सही ढंग से राशन का वितरण करें एवं अपने दुकान के आगे नेम प्लेट लगायें अगर लाभुको के द्वारा किसी तरह की शिकायत राशन देने में गड़बड़ी करने की आती है तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ उनका लाइसेंस भी रद किया जाएगा।

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया पार्टी का झंडा दिखाकर सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ

# जनता को अधिकार के प्रति सजग होना जरूरी : सुनील साहू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने पार्टी का झण्डा दिखाकर किया। भामाशाह नगर रिंग रोड के सुकुरहुट्टु कैला महतो चौक से यात्रा की शुरूआत की गयी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक एवं महिला जिला अध्यक्ष रीना देवी मुंडा, महामंत्री सुनीता उरांव, काशीला देवी ने यात्रा को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हरिनाथ साहू एक जमीनी और अनुभवी नेता हैं इनके देख-रेख में पार्टी का संगठन विस्तार तेजी से हो रहा है। सामाजिक न्याय यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में जाकर आम जनता को अपने अधिकार के प्रति सजग होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि सभी को निःशुल्क शिक्षा और निःशुल्क चिकित्सा दिलाने के लिए, सांप्रदायिक ताकतों से समतामुलक संविधान को बचाने के लिए, निजीकरण के बहाने आरक्षण समाप्त करने वालों के खिलाफ एकजुट होने के लिए महिला आरक्षण के अन्तर्गत एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय यात्रा के तहत जनजागरण अभियान पर निकल चुकी है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत गये लगभग सभी पार्टियों ने आम जनता को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखा। लोकहित अधिकार पार्टी मांग करती है कि आम जनता को सभी क्षेत्रों में जिनकी जितनी संख्या भारी, उनकी उतनी हिस्सेदारी के तहत सभी को अधिकार मिलनी चाहिए। जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जबतक आम जनता को उनके अधिकार नहीं मिल जाते हैं तबतक लोकहित अधिकार पार्टी संघर्ष करती रहेगी। सामाजिक न्याय यात्रा में मुख्य रूप से जनक प्रजापति, सरिता मुंडा, कशीला प्रजापति, सुग्गी नायक,अजीत साहू, डॉ दानेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार, देवपूजन ठाकुर, रामविलास साहू, कुंज बिहारी, संजय लोहरा, गणेश लोहरा, प्रदीप ठाकुर, लालू महतो, उमेश कुमार,रामानंद ठाकुर, रेणु देवी , सुनीता देवी मुंडा आदि शामिल रहें।

**प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत गये लगभग सभी पार्टियों ने आम जनता को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित रखा।**

## कारोबारियों ने अपराधियों के खिलाफ डीजीपी से लगाई गुहार

# धनबाद में दें सुरक्षा नहीं तो बन्द करेंगे कारोबार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के धनबाद जिले में अपराधियों का खौफ सिर चढ़कर बोल रहा है । भले ही अपराधी गिरफ्तार कर लिया जा रहे हैं लेकिन गोलीबारी और रंगदारी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। धनबाद में कारोबार करने वाले कारोबारी अपराधियों के निशाने पर हैं। अपराधियों से परेशान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सदस्यों ने डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**डीजीपी से लगाई सुरक्षा की गुहार :** डीजीपी अजय कुमार से मुलाकात कर झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने उन्हें बताया कि धनबाद जिले में नियमित रूप से व्यापारियों के साथ रंगदारी, धमकी, फायरिंग और बमबाजी की घटनाओं से जिले जिले में व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी हैं। धनबाद में बढ़ते अपराध , रंगदारी की मांग और आए दिन प्रतिष्ठानों ,व्यवसाईयों और चिकित्सकों पर अपराधियों के द्वारा फायरिंग की जा रही है। अपराध से त्रस्त धनबाद के कारोबारी ने बुधवार से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं। पर्व - त्योहार के सीजन में भी व्यापारी इतने खौफ में है कि उन्होंने अपनी दुकान बंद कर रखी हैं। चेंबर के सदस्यों ने डीजीपी से गुहार लगाई की धनबाद जिले की विधि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किया जाए।

**सुरक्षा मिलेगी :** वही डीजीपी अजय कुमार सिंह ने चैंबर के सदस्यों को यह आश्वासन दिया है कि धनबाद में हर हाल में कारोबारी को सुरक्षा प्रदान की जाएगी। डीजीपी ने बताया कि मोटर पार्ट्स के कारोबारी पर हमले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य जो भी गैंग धनबाद में सक्रिय हैं उन पर नकल करने के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**बन्द है धनबाद :** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कारोबारियो अपील किया है कि वे लोग धनबाद में अपनी दुकान खोलना शुरू करें पुलिस उन्हें सुरक्षा देगी। वहीं दूसरी तरफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बताया कि जब तक धनबाद के कारोबारी सुरक्षा को लेकर अस्वस्थ नहीं हो जाएंगे तब तक दुकाने धनबाद में नहीं खोली जाएगी। अगर पुलिस के द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो बंदी का निर्णय पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

### नौकरी देने का नाटक कर रहे मुख्यमंत्री : आदित्य

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने ऑफर लेटर वितरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज राज्य में लाखों पद खाली हैं। कॉलेज में प्राध्यापक नहीं। अस्पताल में चिकित्सक और नर्स नहीं हैं। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी नहीं हैं लेकिन मुख्यमंत्री इससे ध्यान भटकाने के लिए ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने का नाटक कर रहे हैं।

# धूमधाम से संपन्न हुआ एक दिवसीय जतरा महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची 21 पड़हा जतरा महोत्सव पाली पंचायत के चितरकोटा छोटका टोली, रातू, रांची के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चितरकोटा छोटका टोली रातू में एक दिवसीय जतरा महोत्सव का आयोजन संयोजक सह आयोजक रंजीत खालखो के अध्यक्षता में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस जतरा महोत्सव में 21 पड़हा के अतिरिक्त आस पास गांव के 12 पड़हा एवं 7 पड़हा खोरड़ा भी शामिल हुए। इस क्षेत्र की यह सबसे बड़ा जतरा मेला महोत्सव है जो मुड़मा मेले के बाद आयोजन की जाती है जो कलश पूजा, प्रकृति पूजा एवं जोड़ा बेल पांव पूजा कर गांव के पाहन द्वारा जतरा महोत्सव की शुभारंभ की गई। इस जतरा में मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री गीता उरांव, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू हटिया विधान सभा प्रभारी भारत काशी, प्रखंड उपाध्यक्ष सह प्रभारी (आजसू) कांके प्रखंड जोगिंदर उराव, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा, पाली पंचायत के मुखिया प्रेम खलखो,दानिश अहमद खान, सांसद प्रतिनिधि विमल उरांव आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों को जतरा आयोजन समिति द्वारा अंगवस्त्र एवं झारखंडी पारंपरिक रीति रिवाज, नृत्य गान से स्वागत किया गया। इस महोत्सव को सफल बनाने में मुख्यरूप से जतरू उरांव,डेवठो उरांव, सुशील उरांव, जयमंगल उरांव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीएयू में व्यावसायिक पुष्पोत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से चल रही फूलों से सम्बन्धित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की जनजातीय उप योजना के तहत बुधवार को बागवानी विभाग में 'व्यावसायिक पुष्पोत्पादन तकनीक' विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रांची जिला के नगड़ी प्रखंड के चिपरा पंचायत के दो गांवों- कोलांबी और पंचडीहा की 30 कृषक महिलाओं ने भाग लिया। ये महिलायें झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा गठित कृषक समूह की अगुवा शांति तिर्की, नीतू तिर्की तथा कृषक मित्र फूलमनी खलखो के नेतृत्व में आई थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. पीके सिंह ने कहा कि झारखंड में कृषि संबंधी अधिकांश कार्य महिलाएं ही करती हैं इसलिए फूलों की खेती के परिदृश्य में भी वे व्यापक बदलाव ला सकती हैं। झारखंड की जरूरत का अधिकांश फुल अभी दूसरे राज्यों से आता है इसलिए इस राज्य में फूलों के उत्पादन और लाभकारी विपणन की व्यापक संभावनाएं हैं।

## प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होना छात्र छात्राओं के लिए विडंबना : सविता



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में न्यूनतम संसाधनों के बीच स्टडी हॉल सह वाचनालय का उद्घाटन किया गया। फीता काट कर स्थानीय मुखिया सविता उरांव ने स्टडी रूम सह वाचनालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर शिक्षक अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान में 200 से अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया लापुंग के छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी विडंबना यह है कि लापुंग प्रखंड में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। यहां के बच्चों को डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए बेड़ो या खूंटी या रांची जाना पड़ता है। मुखिया ने कहा कि सांसद, विधायक या कोई भी सरकार में ध्यान नहीं दिया गया।यहां विद्यालय में नेशनल कैडेट कोर की कक्षाएं शुरू हो गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुनिता भेंगरा ने कहा कि हमें मिलजुल कर विद्यालय को आगे बढ़ाने, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि सहित विद्यालय के विकास के लिए कदम उठाने की जरूरत है। बैठक के दौरान सदस्य संयोजक सह प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रधानाध्यापक के प्रयासों की सराहना किया। इस मौके पर वरीय शिक्षक मनोज कुमार नाग, वरूण महतो, बलदेव महतो, दीपक कुमार ,आशीष जुगनु, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 20/2023–24

1) विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.11.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.11.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.11.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान:– 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :–1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी

| Sr.No. | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bathroom and improvem ent of water supply with replacement of sanitary fittings and sewarage work at qtr No. C/14, B/8 behind Indra palace Hinoo and others High court pool quarters under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1047981.00 | 21000.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2. | Improvement of damage water supply and sewer line and replacement of damage sanitary fittings of officers Bungalow, minister Bungalow and Government pool quarters at Hinoo Doranda under D. W.& S. Division, Ranchi East, Ranchi | 1288372.00 | 25800.00 | 2500.00 | 5 Days |
| 3. | Supplying , fitting and fixing of High purification capacity water purifier & water cooler and necessary water supply pipe line and its allied work at Quarter No-9/19 A.G. More Doranda under DW&S Division , Ranchi East, Ranchi. | 236740.00 | 4800.00 | 500.00 | 07 Days |
| 4. | Repair and Maintenance of Iron cum Turbidity Removal filter plant with alum pot,Oxidization chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of High Court Bungalow and other high court pool Qtr. Doranda Ranchi under DW&S Division Ranchi East Ranchi for year 2023-24 | 788986.00 | 15800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with rep lacement of sanitary fittings and sewrage work at Qtr. No B -31, B-33, A -1 near SSR School B -9, B -22 Rajendra chowk officers flat 18/28, 26/28 and others High Court pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi | 1252205.00 | 25100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 6. | Improvement of sewer line and construction of inspection chamber & manhole chamber and other allied work at MLA flat HEC campus Dhurwa under D.W. & S Division, Ranchi East, Ranchi | 877407.00 | 15600.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 7. | Repairing and rewin ding and replacement of 5 HP, 1.5HP, 1HP submersible motor, 1HP water pressure motor and other allied electric work at Hon'ble minister's Bungalow, M.L.A. Bungalow and other govt. pool quarter Hinoo Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi | 883784.00 | 17700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8. | Seepage repair & renovation of toilet and bathroom improvement of W/S and sanitary fitting & Sewarage work at Quarter no. CD -666 OHC/II, CD-701/II, CD-703/II, B -2592/II & B -1694/II and others Jharkhand vidhan s abha pool quarters HEC campus, Dhurwa, Ranchi | 1335933.00 | 26800.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 9. | Overhauling of 2000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon Filter Plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied wo rk at Quarter No.-9/19, A.G. More Doranda, Ranchi under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 359185.00 | 7200.00 | 750.00 | 07 Days |
| 10. | Provision of water supply by construction of 1Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works, at MLA Residence No. E-15 Sector-II Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 711637.00 | 14300.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 11. | Provision of water supply by construction of 3Nos. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Administrative building suituated in the Police Academy Hazaribagh Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (Part-A) | 2303385.00 | 46100.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 12. | Seepage repair and renovation of toilet improvement of W/S S/I & sewerage work at office of the deputy labour comissioner Shram bhawan Doranda Ranchi under DW&S Division Ranchi East Ranchi | 2014081.00 | 40300.00 | 5000.00 | 15 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची ।

PR.NO.310349 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department Municipal Corporation, Hazaribag

### e- Procurement
### Short Notice Inviting Tender
### Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road, Repair of P.C.C Road & Construction of R.C.C Drain from H/o Sabbir Ahmad to H/o Ghanshyam, from H/o Maskur Alam to H/o Sunil via H/o Jasim Khan, in Ward No. 03 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,43,400/- | 31,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 2. | Construction of P.C.C. Road & R.C.C Drain from Shree Ram Sweets to H/o Dinesh Mehta in Ward No. 05 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 10,23,400/- | 21,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 3. | Repair of P.C.C Road from in Jain Mandir Gali & from Kali Bari Road to Kripa Marble via Bank of Baroda in Ward No. 17 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,22,300/- | 27,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 4. | Construction of P.C.C. Road from Sagar Sinha House to Mukesh ojha House & Ram Tiwari House in Balaji Vishnupuri and Repair of P.C.C Road from in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 24,99,400/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 5. | Construction of P.C.C. Road From H/o Mithlesh Yadav via H/o Engineer sahab towards end point of road in chhavi nagarsirsi in Ward No. 33 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 24,51,800/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 6. | Construction of P.C.C. Road From H/o Ranjit to Sikandar Yadav, From H/o Devnarayan to karan Yadav in Ward No. 34 under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 12,32,300/- | 25,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 7. | Construction of PCC Road from H/o Kishori Sah House to N.H. 100 near Kud DharamKanta (South Side) in Ward No. 24 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 10,14,700/- | 21,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 29,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 9. | Construction of New R.C.C. Drain from Vimla Sadan to H/o Ramadhir Prasad in Cooperative Colony in Ward No. 11 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 15,96,700/- | 32,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 10. | Construction Of R.C.C. Drain From H/O Rakesh To H/O Chhotu Ravidas Near Mantu Babu Chowk, Shivpuri & From H/O Birendra Prasad To H/O Shatrughan Ji In Ambedkar Puri Near Prakash Laundary In Ward No. - 22 (Twenty Two) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 20,17,100/- | 41,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 11. | Construction Of R.C.C. Drain from H/o Ashok Sinha to River via Nirmala Devi in Vishnupuri Gali No. 03 in Ward no. 24 (Twenty Four) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,17,500/- | 27,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 12. | Construction of R.C.C. Drain From H/O Krishan To H/O Pankaj Sinha & From H/O Bachchi Devi To H/O Ashok Verma In New Colony, Kani Bazar, from H/o Kuldeep in new Colony, Kani Bazar to Main Nala & | 22,36,800/- | 45,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| | from H/O Mukesh Chandra to H/O Pattu Wakil in Ramnagar Road & Corner of Mukesh Chantra House (East Side) in Ward No. 26 Under Municipal Corporation, Hazaribag. | | | | |
| 13. | Development of Park at Hurhuru near Joda Talab Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 16,15,100/- | 33,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |
| 14. | Repair of PCC Road from Shoyeb House to Yamaha Showroom upto culvert, Construction of RCC Drain from Shoyeb House to Yamaha Showroom upto culvert and Laying of Paver Block from Abdal Baba Road in Ward No. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 24,99,200/- | 50,000/- | 5,000/- +18% GST | 04 Month |
| 15. | Construction of Park In Dipugarha Sichai Colony Near Ward Vikas Kendra in Ward No. 05 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,65,700/- | 32,000/- | 5,000/- +18% GST | 06 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **07.11.2023 at 11:00 A.M.** |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | **16.11.2023 up to 5:00 P.M.** |
| 4 | Bid Opening date | **18.11.2023 at 11:00 A.M.** |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

**NOTE :**

- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 310385 Urban Development and Housing(23-24)D

## गागर में सागर

### बाबूलाल मरांडी का छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश प्रवास आज से

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो नवंबर से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। मरांडी दो से सात नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे जबकि आठ से 10 नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।

### बीएयू में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया




**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विगत मंगलवार की शाम राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलाई गई। रांची कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीके झा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। अंग्रेजों ने देश के सैंकड़ो टुकड़े. कर दिए थे। ब्रिटिश इंडिया को धर्म के आधार पर दो भागों में बांट दिया गया। साथ ही 565 प्रिंसली स्टेट्स को स्वतंत्र घोषित कर दिया गया। इन प्रिंसली स्टेट्स का भारत में विलय कराने के उनके योगदान के कारण देशवासी उन्हें लौह पुरुष नाम से संबोधित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता डीके रूसिया ने की। कृषि महाविद्यालय के वार्डन डॉ नीरज कुमार तथा अभियंत्रण महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ उत्तम कुमार ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' का लाइव प्रसारण किया गया।

### संत जेवियर्स कॉलेज में इंटरनेशनल कांफ्रेंस 20 से 22 जनवरी तक

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में इंटरनेशनल कांफ्रेंस 20 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। संत जेवियर कॉलेज रांची में एडवांस इन नॉवेल मैटेरियल्स टुवर्ड्स सफ्टेनेवल फ्यूचर विषय पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। सम्मेलन संत जेवियर्स कॉलेज रांची के भौतिकी विभाग एवं कंडेंस्ड मैटर रिसर्च सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से भौतिकी और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े प्रख्यात शिक्षाविद उपस्थिति होंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य दुनियाभर के वैज्ञानिकों, अनुसंधानकताओं और विद्याविदों को ऐसा मंच प्रदान करना है जहां से कंडेंस्ड मैटर भौतिकी से संबंधित समस्त आयामों में आधुनिकतम अनुसंधान का आदान-प्रदान हो सके।

# भारत एक है और एक रहेगा : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत एक है और एक रहेगा। हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हम एक रहकर मानवता की भावना को पल्लवित और पुष्पित कर सकते हैं। राज्यपाल बुधवार को आठ राज्यों आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और पांच केंद्रशासित प्रदेशों चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं लेकिन सभी एक दूसरे की भाषा और भावना का सम्मान करते हैं। एकता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसका परिचय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय दिया। जब विश्व के विभिन्न देशों को निःशुल्क कोविड टीका प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था नित्य-नया मुकाम हासिल कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में मानवता के प्रति जो धर्म निभाया, उसे विश्व सदियों तक याद रखेगा। आज हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है कि समाज की मुख्य धारा से वंचित लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि लोग अपनी भाषा, संस्कृति के साथ अन्य की भी भाषा, संस्कृति जानने का प्रयास करें एवं उनका आदर और सम्मान करें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस दौरान राज्यपाल ने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की और विभिन्न प्रदेशों के लोगों सम्मानित भी किया।

### असिस्टेंट प्रोफेसर का रिजल्ट जारी नहीं होने पर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल

**रांची।** असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति (हो भाषा) प्रक्रिया का रिजल्ट नहीं जारी किये जाने के खिलाफ एक बार फिर झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। इसी वर्ष मई माह में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को यह आदेश दिया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए लिये गये इंटरव्यू का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी किया जाये। इस आदेश के कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी ने रिजल्ट जारी नहीं किया, जिसके बाद सरस्वती गगराई ने बुधवार को हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया गया था लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया खत्म होने और हाई कोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने का आदेश पारित किये जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। याचिकाकर्ता सरस्वती गगराई की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश रसिक सोरेन हाई कोर्ट में पक्ष रखेंगे।

# श्री श्याम मंदिर में हुआ खाटू नरेश का केसर चंदन श्रृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। शरद पूर्णिमा के दिन ग्रहण होने के करण खाटू नरेश का महास्नान एक्कम के दिन प्रातः किया गया था। उसके बाद से ही बाबा भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे। राजस्थान के सीकर जिला स्थित खाटूधाम में भी आज बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। खाटू धाम के परंपरा के अनुसार ही हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सभी श्रृंगार एवं कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी क्रम में आज बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा मंदिर के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा श्याम को भव्य श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए विशेष गुलाब गेंदा रजनी तुलसी की मोटी मोटी माला मालाओं से खाटूनरेश का श्रृंगार किया गया। गुलाब के रूह से बाबा का मसाज करके पंचमेवा भोग का प्रसाद चढ़ाकर संध्या 4:30 बजे से दर्शन के उपरांत भक्तों के बीच पंचमेवा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार आदि उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा भुगतान की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से हुई मकान क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अंचल क्षेत्र ईटकी एवं नामकुम से कुल 04 प्रभावितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। अंचल अधिकारी, ईटकी के प्रतिवेदनानुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से प्रभावित आवेदक मदीना खातुन एवं अन्य सभी ईटकी, रांची के कच्चा मकान की आंशिक क्षति का आकलन कर 3200 /- रुपए की दर से क्षतिपूर्ति की कुल राशि 3200 3=9600/- (नौ हजार छः सौ



रुपए) कुल 9600/- (नौ हजार छः सौ रुपए) अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। अंचल अधिकारी, नामकुम के प्रतिवेदनानुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से प्रभावित आवेदिका देवी, पति-बहुराण नायक, ग्राम अमुरुगुटु, तेतरी नामकुम, रांची के कच्चा मकान

**रांची के कच्चा मकान की आंशिक क्षति का आकलन कर 3200 /- रुपए की दर से क्षतिपूर्ति की कुल राशि 3200 3=9600/- कुल 9600/- अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है।**

की आंशिक क्षति का आकलन कर कुल 3200 /- रुपए की दर से क्षतिपूर्ति अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। विशिष्ट स्थानीय आपदा (नदी में डूबने) से मृत व्यक्ति के आश्रित को लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा (नदी में डूबने) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी नामकुम के प्रतिवेदनानुसार आवेदिका अनिता टोप्पो, पति स्व० पवन टोप्पो, ग्राम-खिजरी, थाना-नामकुम, जिला-रांची के पति पवन टोप्पो की मृत्यु दिनांक 23.07.2021 को नदी में डूबने के कारण हो गयी थी। मृत व्यक्ति के आश्रित के क्षति का आकलन कर क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 4,00,000/- (चार लाख) रुपए मात्र अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है । विशिष्ट स्थानीय आपदा (नदी में डूबने) से मृत व्यक्ति के आश्रित को लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा (नदी में डूबने) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी नामकुम के प्रतिवेदनानुसार आवेदिका अनिता टोप्पो, पति स्व० पवन टोप्पो, ग्राम-खिजरी, थाना-नामकुम, जिला-रांची के पति पवन टोप्पो की मृत्यु 23.07.2021 को नदी में डूबने के कारण हो गयी थी। मृत व्यक्ति के आश्रित के क्षति का आकलन कर क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 4,00,000/- (चार लाख) रुपए मात्र अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है।

### राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम सात तक

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में एक से सात नवंबर तक कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाना है। बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, एफएलएन, बाल विवाह, हर्ष जोहार, पीओसीएसओ आदि विषयों के बारे में जानकारी दी जायेगी। विद्यालयों द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक की शुरूआत भी एक नवंबर से किया जा चुका है। कक्षा छह से 12 के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन आठ नवंबर से 18 नवंबर तक किया जाएगा। अभिभावक शिक्षक बैठक के बाद सभी जिलों में परिषद द्वारा दिए गए गूगल फॉर्म को भरकर देना अनिवार्य होगा। फॉर्म में दर्ज सवालों के सही और संपूर्ण जवाब देने होंगे।



# करवा चौथ : सुहागिनों ने सुहाग की दीघार्यु के लिए रखा निर्जला व्रत



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों अखंड सुहाग का प्रतीक करवा चौथ का पर्व बुधवार को श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के साथ मनाया गया. इस दौरान सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र व सुहाग की रक्षा के लिए निर्जला व्रत रखा. पूरे दिन निर्जला व्रत कर शाम में सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा की. इस दौरान किसी ने शादी के जोड़े में सज-संवरकर पूजा की तो किसी ने गहरे लाल रंग के परिधान पहनकर चुनरी ओढ़कर पूजा की. इस मौके पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रख कर चौथ माता की कथा सुनी, चांद को देखकर अर्घ्य दिया और छलनी से चांद को देख कर चौथ माता से अपने पति की लंबी आयु की कामना की. देर रात चांद का दीदार कर और पतियों के हाथों से जल ग्रहण करने के बार सुहागिनों ने व्रत तोड़ा. इससे पहले दिनभर भूखी प्यासी रहकर व्रत का संकल्प निभाया.

### कई जगहों पर जुटीं सुहागिन महिलाएं

खासकर नवविवाहिताओं में व्रत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला. व्रत को लेकर युवतियों व महिलाओं ने अपने हाथों में मेंहदी रचाई तथा सोलह श्रृंगार कर दिनभर निर्जल और निराहार रही. शाम को भगवान शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय एवं चन्द्र भगवान की पूजा अर्चनाकर कथा सुनी तथा चंद्रमा की पूजा कर अर्घ्य. इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किया. शहर के काशीडीह स्थित दुर्गा मंदिर, रिफ्यूजी कालोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर व गोलमुरी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में उत्तर प्रदेश व पंजाबी समाज की महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी. वहीं, गरमनाला स्थित आर्य समाज ट्रस्ट के प्रांगण में भी सुहागिन महिलाएं जुटीं, कथा सुनी और पुरोहित के मार्गदर्शन में पूजा की.

## डीएमएफटी फंड में करोड़ों का घोटाला

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में एक बार फिर डीएमएफटी फंड में बडे. घोटाले की गूंज सुनाई देने लगी है. डीएमएफटी फंड से स्वीकृत की गई 100 करोड़ से अधिक की योजना का टेंडर ऑफ लाइन कर मैनेज टेंडर कर दिया गया है. जिला प्रशासन के संरक्षण में कार्यकरी एजेन्सी विषेश प्रमण्डल, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम में खुलेआम टेंडर मैनेज घोटाला को अंजाम दिया गया है. उपायुक्त खामोश हैं. डीडीसी अपनी पुराने कार्यशैली से माननियों को आगे कर खेल को अंजाम दिये हैं. यह आरोप पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने लगाया है. पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि जिला प्रशासन के पदाधिकारी ऑफ लाइन टेंडर करने का दबाव कार्यपालक अभियंता को दे रहे हैं. एनआरईपी को कार्य क्षमता से अधिक योजना जिला प्रशासन द्वारा दी गई है. इसमें सबसे अधिक सीएस के नाम पर कमीशन वसूली की जा रही है. डीडीसी के लोकप्रिय सहायक के भरोसे 100 करोड़ से अधिक की योजनाओं की जिम्मेवारी सौंपी गई है.

## मनोहरपुर के चार आरा मिल को सारंडा डीएफओ ने किया सील



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सारंडा डीएफओ अभिरूप कुमार सिन्हा बुधवार को मनोहरपुर कोयना रेंज के क्षेत्र का दौरा किया. मनोहरपुर कोयना रेंज वन प्रक्षेत्र के पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित सभी लकड़ी आरा मिल का निरीक्षण किया. साथ ही न्यायालय के आदेश पर उन्होंने मनोहरपुर स्थित चार लकड़ी आरा मिल को सील कर दिया. इस दौरान सभी आरा मिल मालिकों को वहां रखे लकड़ियों की खरीद बिक्री नहीं करने का निर्देश दिया है. वहीं मनोहरपुर स्थित जिन चार आरा मिलों को सील किया गया है. उसमें 1. कृष्णा प्रसाद, 2. पीके राय 3. अरविंद कुमार गुप्ता और 4. सुरेश कुमार हरलालका का आरा मिल शामिल है. इस कार्रवाई के दौरान मनोहरपुर कोयना रेंज के रेंजर रामनंदन राम, बीडीओ शक्ति कुंज, एसआई ब्रजेश कुमार, वनरक्षी सनोज कुमार, नंदकिशोर कुमार, डी बनर्जी आदि उपस्थित थे. पश्चिम सिंहभूम चाईबासा सारंडा रेंज के डीएफओ अभिरूप कुमार सिन्हा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सभी आरा मिलों को अगले आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है. वहां रखे लकड़ियों की भी खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गई है.

## गागर में सागर

### गाड़ी फाइनांस के लिए लिया चेक से निकाल लिया तीन लाख

**रांची।** रांची के मधुकम निवासी शिवा देवी से गाड़ी फाइनांस कराने को लिए गए चेक से उनके खाते से तीन लाख रूपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस संबंध में शिवा देवी ने रातू रोड स्थित एक बाइक शोरूम के कर्मी लोकेश कुमार और गौरव सोनी के खिलाफ कोतवाली थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। शिवा देवी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह 14 जुलाई को रातू रोड के एक शोरूम से बाइक खरीदी थी। 60 हजार डाउनपेमेंट के बाद शेष राशि फाइनांस करवायी थी। शोरूम कर्मी लोकेश ने उनसे फाइनांस कराने के एवज में दो चेक लिया था। दो अगस्त को उसी चेक के माध्यम से गौरव सोनी नामक व्यक्ति ने उनके खाते से तीन लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह सीधे शोरूम पहुंची। पहले तो आरोपी लोकेश ने पैसा जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया। बाद में पैसा देने से इंकार कर लिया। मंगलवार को वह कोतवाली थाने पहुंचकर मामला दर्ज करायी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### रिम्स के छात्र का हॉस्टल से टैब समेत अन्य चीजें ले उड़े चोर, केस दर्ज

**रांची।** रिम्स ब्वायज हॉस्टल में रहने वाले छात्र निशांत कुमार के कमरे से टैब समेत अन्य चीजें चोरी हो गयी है। इस संबंध में निशांत ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। निशांत की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह मूलरूप से देवघर का रहने वाला है। वर्तमान में रिम्स ब्वायज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार रात आठ बजे जब अपने हॉस्टल के कमरे में पहुंचा तो देखा कि उनका मोबाइल फोन, टैब और घड़ी समेत अन्य चीजें गायब है। इस दौरान उन्होंने काफी खोजबीन भी की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर वह बरियातू थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

### हेरिटेज अस्पताल प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या की दर्ज हुई प्राथमिकी

**रांची।** रांची के तुपुदाना मिलन चौक स्थित हेरिटेज अस्पताल प्रबंधन पर एक महिला की मौत के मामले में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। नामकुम निवासी अमित कुमार नायक की ओर से तुपुदाना ओपी में दर्ज प्राथमिकी में अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि इलाज में लापरवाही की वजह से उनकी पत्नी शांता कुमारी की मौत हुई है। अमित की ओर से ओपी में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनकी पत्नी शांता कुमारी गर्वभवति थी। जिसे हेरिटेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 27 अक्तूबर की रात ऑपरेशन के जरीए उन्हें एक संतान हुआ। बच्चा और मां दोनों ही ठीक थे। इसके बाद देर रात उनकी पत्नी की तबियत बिगड़ गई। अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई। लेकिन मौजूद चिकित्सक व कर्मियों ने इलाज में लापरवाही बरती। जिसकी वजह से उनकी पत्नी की 28 अक्तूबर भोर में मौत हो गयी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बोकारो में चेन स्नैचर चढ़ा पुलिस के हत्थे, चोरी की बाइक समेत सामान बरामद

**बोकारो।** सिटी पुलिस ने चेन छिनतई के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. साथ ही उसके पास से चोरी की गई सोने की चेन व मोटरसाइकिल भी जब्त किया है. इस संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि 19 सितंबर को सेक्टर 3 ए के आवास संख्या 767 निवासी संतोष कुमार बरनवाल की पत्नी से आरोपी ने सोने के चैन छीन लिया था, इसके बाद पुलिस उसके गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पिंडरा जोरा थाना क्षेत्र के मोहनडीह गांव निवासी शहादत अंसारी है, इसके खिलाफ बोकारो के विभिन्न थानों में कुल पांच मामले दर्ज है.जबकि 7- 8 मामलों मे आरोपी ने संलिप्तता स्वीकार किया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. आरोपी शहादत अंसारी ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया था, जब प्रीति कुमारी खटाल से दूध लेकर वापस लौट रही थी. तभी बीएसएस स्कूल के गेट के सामने बाइक पर सवार दो अपराधियों ने प्रीति कुमारी के गले से सोने का चैन छीन लिया तथा तेज रफ्तार से भागने में कामयाब हुआ. इसके बाद पुलिस मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान कार्य शुरू किया था.

# बिजली के तार से सट जाने से घायल मादा हाथी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** 30 अक्टूबर को बिजली प्रवाहित तार से सट जाने से मादा हाथी घायल हो गई थी. उसकी मंगलवार की रात में मौत हो गई. बुधवार की सुबह मृत मादा हाथी का शव हवाई पट्टी बड़ामारा पंचायत के ज्वालाभांगा गांव के पास खेत में पाया गया. सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची है. जानकारी हो कि विगत मंगलवार को उक्त मादा हाथी को हवाई पट्टी क्षेत्र के जंगलों में देखा गया था. ग्रामीणों ने मादा हाथी को एक तालाब के पास देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी थी. इसके बाद वन विभाग की टीम ने मादा हाथी की काफी तलाश की, लेकिन उसका वह नहीं मिली. उक्त मादा हाथी जख्मी हालत में पिछले पैर से लंगड़ा कर चल रही थी. आज सुबह मादा हाथी के शव को ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी.

### मृत हथिनी की पूजा कर रहे हैं ग्रामीण, विधायक भी पहुंचे

चाकुलिया प्रखंड की बड़ामारा पंचायत के ज्वालभांगा गांव के पास खेत में मृत हथिनी की ग्रामीण पूजा कर रहे हैं. पूजा करने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई है. ग्रामीण हथिनी के माथे पर सिंदूर लगाकर और धूपबत्ती जलाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं. सूचना पाकर स्थानीय विधायक समीर कुमार महंती भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं.वन विभाग हथिनी के शव का पोस्टमार्टम करवाएगा और उसके बाद दफनाएगा. विदित हो कि उक्त हथिनी 30 अक्टूबर की रात बिजली प्रवाहित तार से सट कर जख्मी हो गई थी. जख्मी हालत में ही हवाई पट्टी क्षेत्र के जंगल में घूम रही थी. जानकारी हो कि पिछले 15 दिनों से प्रखंड क्षेत्र में 40 से अधिक जंगली हाथी क्षेत्र में घूम रहे हैं.

## पोस्टमार्टम के बाद हथिनी की लाश को वन विभाग ने दफनाया



**जमशेदपुर।** बिजली के तार की चपेट में आकर जख्मी हथिनी की लाश बुधवार की सुबह चाकुलिया प्रखंड की बड़ामारा पंचायत के ज्वालभांगा गांव के पास खेत में पाई गई थी. इसकी सूचना पाकर वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी घटनास्थल पर पहुंचीं. वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी भी पहुंचे. हथिनी के दोनों दांत को वन विभाग ने कटवा कर सुरक्षित रख लिया. हथिनी की लाश का पोस्टमार्टम बहरागोड़ा के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह और चाकुलिया के प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार महंता ने किया.

# जमशेदपुर : परसुडीह में युवक की हत्या मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार, गए जेल




**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत गदड़ा में आशु केवट (22) नामक युवक की चाकू मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपियों में गदड़ा बिहारी टोला का रहने वाला सूरज जायसवाल और उसका भाई शुभम जायसवाल शामिल है. मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि मामूली विवाद में दोनों भाइयों ने मिलकर आशु केवट की हत्या कर दी थी. वहीं, उसके साथी भोला पूर्ति उर्फ नायडू पर भी चाकू से हमला किया था. घटना के बाद दोनों फरार हो गए थे. बाद में छापामारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया.

### क्या था पूरा मामला

मामले का खुलासा करते सिटी एसपी सिटी एसपी ने बताया कि 30 अक्टूबर की रात सूरज जायसवाल बाहर से घर लौट रहा था. तभी उसने देखा कि आशु केवट और भोला पूर्ति ट्रांसफार्मर से बिजली का फेज चेंज कर रहे है. यह देख सूरज ने उन्हें लाइन कटने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी. इसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया. इतने में सूरज का छोटा भाई शुभम वहां चाकू लेकर पहुंचा और दोनों ने मिलकर आशु केवट की छाती पर चाकू से हमला कर दिया. बीच बचाव करने आये भोला पर भी चाकू से वार किया गया, जिससे दोनों जख्मी हो गए. घटना के बाद दोनों घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया. जहां से टीएमएच रेफर कर दिया गया. वहां से आशु को रिम्स भेज दिया गया, जहां इलाज के क्रम में 31 अक्टूबर की सुबह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. छापामारी दल में थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा, एसआई रविन्द्र सिंह, अरुण कुमार महतो समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे.

## स्थापना दिवस पर 103 कर्मचारियों को सौंपा पदोन्नति पत्र

**बोकारो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया का झंडोतोलन किया और सभी कर्मियों को बधाई दी. इसके बाद 103 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र भी सौंपा गया. मौके पर उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम विश्व की सबसे बड़ी कोयला कंपनी के कर्मचारी हैं, जो निर्बाध गति से कोयला आपूर्ति कर देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है. हमारे खनिकों ने कोविड जैसी विषम परिस्थिति में भी देश को ऊर्जा मुहैया कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. लगातार कोयला कर्मी इसी तरह लगन निष्ठा के साथ काम करेंगे और कोल इंडिया जो मिनिरत्न कंपनी है उसे बरकरार रखेंगे. स्थापना दिवस पर महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष (कार्मिक) जयंत कुमार, उप प्रबंधक (सी एस आर) चंदन कुमार, क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य इकबाल अहमद, अनूप स्वाइं, पीके जायसवाल, प्रदीप कुमार आदि ने किया.

## सप्लाई मजदूरों को खदान में जाने से रोका तो गेट पर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के लोडिंग, क्रसिंग प्लांट आदि विभागों में शांति कंस्ट्रक्शन नामक ठेका कंपनी के अधीन काम करने वाले 36 सप्लाई मजदूरों ने खदान गेट के बाहर धरना दे दिया है. मजदूरों के गेटपास की समय सीमा खत्म होने के बाद सीआईएसएफ ने खदान के अंदर उन्हें नहीं जाने दिया. इससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक समस्या उत्पन्न होगी. सप्लाई मजदूरों ने बताया कि वे शांति कंस्ट्रक्शन के अधीन काम करते हैं. पिछले तीन माह से ठेका कंपनी हमारा स्थायी गेट पास नहीं बनवा कर 7 से 15 दिन का अस्थायी गेट पास बनवा कर दे रही है. इससे वे कार्य स्थल पर ड्यूटी करते थे. 30 अक्टूबर को गेटपास की समय सीमा समाप्त हो गयी है. किसी तरह 31 अक्टूबर को सीआईएसएफ ने कार्य स्थल पर जाने दिया, लेकिन एक नवम्बर से बिना गेटपास के सीआईएसएफ ने जाने से रोक दिया. सीआईएसएफ का कहना है कि अगर खदान के अंदर कोई दुर्घटना हो गयी तो उसके लिये जिम्मेदार कौन होगा. बिना गेटपास के आपको दुर्घटना के बाद कोई लाभ भी नहीं मिल पायेगा. मजदूरों ने कहा कि हमारा गेटपास जल्द बनाया जाये, ताकि हम अपने काम पर लौट सकें.

### ठेकेदार ने सीजीएम के समक्ष रखी समस्या

इस मामले में शांति कंस्ट्रक्शंस के मालिक संत प्रसाद तिवारी ने कहा कि 31 अक्टूबर की शाम सीजीएम व सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ ठेकेदारों ने बैठक कर गेटपास संबंधी समस्या को रखा. हमने अपने मजदूरों का गेटपास बनाने के लिये भी दिया, लेकिन नहीं बनाया गया. आज जब मजदूर काम पर जा रहे थे तो उन्हें सीआईएसएफ ने खदान गेट के अंदर जाने नहीं दिया. इस मामले को लेकर आज पुनः सीआईएसएफ के उप कमांडेंट व प्रबंधन से इस मामले को लेकर बात करेंगे.

**स्वागत** — झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के चौथे संस्करण का उद्घाटन

# जमशेदपुर में फिल्म वेस्ट का शानदार आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के चौथे संस्करण का उद्घाटन बुधवार को करीम सिटी कॉलेज में मुख्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कर किया गया. इससे पूर्व करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. रियाज ने पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर अतिथि के तौर पर पूर्वी घोष, शालिनी प्रसाद, सीता सिंह, बीपेंद्र सिन्हा, मिथिलेश कुमार मौजूद थे. प्राचार्य ने कहा कि झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के चौथे संस्करण का आयोजन लौहनगरी जमशेदपुर में होना बड़ी बात है. यह महोत्सव फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों के लिए कुछ नया जाननेझसिखने का अवसर लेकर आया है. साथ ही लोगों को अपने नए आइडिया एवं क्रिएटिविटी को लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक मंच देता है.



### देश-विदेश की फिल्में देखने का मौका

वहीं, करीम सिटी मॉस कम्युनिकेशन विभाग की प्रमुख डॉ. नेहा तिवारी ने कहा कि झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में देशझविदेश की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा. फिल्म निर्माण से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी. करीम सिटी कॉलेज में फिल्म निर्माण विषय पढ़ाए जाते हैं. कॉलोज के विद्यार्थियों के लिए अपनी कला दिखाने का एक अवसर है. यह महोत्सव 7 नवंबर तक चलेगा.

### प्राइज नाइट में लिजेंड्री एक्ट्रेस मंदाकिनी आएंगी

आयोजक संजय उदय सत्पथी ने कहा कि झारखंड फिल्म महोत्सव के प्राइज नाइट में मुख्य अतिथि के तौर पर सिने जगत की मशहूर अभिनेत्री मंदाकिनी, सम्मानित अतिथि झारखंड के पद्मश्री मुकुंद नायक उपस्थित रहेंगे. अवार्ड नाइट समारोह का आयोजन एक्सएलआरआइ सभागार में किया जाएगा. जिसमें झॉलीवुड के कलाकार शामिल होंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने मे भूमिका कुमारी, दिव्यांशी कुमारी, जिया सिंह, ज्योति कुमारी, रितिका, पूजा, फिरदौस, अभिषेक सारंगी, मनमोहन मिश्रा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# धनबाद बंद के बाद पुलिस हुई रेस, एक अपराधी






**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में अपराधियों के बढ़ते मंसूबे और पुलिस प्रशासन की नाकामयाबी से परेशान धनबाद के व्यापारियों के अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के बाद न सिर्फ बुधवार को जिले की सभी प्रतिष्ठान बंद रही, बल्कि पुलिस भी अब अपराधियों को खाखी का दम दिखाने में जुट गई है। दरअसल छापेमारी करने गई पुलिस का रिवाल्वर छीन कर भागने का प्रयास कर रहे एक अपराधी को पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना में बरोरा थाना प्रभारी भी आंशिक रूप से घायल हो गए हैं। अपराधी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात धनबाद पुलिस एक सूचना के आधार पर कार सेंटर के मालिक दीपक अग्रवाल को गोलीमार कर घायल करने वाले अपराधी छोटू अंसारी को गिरफ्तार करने केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर हाजरा बस्ती पहुंची थी। जानकारी के अनुसार छोटू अंसारी पुलिस की स्पेशल टीम से बचने के लिए उसने पुलिस का रिवाल्वर छीनकर वहां से भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने उक्त अपराधी के पांव में गोली मार दी। घटना में स्पेशल टीम में शामिल बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल भी आंशिक रूप से घायल हुए है। पुलिस की गोली से घायल अपराधी छोटू अंसारी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती किया गया है, जहां पुलिस का भारी इंतजाम किया गया है। उल्लेखनीय है कि व्यवसायी दीपक अग्रवाल को अपराधियों द्वारा गोलीमार कर घायल किए जाने के बाद धनबाद के तमाम व्यवसायियों ने बुधवार से अनिश्चित कालीन के लिए बंद का आह्वान किया है। जिससे आज सुबह से ही पूरे धनबाद जिला में सभी दुकाने बंद है। वहीं पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## गागर में सागर

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोला इकाई की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोला इकाई द्वारा रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड के साडम पंचायत मध्य विद्यालय के प्रागंण में रितुलाल महतो की अध्यक्षता एवं रितेश महतो के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेबीकेएसएस पंचायत कमिटी विस्तार एवं टाइगर जयराम महतो के विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया। मौके पर गठित साडम पंचायत कमिटी में अध्यक्ष रीतू लाल महतो, उपाध्यक्ष खगेश महतो ,सचिव रितेश कुमार, उप सचिव उदिल महतो,कोषाध्यक्ष अरुण कुमार,मीडिया प्रभारी रितेश कुमार को मनोनीत किया गया। वहीं, कार्यकारणी में रितुलाल महतो, उपेन्द्र महतो, सोनू महतो, प्रकाश कुमार, शेखर महतो, मनोज भोगता, सलेंद्र महतो, जोगेन्द्र महतो, मुंशी महतो, गोविन्द महतो, उपेन्द्र महतो, गेंदिया देवी, पार्वती देवी को सर्वसम्मति से शामिल किया गया । मौके पर जिला कोर कमिटी के सदस्य पवन कुमार, पांडव महतो, शैल देवी, जूही देवी प्रखंड कोर कमिटी सदस्य किशोर कुमार, देवेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, रवि कुमार ठाकुर, सुजीत कुमार, दीपक कुमार, कुलदीप महतो, अर्जुन महतो, पंकज कुमार महतो, लक्ष्मी कुमारी, हीरालाल महतो, दीपक महतो आदि उपस्थित थे ।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक के निकट 1 नवम्बर को बाइक और ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई । दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को नईसराय की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर की बाइक संख्या जेएच 24 डी 8668 से जोरदार टक्कर हो गई । जिसमें सौदागर मोहल्ला निवासी रियाज खान पिता ताजुद्दीन खान सौदागर उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई । मृतक रियाज कुजू में नेहा एक्सरे दुकान चलता था । वहीं पर वह बाइक से जा रहा था । उसी क्रम में थाना चौक के निकट ट्रैक्टर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई । जिसमें रियाज खान की मौत हो गई । दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया । वहीं, मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ।

### मुखिया ने किया बीज का वितरण



**बरही ।** बुधवार को मलकोको पंचायत भवन में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वितरण कार्यक्रम मुखिया विजय कुमार यादव की उपस्थिति में आयोजित की गई. जिसमे मुखिया ने पंचायत के कुल 120 अनुसूचित जाति के किसानो के बीच सरसों, चना और मंसूरी का बीज वितरित किया. जानकारी देते हुए मुखिया ने बताया कि यह बीज भारतीय कृषि बीज अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा की ओर से उपलब्ध कराया गया था. जिसके तहत प्रत्येक किसान को 10 किग्रा गेहूं तथा एक-एक किग्रा चना और मसूरी दाल के बीज दिए गए है. उन्होंने बताया कि यह एक उन्नत प्रकार का बीज है. जिससे किसान कम लागत में अच्छा पैदावार ले सकते हैं. वितरण कार्यक्रम में कृषक मित्र सुरेंद्र पासवान सहित मलकोको गांव के सभी लाभुक किसान मौजूद थे.

### जेएसएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप



**हजारीबाग।** जिले में आज 1 नवंबर को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला. इसको लेकर गांधी मैदान में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे हुए थे. झारखंड सरकार और जेएसएससी के रवैया पर नाराजगी जताई गई. बता दें कि पिछले दिन जेएसएससी द्वारा नगर पालिका के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए परीक्षा करवाई गई थी. लेकिन इस परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों का आरोप है कि एग्जाम के पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक हो चुका था. साथ ही साथ विभिन्न पदों के लिए निकाली गई नियुक्तियों को सेटिंगझ्रगेटिंग करके मोटे रकम पर बेच दिया गया है. जिसको लेकर अभ्यर्थियों ने आज प्रदर्शन किया.

## रामगढ़ में माता वैष्णों देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन

# 251 सुहागिनों ने की अखंड सुहाग की कामना

### मां गौरी की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। हाथों में मेहंदी व पांवों में महावर रचाए रामगढ़ की सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर 1 नवम्बर को अपने पति की दीघार्यु व अच्छे जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। स्थानीय झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में बुधवार की संध्या समय व्रत रखने वाली रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्र की 251 सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया था। कथा में पंजाबी समुदाय के अलावे अन्य समाज की सुहागिन महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और मां करवा की पूजा अर्चना कर कथा सुनी। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनाई। हाथों में पूजा की थाली लिए पहुंची सुहागिन महिलाओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर आई सुहागिन महिलाओं ने पूजा के बाद पंजाबी हिन्दू बिरादरी के बुजुर्ग पदाधिकारियों व सदस्यों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं बिरादरी ने सभी व्रती महिलाओं और कथा सुनने आई अन्य महिलाओं को माता वैष्णों देवी के आशीर्वाद के रूप में एक-एक चुनरी भेंट दी गई। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार करवा चौथ सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है। इस व्रत में महिलाएं प्रातःकाल सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर दिन भर निर्जला उपवास करती हैं। संध्या समय मां करवा की कथा सुनती हैं और चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य देने के बाद अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत पारण करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी मनपसंद वर एवं घर की कामना लिए यह व्रत रखती हैं और मां गौरी की पूजा अर्चना करती हैं। करवा चौथ के व्रत को अन्य व्रतों से कठिन समझा जाता है। स्त्रियां इस व्रत की तैयारी काफी दिनों पूर्व से ही शुरू कर देती हैं, क्योंकि इस व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं दुल्हन की तरह सजती-संवरती हैं।

## पिकअप वाहन पलटा, एक की मौत, दर्जन भर घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत आरा-नयामोड़ हिरक मार्ग मुरपा तालाब के निकट बुधवार को यात्रियों से भरे सवारी पिकअप वाहन का टायर फटने से असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें करीब एक दर्जन अधिक यात्री घायल हो गये। घटना में एक यात्री की मौत इलाज के दौरान हो गयी । जबकि घायलों का इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि पिकअप सवारी वाहन संख्या जेएच02एटी-7285 चतरोचट्टी से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी बीच मुरपा तालाब के पास पहुंचते ही वाहन का पिछला टायर फट गया। जिससे वाहन असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। जिसमें ग्राम तुसको थाना चतरो चट्टी निवासी दिनेश करमाली (27 वर्ष), वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुटबेड़ा निवासी विमला देवी (65 वर्ष), पूनम देवी (30), अंकुल कुमार (5),सिमराबेड़ा निवासी संजू सोरेन (19),महेश सोरेन (28), झूमरा कतवारी निवासी राहुल महतो(18) सहित नमिता देवी, अंजलि कुमारी, रंजीत सोरेन, सोनाली देवी, राजेश सोरेन शामिल है। वहीं, इलाज के दौरान दिनेश करमाली की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं सभी घायलों को कुजू ओपी के सअनि सुधीर ठाकुर व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतन को लेकर पंचायतवार विशेष शिविर शुरू

**बरही ।** मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतन को लेकर बीडीओ सी आर इंदवार ने आज से पंचायत वार दो दिवसीय विशेष शिविर लगाने का निर्देश जारी किया है. यह निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग के निदेर्शानुसार जारी किया गया है. निदेर्शानुसार बुधवार को रसोइया धमना, बरही पूर्वी, करसो, खोड़ाहर, केदारूत, बसरिया उर्फ पंचमाधव, धनवार, करियातपुर, रानीचुआ और कोल्हुआकला पंचायत भवन में शिविर लगाए गए. गुरुवार को बेंदगी, बरही पश्चिमी, गौरियाकरमा, बरसोत, मलकोको, विजैया, डपोक, कोनरा और भंडारो पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जायेगा. इसके लिए सभी पंचायत सचिव सहित ग्राम प्रधान को विशेष प्रचार प्रसार के निर्देश दिए जा चुके है. जानकारी के अनुसार रसोईया धमना पंचायत में 46, धनवार पंचायत में 15, करियातपुर पंचायत में 120 और बरही पूर्वी पंचायत ने मात्र एक आवेदन प्राप्त होने की सूचना मिली है.

## कपका बाजार मैदान में जन संबोधन कार्यक्रम आयोजित

# झारखंडी हक और अधिकारों की लड़ाई में साथ दें : जयराम महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति हजारीबाग जिला के तत्वाधान में 60/40 नाय चलतो को लेकर बदलाव संकल्प महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने कपका बाजार मैदान बरकट्ठा में निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से अपना संबोधन शुरू किया। बावजूद इसके उन्हें सुनने के लिए लोगों का हजुम आयोजन स्थल पर डटा रहा। कार्यक्रम को लेकर लगभग 1:30बजे गोरहर चौक से ढोल बजा के साथ रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है। जिस दिन वह चाह ले उसी दिन सत्ता पलट सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले पूरे झारखंड राज्य में बदलाव का विगुल फूका जा चुका है। कहा कि झारखंडी हक और अधिकारों की लड़ाई में हमारा साथ दें। झारखंड में स्थानीय नियोजन, पुनर्वास ,ओबीसी आरक्षण समेत कई अहम मुद्दे हैं। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार कर नीति बनानी चाहिए। यह आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा जब तक सरकार विधेयक को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप नहीं बनाती है। उन्होंने राज्य एवं केंद्र की वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उनकी नीतियों को गलत बताया। कहा कि व्यक्तिगत रूप से उनसे हमारी कोई दुश्मनी नहीं है लेकिन मैं उनकी नीतियों का विरोध करता रहूंगा। कहा कि इस सरकार में झारखंड के मूल वसियों को हर प्रकार की नौकरियों से वंचित रखा जा रहा है जिसका खामियाजा यहां की जनता भुगत रही है।2024 में यहां की जनता अपने मत के माध्यम से जवाब देगी। कहा कि केटीपीएस से बिजली उत्पादन के बावजूद कोडरमा को बेहतर बिजली नहीं मिल पा रही है।तिलैया डैम से पूरे जिले को पानी नहीं मिल पा रही है।

## बीडीओ-सीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण, सफाई का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** छठ महापर्व को लेकर छठ बीडीओ सी आर इंदवार और सीओ रामनारायण खलखो ने बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट का निरीक्षण किया. इस दौरान स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर, सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे. दोनो पदाधिकारियों के नदी घाट की सफाई और नदी के अतिक्रमण से संबंधित स्थानीय लोगो से जानकारी लिया. उपस्थित लोगो ने महापर्व छठ के दौरान छठव्रतीयो को होने वाले परेशानियों से अवगत कराया. पंसस ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सभी मलवा नदी में फेंक दिया. जिससे नदी पूरी तरह अतिक्रमित हो गई है. जिससे नदी में पानी भी कम रहते है. जिससे स्थानीय किसानो को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है. उन्होंने उक्त मलवे यथाशीघ्र हटावते हुए नदी को अतिक्रमणमुक्त करवाने की मांग किया. दोनो पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओ के गंभीरता से सुनते हुए सड़क निर्माण कर रही कंपनी रामकी से इस संबंध में बात कर मलवा हटवाने को दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया. ग्रामीणों ने नदी को दिवाली के पूर्व सफाई करवाने का आग्रह किया. जिसे दोनों अधिकारियो ने हर संभव प्रयास करने की बात कही. इस दौरान कैलाशपति सिंह, रमेश ठाकुर (बरही डीह), अशोक सिंह, राजवंशी सिंह, पिंटू ठाकुर, संजय साव, टिंकू आलम, विजय सिंह छठ समिति के सदस्य आदि सहित स्थानीय लोग मौजूद थे.

### भैया अभिमन्यु अध्यक्ष और विवेक बने चित्रगुप्त पूजा के महासचिव

**हजारीबाग।** हजारीबाग बड़ा अखाड़ा चौक स्थित स्वर्गीय नवल किशोर के आवास में बुधवार को बिहारी दुर्गा मंडप चित्रगुप्त पूजा महासमिति की बैठक हुई. प्रोफेसर अरविंद सहाय की अध्यक्षता में की गई बैठक में चित्रगुप्त पूजा महासमिति के पिछले साल के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया. साथ ही इस वर्ष पूजा को लेकर सर्वसम्मति से भैया अभिमन्यु प्रसाद को अध्यक्ष और विवेक बरियर को महासचिव चुना गया. मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि हजारीबाग बिहारी दुर्गा मंडप चित्रगुप्त पूजा महासमिति का इतिहास पिछले 100 वर्षों से भी पुराना रहा है. इसका निर्वहन कायस्थ समाज के लोग बेहतर तरीके से कर रहे हैं. महासचिव ने कहा कि भव्य तरीके से पूजा के आयोजन का प्रयास होगा. इस बैठक में मुख्य रूप से सुमन कुमार सिन्हा, विभूति सिन्हा, असीम कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे.

### डीसी ने अंतः राज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने बुधवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वाधान में 1 से 5 नवम्बर तक चलने वाले पांच दिवसीय अंतः राज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु मास (टअरर) प्रशिक्षण संस्थान अनगड़ा रांची के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मौजूद परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के चयनित कुल 25 प्रशिक्षणार्थियों को ₹उच्च मूल्य वाले फसलों₹ की उन्नत एवं वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर प्रभारी उप परियोजना निदेशक आत्मा दिनेश कुमार रजवार सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उपस्थित थे।

## समस्या

## अदाणी फाउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

# शिविर में 41 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य शिविर में कुल 41 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसके तहत महुगाई कला स्थित शिव मंदिर के पास मंगलवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर 21 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इस दौरान हजारीबाग के नेत्र रोग विशेषज्ञ सौरभ बोस ने सभी 12 महिलाओं और 9 पुरुषों के आंखों की जांच की। जांच के क्रम में सभी के आंखों की रौशनी कमजोर पायी गयी, जिसके बाद इन्हें डॉक्टर ने उचित नंबर का चश्मा लगाने की आवश्यकता बताई। अगले कुछ दिनों में इन सभी को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। इससे पहले अदाणी फॉउंडेशन विभिन्न स्थानों पर चार नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुका है। इन शिविरों में कमजोर आंख वालों को चश्मे भी वितरित किये जा चुके हैं। इधर, नेत्र जांच शिविर के अलावा प्रखंड के शिवाडीह गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने मंगलवार को कुल 20 मरीजों का इलाज किया। गांव में लगाए गए चिकित्सा शिविर में हजारीबाग के डॉक्टर बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने अधिकतर लोगों में वायरल सर्दी, बुखार, बदन दर्द और कमजोरी की समस्या देखी। डॉक्टर ने सभी मरीजों को आवश्यक निःशुल्क दवाईयां और उचित परहेज की सलाह दी। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों में लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। पिछले दिनों 20 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी के गोद लिए गए 70 मरीजों के बीच पांचवें चरण का पोषण आहार वितरित किया गया था। उससे पहले अक्टूबर महीने के शुरूआती दिनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के दस गांव में आयोजित चिकित्सा शिविर में 314 ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया था। स्वास्थ्य के अलावा खेल के क्षेत्र में भी अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले महीने बड़कागांव में फुटबॉल टूनामेंट आयोजित किया था, जिसमें 176 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहीं, खिलाड़ियों के बीच स्पोर्ट्स किट भी वितरित किये गए थे।

## एक्सटेंशन रिफार्म्स के तहत अंतर जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप परियोजना निदेशक आत्मा दिनेश कुमार रजवार की अध्यक्षता में मांडू प्रखंड स्थित बुमरी पंचायत भवन में एक्सटेंशन रिफोर्म्स (कृषिन्नोति योजना) के तहत अन्तर जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उप परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा सभी किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद कृषि विशेषज्ञ मनोज कुमार द्वारा किसानों को अरहर में रोग व किट प्रबंधन तथा सुक्ष्म सिंचाई के महत्व एवं उसके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उदय भूषण मेहता द्वारा किसानों को मुर्गियों व बकरियों के रोग, उपचार एवं टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक गजानंद सिंह ने उपस्थित सभी को केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित कृषि एवं संबंद्ध विभागों की योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपस्थित किसानों को दी। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन ) योजना अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने अथवा पोषकता बनाए रखने के लिए एवं समेकित नाशी जीव प्रबंधन, नाशी जीवों के नियंत्रण हेतु आई. एन. एम. /आई. पी. एम. का लाभ लेने के लिए उपस्थित किसानों के बीच आवेदन -प्रपत्र का वितरण किया गया।

# शहर में अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर







**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीओ महेंद्र उरांव के नेतृत्व में बुधवार को सिमडेगा शहर में वृहत स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीपीओ डेविड ए ढोढराय, डीटीओ ओमप्रकाश यादव,सीओ इम्तियाज अहमद,नगर परिषद प्रसाशक सुमित कुमार महतो,एवं मजिस्ट्रेट और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकि किसी प्रकार के हंगामे और विरोध की गुंजाइश ना रहे। हालांकि शुरूआत में अभियान शांतिपूर्वक चल ही रहा था बाद में बस स्टैंड टैक्सी स्टैंड में पोकलेन लगाकर झोपड़ियों एवं दुकानों को उखाड़ फेकवाया।कि प्रशासन द्वारा वृहद पैमाने पर अपने दुकानों के आगे बनाए गए सब दुकान सहित सभी चीजों को पूरी तरह से तोड़ते हुए तहस-नस कर दिया और कई सामानों को जप्त करते हुए नगर परिषद अपने साथ ले गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि एक दिन पूर्व लोगों को चेतावनी देने का बावजूद लोग हठधर्मिता अपनाते हैं । जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई ।उन्होंने कहा कि लगातार बार-बार चेतावनी के बावजूद लोग सड़कों पर दुकान लगा रहे हैं, इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। और आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं इसके बावजूद लोग लापरवाही करद रहे हैं। इधर सिमडेगा बस स्टैंड टैक्सी स्टैंड का पूरा एरिया प्रशासन द्वारा जेसीबी से तुड़वाकर अतिक्रमण मुक्त करवाया। इधर अतिक्रमण हटा अभियान चलाने के बाद शहर की फिजा बदली बदली नजर आई ।बस स्टैंड के आसपास लगने वाली दुकानदार सभी की दुकान में पूरी तरह से हट गई, जिसके बाद सड़क पूरी तरह से साफ दिखने लगा। वही अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बाकी जगहों पर भी जहां सरकारी भूमि में अतिक्रमण किया गया है उसे समय रहते हटा ले अन्यथा उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लगातार जिले में अभी वर्तमान समय में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगी।

## गागर में सागर

### शंख घाट छठ सेवा संस्थान के सदस्यों ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**सिमडेगा।** जिले में छठ पूजा को लेकर अब उत्साह दिखाने लगा है। सिमडेगा के पवित्र गरजा शँख नदी स्थित संगम तट पर शंख घाट छठ सेवा संस्थान के सदस्यों के द्वारा बुधवार की सुबह स्थान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बारीकियां से जानकारी हासिल की। निरीक्षण में पाया गया कि पहाड़ टोली से मिशन तक सड़क की स्थिति जर्जर है तथा घाट पहुंच पथ पर पीसीसी सड़क पर बालू और मिट्टी का जमाव काफी हो गया है। कारण यह है की मुख्य घाट से ही हर दिन काफी संख्या में ट्रैक्टर द्वारा बालू की धुलाई होती रहती है। घाट की भी स्थिति खराब है। इसका भी मरम्मत करना बहुत जरूरी है। मौके पर शंख छठ घाट सेवा संस्थान के मुख्य रूप से विष्णु प्रसाद, फनी भूषण साहा, प्रदीप केसरी, चंदन लाल दुर्गा प्रसाद गुप्ता, समीर साहा, दीपक रिंकु,विनोद अग्रवाल श्रीलाल शाह ,राजेश सिंह, कृष्ण शर्मा, बसंत शर्मा ,राकेश सिंह रवि वर्मा ,राजदीप प्रसाद, शशि साह उपस्थित थे।ईधर उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ महेंद्र उरांव के द्वारा शंख नदी छठ घाट का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली।

### रामरेखा बाबा ने किया पाकटांड प्रखंड के सिकरियाटांड मंदिर में बैठक

**पाकरटांड।** प्रखंड के सिकरियाटांड स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रामरेखा धाम के महंत श्री अखंडदासजी महाराज के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत बैठक की ।सर्वप्रथम महिलाओं ने गुरुवंदन किया ।जिसके बाद सभी ने बारी बारी से सभी ने रामरेखा बाबा से आशीर्वाद लिया। मौके पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव,प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे ।मौके पर रामरेखा बाबा ने कहा ईश्वर ने मानव तन दूसरों की सेवा करने के लिए दिया है इसलिए परोपकार में समय व्यक्त करें। शाकाहारी बनाएं एवं अपने जीवन को सामाजिक कार्यों में व्यक्तित्व करें जिस प्रकार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने एक आदर्श पुत्र आदर्श पति और आदर्श राजा का कर्तव्य निभाया था, उसी प्रकार हमें उनके बताएं मार्ग पर चलकर अपने क्षेत्र में धर्मांतरण या फिर क्षेत्र में फैली कुरीतियों को पूरी तरह से नष्ट करने की आवश्यकता है। जिस प्रकार सरना सनातन पर हमला हो रहा है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसलिए हमें सजग रहते हुए अपने सरना सनातन धर्म को बचाना। अयोध्या में बनने वाले भगवान श्री राम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बारे में भी जानकारी दी गई और अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की बात कही गई।

## जूनियर कैंब्रिज स्कूल ने मनाई 49वीं वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा की बुधवार को 49 वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ छात्रवृत्ति वितरित करते हुए मनाया गया।बताया गया कि सफलतापूर्वक विद्यालय के निदेशक शीतल प्रसाद एवं प्राचार्य प्रभा केरकेट्टा जी के निर्देशन में 49 वर्ष में प्रवेश किया। इस समारोह के मुख्य अतिथिके रूप पुलिस अधीक्षक सौरभ और विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप यज्ञ एवं सुंदरकांड पाठ करते हुए किया गया। विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता ने विद्यालय के कार्यक्रमों को देखकर कहा कि बच्चों का




उत्कृष्ट प्रदर्शन शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है और विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इसके साथ सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने कहा कि बच्चों के द्वारा प्रदर्शित सभी कार्यक्रम एक विशेष संदेश देता है, जिसमें बच्चों के प्रतिभा और रचनात्मकता की झलक दिखती है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकों और बच्चों को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ उन्होंने हिंदुस्तान ओलिंपियाड 2023 के पांच जिला टॉपर को प्रशस्ति पत्र और चेक देकर उनके अभिभवकों को सम्मानित किया। मौके पर बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन किया गया जिसमें क्लास नर्सरी और एलजी के बच्चे शामिल हुए हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लता कुजूर, अंजू रंजन, सुमैया परवीन, छोटेलाल लोहार, नीलम कंडूलना, अनिमा सोरेन और रिजवाना खातून जी का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन मुनुरेन कल्लू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शैक्षणिक समन्वयक राहुल कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा जन गण मन के साथ की गई।

## कोलेबिरा सेंटर में उधमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोलेबिरा।** आजीविका ग्लोबल स्किल प्राइवेट लिमिटेड के कोलेबिरा सेंटर में एक दिवसीय उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 123 प्रतिभागियों ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में उन्हें एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न स्किमो, राज्य सरकार एवं अन्य मंत्रालयों की एमएसएमई से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नीतू सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय रांची, निरंजन स्वांसी असिस्टेंट मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया कोलेबिरा, संदीप मेहता स्टेट हेड,आजीविका ग्लोबल स्किल प्राइवेट लिमिटेड, आशीष कोंगारी जिला उद्यमी समन्वयक सिमडेगा, रीतू रानी ,प्रखंड उद्यमी समन्वयक कोलेबीरा, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड , प्रभु कश्यप ,सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा डीसी की अध्यक्षता में जिला अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला अस्पताल प्रबन्धन समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक के दौरान जिले के मरीजों को अस्पताल में बेहतर सुविधाएं मिल सके इस हेतु कई उपकरणों के क्रय से संबंधित चर्चा की गया ।उन्होंने अस्पताल के लिए सेमी-ऑटो एनालाइजर, ईसीजी मशीन, हीमोग्लोबिन मीटर, मोर्चरी फ्रीजर अधिष्ठापन करने, नए वॉटर फिल्टर अधिष्ठापन करने, एंबुलेंस की मरम्मत कराने, कुपोषण उपचार केंद्र का काउंटर बनाने एवं अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया ।उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि सदर अस्पताल में



मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करें ताकि जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले, साथ ही अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कार्य करने की बात कहीं ।अस्पताल प्रबंधन समिति द्वारा एंबुलेंस शेड निर्माण करने, कार पार्किंग की सुविधा, नाली की मरम्मती करने एवं भवन से संबंधित अन्य सामग्री की क्रय व अधिष्ठापन करने हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया था जिस पर उपायुक्त महोदय ने सभी कार्यों को तत्काल शुरू करने का निर्देश दिया ।बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो सहित अन्य अस्पताल प्रबंधन समिति सदस्य गण उपस्थित थे।

## छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकारः अजय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा भाजयुमो द्वारा महावीर चौक पर जेएसएससी परीक्षा में धांधली व पेपर लीक को लेकर हेमंत सरकार का पुतला दहन किया गया ।एवं जमकर नारेबाजी की गई ।पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार, जिस तरह से सरकार घोटाले पर घोटाले किए जा रहे हैं, इससे साबित होता है कि इस सरकार को राज्य की जनता की चिंता नहीं करके सिर्फ अपने और अपने परिवार का चिंता है। यहां तक की यह सरकार राज्य के विद्यार्थियों को भी नहीं छोड़ा । जेएसएससी परीक्षा में हुई धांधली व पेपर लीक से यही पता चलता है कि यह सरकार हमारे नई पीढ़ी को क्या सौगात देगी ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी हो गया है। भाजयुमो के प्रदेश विशेष



आमंत्रित सदस्य नीरज बड़ाईक ने कहा कि ये सरकार निकम्मी सरकार है यह सिर्फ और सिर्फ प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रही है ।मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री विद्या बड़ाईक ,अनिरुद्ध सिंह, नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, संजय शर्मा ,सुभाष महतो, करण सिंह ,उत्तम केरकेट्टा ,सागर महतो ,अमरजीत सिंह, विक्की राम ,वंशराज सूरज, रामप्रसाद राम ,राकेश रविकांत, मनीष कुजूर, कंचन रानी एक्का ,अजीत कुमार गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, सोमालाल बेसरा तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## समस्या

### झारखंड नव निर्माण दल-जिला समिति की बैठक

## महंगाई-बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त : विजय




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल, सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुधवार को जिला सचिव शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक का मुख्य उद्देश्य 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष होनेवाली जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर हुई।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के शासन में सर्वाधिक भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी से देश की आम जनता त्रस्त है और यशस्वी प्रधानमंत्री जुमलेबाजी करने में व्यस्त हैं। श्री सिंह ने भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर रोक तथा स्थानीय व नियोजन नीति अविलंब बनाने, महिला मंडल की मांगे, किसानों व मजदूर तथा ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित सभा में सैकड़ो की संख्या में सिमडेगा जिला से चलने की अपील भी की है। बैठक में सिमडेगा शहर में आज अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे-छोटे दुकान लगाकर अपना रोजी-रोटी चलने वाले गरीबों को हटाने के मसले पर निंदा प्रस्ताव पारित की गई तथा दुकानदारों को हटाने से पहले दुकान लगाने की व्यवस्था देने की सरकार से मांग की गई है वही 7 नवंबर 2023 को रांची जाने की पुख्ता तैयारी करने तथा सिमडेगा में झारखंड नवनिर्माण दल का विस्तार करते हुए दल को हर स्तर पर मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में शिवचंद मांझी, दुर्गा साहू, नायमन कंडुलना, सुनील समद, आसियान समद, मनोज केरकेट्टा, बेंजामिन एक्का, संजय कुजूर, विनोद डांग, एमलेन समद, जमुना देवी, सुनीता देवी, मालती देवी के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोडरमाः अंचलाधिकारी ने क्रशर और पत्थर खदान का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** घनी आबादी के बीच चल रहे क्रशर और पत्थर खदान को बंद करने की मांग ग्रामीणों ने कोडरमा उपायुक्त से की थी. इस बाबत डीसी ने अंचलाधिकारी को जांच करने का आदेश दिया था. बता दें कि ग्रामीणों ने आवेदन में लिखा कि हम सभी ग्रामीण डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के लठियोबर टोला निवासी हैं. हमारे टोले में लगभग 1000 से अधिक परिवार बसे हुए हैं. हम आपका ध्यान अपने टोले की ओर आकर्षित करवाना चाहते हैं जहां घनी आबादी में पत्थर खनन कार्य के लिए जमीन को लीज पर दे दिया गया है. जिस जगह पर खनन कार्य हो रहा है, वहाँ से 50 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन और सरकारी विद्यालय है, जो ब्लास्टिंग के कारण पूरी तरह से



प्रभावित है. छत छज्जा टूटकर गिरने लगा है. जान माल की हानि की आशंका बनी रहती है. इससे ग्रामीणों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है. आवाज इतनी तेज होती है कि लोग रात में सो नहीं पाते हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय और जिला खनन कार्यालय को गलत जानकारी देकर लीज पास करवाया गया है. आवेदन देने के बाद उपायुक्त ने डोमचांच अंचलाधिकारी रविंद्र कुमार पाण्डेय को जांच करने का निर्देश दिया था. इस बीच अंचलाधिकारी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्रशर और पत्थर खदान का निरीक्षण किया. खदान मालिक को निर्देश दिया गया कि जब तक उपायुक्त का आदेश नहीं आता है तब तक पत्थर खदान को चालू नहीं किया जायेगा.

## गागर में सागर

### डॉ. राम सुभग सिंह की पुस्तक का लोकार्पण



**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह की प्रकाशित पुस्तक महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचार यात्राःसनातनी से साम्यवादी' का लोकार्पण प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि आज समाज में काफी भ्रांतियां हैं। उनकी समीचीन व्याख्या डॉ. राम सुभग सिंह ने अपनी पुस्तक में राहुल जी के विचारों के आधार पर की है। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि इस किताब के साथ डा. सिंह की एक अन्य पुस्तक 'कौन आत्मा,किसका पुनर्जन्म ' भी लाइब्रेरी में उपलब्ध है। छात्र-छात्राएं इसका लाभ अवश्य उठाएं। इस मौके पर डॉ. शिव कुमार विश्वकर्मा, प्रो. शशिभूषण सिंह, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

### वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी का लाइव प्रसारण

**मेदिनीनगर।** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के मैचों का पलामू में कोयल नदी के तट पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से लाइव स्ट्रीमिंग देखने की व्यवस्था की गई है। लाइव देखने के लिए लोगों की भारी भीड उमड रही है। वैसे भी हाकी झारखंड का लोकप्रिय खेल है। राजधानी में एशियन स्पर्धा होने के कारण इन दिनों पूरे प्रदेश में हॉकी का खुमार चढ़ा हुआ है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोग मैचों का लुत्फ उठा रहे हैं। वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप में पलामू प्रमंडल की भी अहम भूमिका है। बेतला नेशनल पार्क में मौजूद 67 वर्षीय हथिनी जूही को चैंपियनशिप का शुभंकर बनाया गया है। मेदिनीनगर में कोयल रिवर फ्रंट (मरीन ड्राइव) में स्थापित बड़े स्क्रीन पर मैचों का प्रसारण किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद ने बताया कि मैच देखने के लिए नागरिक उत्साह दर्शा रहे हैं।

### जिला समन्वयक ने प्रधानमंत्री आवास का किया निरीक्षण

**पाटन।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के पाल्हे कला पंचायत व किशुनपुर पंचायत में केंद्रीय दल के जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर ने निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020 -21 एवं 2021-22 के पूर्ण आवास का जायजा भी लिया। मौके पर बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड सामन्यवक सह कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल मुखिया लीलावती देवी, मुखिया सुमन गुप्ता, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### विहंगम योग ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सद्गुरु उत्तराधिकारी संत विज्ञान देव जी महाराज की जयंती पर ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज द्वारा छतरपुर के जपला रोड स्थित वीणा लॉज के समीप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डा. सत्यनारायण प्रसाद के निर्देशन में इस दौरान भक्तों ने 32 यूनिट रक्तदान किया। डा. रामरेश यादव ने कहा की रक्तदान करना महादान करने के बराबर है। आर्थिक रूप से मदद कोई भी कर देता है पर रक्त की जरूरत पड़ने पर अपने भी नहीं देते। इसलिए हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। मौके पर भरत साव,कुबेर गुप्ता, अजय कुमार यादव, लवकुश कुमार यादव, महेश यादव, मिथिलेश सिंह, कुमुदनारायण सिंह, राजकुमार सिंह, कुंदन कुमार प्रजापति, कृष्ण यादव, उपेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

### बीजेपी ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के बयान की निंदा की

**पाटन।** स्थानीय बीजेपी कार्यालय में भाजयुमो के मंडल अध्यक्षअभिषेक सिंह, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने बुधवार को एक वार्ता के द्वारा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के बयान की तीखी निंदा की। जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने आरोप लगाया कि विधायक कोटा का काम नहीं मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष महिला विधायक के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। झामुमो की सरकार में अभी तक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों गरीबी का दंस झेल रहे हैं। मौके पर प्रमोद सिंह, मयंक सिंह, मनीष सिंह,ओम प्रकाश पांडे, जमुना प्रसाद, नॉलेज सिंह, राजीव पांड मौजूद थे।

### महायज्ञ को भव्य बनाने के लिए महिलाओं का जुटान

# कार्यक्रम को भव्यतम रूप देने की बनी रणनीति

**एकरूपता के लिए महिला कलशयात्रियों के बीच 2000 साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा समिति की ओर से यज्ञ स्थल हाउसिंग कॉलोनी में महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य सह महिला प्रकोष्ठ की संयोजक मीना गुप्ता ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक मीना गुप्ता, अंजू सांगा, श्वेता तिवारी व रानी शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर उन्हें महायज्ञ की रूपरेखा से अवगत कराया। महिलाओं ने कलशयात्रा को भव्य व विशाल बनाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान डोर टू डोर कैंपेन, प्रतिष्ठित एवं प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से संपर्क व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया। संयोजक ने बताया कि प्रतिभाग करने वाली सभी महिलाओं के लिए कलश की व्यवस्था की गई है। एकरूपता के लिए महिला कलशयात्रियों के बीच 2000 साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से कार्यक्रम को भव्यतम बनाने के लिए सुझाव भी मांगा। शिव चर्चा, गायत्री परिवार सहित अन्य समिति व संगठन की महिलाओं ने भजन संध्या में सम्मिलित होने एवं महायज्ञ में महिलाओं को सुव्यवस्था मुहैया कराने में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर पुष्पा तिवारी, सुजाता सिंह, संजू शुक्ला, रेणु देवी, वार्ड पार्षद चंचला चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद किरण अग्रवाल, भाजपा नेत्री उषा मखड़िया मौजूद थी।

## बच्चों को एनडीआरएफ का दिया गया प्रशिक्षण





नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय भैरोपुर परिसर में वुधवार को भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित एनडीआरएफ डिजास्टर रिस्पांन्स फोर्स टीम ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। टीम के सदस्यों ने कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को हार्ट अटैक,भूकंप, बाढ, सडक दुर्घटना आदि आपदाओं से बचाव की जानकारी दी। एनडीआरएफ नेशनल टीम के मुख्य कमांडर रविकांत ने बताया कि समस्त झारखंड प्रदेश में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक शशिकांत ने प्रशिक्षण को बच्चों के लिए उपयोगी बताते हुए टीम के प्रति आभार जताया। इस मौके पर एएसआई मुकेश कुमार, बृजेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक पंचम कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, दिनेश कुमार सिंह, रंजू देवी, वार्ड सदस्य राधिका देवी, समाजसेवी लालू प्रसाद सिंह, ज्वाला सिंह, उदय कुमार सिंह मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में107 लीटर महुआ शराब जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अंबा, हरिहरगंज बाजार, पासी टोला, अररुआ खुर्द एवं पाठक बिगहा में छापेमारी अभियान चलाया। उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि इस दौरान तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। छापेमारी के दौरान 107 लीटर महुआ से निर्मित शराब व 225 किलो जावा महुआ जब्त किया गया । अभियान में सहायक अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश शामिल थे।

### दीपक अध्यक्ष, विवेक बने सचिव

**छतरपुर।** नगर पंचायत अंतर्गत मंदेया नदी स्थित छठ घाट पर बैठक कर स्टार क्लब छतरपुर का पुनर्गठन किया गया। नवगठित कमेटी में दीपक कुमार को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही सचिव विवेक कुमार व कोषाध्यक्ष आलोक सौंडीक बनाये गये। संरक्षक की जिम्मेवारी रितेश चंद्रा ,अमित चंद्रा, डोमन प्रजापति, मोहन चंद्रा व विनोद पासवान को दी गई। वहीं व्यवस्थापक के रूप में पवन कुमार, क्रांति एवं मोनू गुप्ता चयनित किये गये। बैठक के बाद पदाधिकारियों द्वारा छठ घाट की साफ-सफाई की गई।

### भाजयुमो के पुतला दहन पर झामुमो का पलटवार

## अपने गिरेबां में झांके भाजपाई : सन्नी शुक्ला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने पर पलटवार करते हुए झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने भाजपा पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जब राज्य के मुख्यमंत्री हमारे शहर में न्युक्तियां बांट युवाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहे थे, तब भाजपा जैसी विकास विरोधी पार्टी के लोग स्वागत की जगह विरोध कर रहे थे। इस राजनीतिक परिपाटी की शुरूआत कर उन्होंने एक बहुत ही गलत परम्परा स्थापित कर दी है। कभी धार्मिक मंच से चुनावी भड़काऊ भाषण तो कभी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पुतला दहन। इससे साबित होता है कि सिर्फ भारत मंडपम में अतिथि देवो भव व वसुधैव कुटुंबक लिखवा देने से चाल, चरित्र, चेहरा बदल नहीं जाता है। भाजपा को पूर्व की रघुबर सरकार की याद करनी चाहिए। जब वो पलामू आते थे तब छात्र और युवा उन्हें काला झंडा दिखाते थे। उस समय सरकार के आदेश पर विरोध करने पर लाठी बरसाई जाती थी। भाजपा बताये कि पलामू के उसके 4 विधायक छात्र व युवाओं के लिए क्या कर रहे हैं। उन्हें तो पीएम मोदी का पुतला दहन करना चाहिए। जिन्होंने 2 करोड़ नौकरियां हर वर्ष देने का वादा कर सत्ता हासिल की है।

### एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना एकता दिवस

**मेदिनीनगर।** बुधवार को एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राएं कोमल एवं कशिश ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रा द्वय ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की दुखद मृत्यु की चर्चा करते हुए उन्हें नमन किया।

## मील का पत्थर साबित होगा वेबीनार : कुलपति



नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर।** स्थानीय गुलाब प्रसाद अग्रवाल कालेज में स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पॉक्सो एक्ट-2012 पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय वेबीनार के मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह कार्यक्रम बाल उत्पीडन की रोकथाम के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से परिपक्व हो जाते हैं। इसलिए पास-पड़ोस, समाज में हो रहे बाल एवं यौन शोषण की रोकथाम के लिए यह सशक्त माध्यम है। ऐसे समसामयिक विषय पर सेमिनार-कार्यशाला के लिए विश्वविद्यालय हमेशा सहयोग करता रहेगा। मुख्य वक्ता रक्षिण प्रोजेक्ट प्रमुख डा. राम्या निशाल ने कहा कि बाल दुर्व्यवहार से बचाव हेतु बच्चों को उनकी व्यक्तिगत सीमाएं अवश्य सिखाई जानी चाहिए। साथ ही उन्हें नहीं कहना भी प्रयोग में लाना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज के सचिव डा.अमित कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि सक्षम प्रकृति वेलफेयर सोसायटी चंडीगढ़ के अध्यक्ष धनंजय चौहान ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग किशोरावस्था से पहले ही अधिकांशत बाल यौन शोषण का शिकार हो जाते हैं। लिंग भेदभाव के कारण अधिकांशत ट्रांसजेंडर स्कूल में पढ़ाई छोड़ देते हैं। लिंग भेदभाव व पुरुषवादी विचारधारा को खत्म करने से ही बाल यौन शोषण पर नियंत्रण पाया जा सकता है। अतिथि वक्ता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर अजय कुमार ने कहा कि बाल यौन उत्पीड़न के अपराध दिन-प्रतिदिन न सिर्फ शहरों में बल्कि ग्रामीण स्तर पर भी बढ़ रहे हैं। अभिभावकों को ऐसे अपराधी को चिन्हित कर प्राथमिक दर्ज करानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजक प्रो राजकिशोर लाल ने कहा के इस राष्ट्रीय वेबीनार में झारखंड समेत बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़,पंजाब सहित अन्य राज्यों से 297 छात्र, अभिभावक, समाजसेवी, पीएचडी शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक, प्राध्यापकों ने जुड़कर सफल बनाया। डा. सुचित्रा शर्मा ने शंकाओं का निराकरण किया। तकनीकी सहयोगी की भूमिका गुड़िया कुमारी, स्वर्गेस कुमार, अखिलेश कुमार ने निभाई।

## छतरपुर में खनन माफिया-प्रशासनिक गठजोड़ चरम परः रूचिर तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की छतरपुर अंचल की बैठक बुधवार को ग्राम चिरू में हुई। बैठक की अध्यक्षता सजीवन भूइंया ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि पालमू 2 साल से भीषण अकाल की चपेट में है। लेकिन किसानों के खेत में पानी की स्थाई व्यवस्था करने का कोई उपाय सरकार नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी दो बार पलामू आए व मंडल डैम का झूठा आश्वासन देकर चले गए। लेकिन अभी तक वहां एक ईंट जोड़ने का काम भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने लोगों से आगामी 9 नवंबर को डीसी घेराव कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि छतरपुर इलाका भू-माफिया, पत्थर माफिया एवं बालू माफिया का अड्डा बन गया है। जहां पर स्थानीय प्रशासन भी इनका सहयोग कर रहा है।

## विहिप-बजरंग दल ने मनाया महर्षि बाल्मीकि का जन्मोत्सव



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बजार।** क्षेत्र के झरना शिव मंदिर परिसर में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पांडेय ने व संचालन जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली राम ने किया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आदि ग्रंथ रामायण की रचना कर महर्षि वाल्मीकि सदियों से घर-घर में पूज्यनीय हैं। हम सभी को जीवन में आगे बढ़ने के लिए ऐसे साधु-संतों के गुणों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मौके पर सत्यनारायण तिवारी, विशाल, विष्णु, रोहित ठाकुर, शिवम पांडेय, कुंदन, सहित मौजूद रहे।

### हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव ने दिये निर्देश

## जल्द से जल्द करायें मंदिर मठ व धर्मशाला का पंजीकरण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने शहर के परिसदन भवन में वार्ता के दौरान मंदिर, मठ व धर्मशालाओं को जल्द से जल्द पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में झारखण्ड के सभी मंदिर, धर्मशाला व मठों का एक महीना पूर्व ही जायजा लेकर नोटिस दिया जा चुका है। पंजीकरण के लिए उन्हें 15 दिन का समय दिया गया था। लेकिन अभी तक किसी ने भी पहल नहीं की है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन नही करवाने पर कमिटी गठित कर मंदिर को हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड को सौप दिया जायेगा। मंदिर, धर्मशाला बेचने वालों के खिलाफ प्राथमिकी कराई जाएगी। मंदिर में आने वाले चढ़ावे का आडिट नहीं कराने वालों को भी नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पता चला है कि बाजार स्थित बजरंग बली के मंदिर का चढ़ावा कुछ दबंग लोग ले जाते हैं। लेकिन अब हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ऐसा नही होने देगा। सदस्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 10 दिनों के अंतराल में इस संबंध में पहल नहीं की गई तो कार्रवाई की जाएगी। पुजारी के वेतन के लिए बोर्ड में प्रस्ताव रखा जाएगा। इस मौके पर सुनील तिवारी, गोपाल सिन्हा व मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे।

### दिहाड़ी मजदूर यूनियन के महापंचायत में उठा बालू का सवाल

# पलामू में बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ करोः राजीव कुमार





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एटक से संबद्ध झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले बुधवार को बालू के सवाल पर समाहरणालय परिसर में मजदूर महापंचायत लगाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने राज्य सरकार से बालू के सवाल पर चुप्पी तोड़ने व बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि विगत ढाई सालों से झारखंड में बालू की कृत्रिम संकट पैदा कर बालू को माफिया और ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। एनजीटी और कोर्ट द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी पलामू में बालू का उठाव शुरू नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासन, पुलिस व माफिया के गठजोड़ से बालू बड़े लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इसके पूर्व मजदूरों की रैली शिवाजी मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कचहरी परिसर पहुंची। रैली में शामिल मजदूरों ने हाथों में लाल झंडा व नारे लिखे तख्तियां लिए जमकर नारेबाजी की। मजदूरों द्वारा लगाये जा रहे जल, जंगल, जमीन हमारा है, बालू के सवाल पर सरकार चुप्पी तोड़ो, बालू सबके लिए सस्ता और सर्वसुलभ करो, बालू को माफियाओं के चंगुल से मुक्त करो व बालू समस्या का स्थाई समाधान करो आदि नारों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महापंचायत की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार व संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम को एटक के राज्यस्तरीय नेता बैजनाथ सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के केडी सिंह, इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, भाकपा माले के जिला सचिव आरएन सिंह, रविंद्र भूइंया, मजदूर नेत्री सुषमा मुरमा, ममता देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में बिहारी मजदूर यूनियन के अफजाल अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर रामनाथ चंद्रवंशी, रानी मुसहरिन, मुनि बानो, नासिर अंसारी, संजू ठाकुर, राजीव रंजन, धीरेंद्र मौजूद रहे।

## छतरपुर में खनन माफिया-प्रशासनिक गठजोड़ चरम परः रूचिर तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की छतरपुर अंचल की बैठक बुधवार को ग्राम चिरू में हुई। बैठक की अध्यक्षता सजीवन भूइंया ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि पालमू 2 साल से भीषण अकाल की चपेट में है। लेकिन किसानों के खेत में पानी की स्थाई व्यवस्था करने का कोई उपाय सरकार नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी दो बार पलामू आए व मंडल डैम का झूठा आश्वासन देकर चले गए। लेकिन अभी तक वहां एक ईंट जोड़ने का काम भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने लोगों से आगामी 9 नवंबर को डीसी घेराव कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि छतरपुर इलाका भू-माफिया, पत्थर माफिया एवं बालू माफिया का अड्डा बन गया है। जहां पर स्थानीय प्रशासन भी इनका सहयोग कर रहा है।

यही कारण है कि पत्थर लीज वाले व्यवसायी ग्रामीणों पर भी गोली चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। आम जनता को घर बनाने के लिए फ्री में मिलने वाला बालू जहां आज बंद है। वहीं केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण महंगाई चरम पर है। बैठक में राज्य परिषद के सदस्य सुरेश ठाकुर, ऐस के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए नवंबर क्रांति के अवसर पर 9 नवंबर को पलामू उपायुक्त के समक्ष उलगुलान करने का आह्वान किया। बैठक में क्रांति देवी, सागर भूइंया, पटिया देवी, नरेश राम, राजेंद्र बैठा, चलितर भूइंया उपस्थित थे।

### डॉ. राम सुभग सिंह की पुस्तक का लोकार्पण

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह की प्रकाशित पुस्तक महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचार यात्राःसनातनी से साम्यवादी' का लोकार्पण प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि आज समाज में काफी भ्रांतियां हैं। उनकी समीचीन व्याख्या डॉ. राम सुभग सिंह ने अपनी पुस्तक में राहुल जी के विचारों के आधार पर की है। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि इस किताब के साथ डा. सिंह की एक अन्य पुस्तक 'कौन आत्मा,किसका पुनर्जन्म ' भी लाइब्रेरी में उपलब्ध है।

ज्ञान की बात

**जीवन में सिर्फ ज्ञान होना उपयोगी नहीं उसका उपयोग कैसे और कब करना है उसका ज्ञान होना सबसे उपयोगी है।**

**- अज्ञात**



# पलामू में सीएम

***एक*** माह के अंदर दूसरी बार सीएम हेमंत सोरेन का पलामू की धरती को नमन करना बड़ी बात है। पुलिस स्टेडियम में प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सीएम ने 5100 युवाओं को अलग अलग राज्यों की कंपनियों से जुड़े जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये। हालांकि तत्काल 1500 युवक व युवतियों को सांकेतिक रूप से ऑफर लेटर दिये गये। सीएम ने सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की दुहाई देने वाले लोगों ने 20वर्षो में राज्य को दीमक की तरह चाट दिया है। ऐसे लोगों को अभी सत्ता से बाहर किया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इन्हें राज्य से बाहर कर दिया जायेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ऐसे मौके पर भी विपक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना उचित है? यह सही है कि राज्य सरकार हाल के दिनों में कुछ करना चाहती है। ऐसे में विपक्ष का नाम लिए बगैर भी अपने कामों की गिनती करा सकती है। मसलन उसके कार्य ही उसे स्थापित कराने के लिए काफी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दामन पर कोई दाग नहीं लगने वाला है। कुछ लोग कोयला, लोहा, गिट्टी व बालू के नाम पर सरकार को सिर्फ बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। यह बताने की कोई जरूरत ही नहीं है। किसी भी राज्य सरकार के काम बोलते हैं। उसे बताने की जरूरत भी नहीं है। ऐसे भी जनता काफी जागरूक हो गयी है। वह सभी के कार्यों का मूल्यांकन अपने अंदाज में करती है। यह सही है कि झारखण्ड में खनिज सम्पदाओं की प्रचूरता के बावजूद हमारे लोगों को रोजगार नहीं मिला। झारखण्ड के कोयले से देश रौशन होता है। इसके बाद भी हमारे आंगन में अंधेरा रहता है। आखिर यह गलती किसकी है। स्वार्थ के दलदल में सभी आकंठ डूबे हुए हैं। यही कारण है कि आज झारखंड में असीम संभावनाओं के बाद भी यहां के लोग पिछड़ों की श्रेणी में आंके जाते हैं। यह अच्छी बात है कि सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की मुहीम चला रखी है। राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 30 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी गई है। झारखण्ड में एशियन हॉकी चेम्पीयनशिप पहली बार आयोजित हो रहा है। इससे राज्य के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। खेलों के विकास के लिए सरकार गांव गांव में खेल का मैदान तैयार करा रही है। बावजूद यहां के युवा पलायन को विवश हैं। इसके कारक तत्वों को ढूंढने की जरूरत है। झारखंड की गिनती राज्य के पिछड़े राज्यों में होती है । यहां के किसान- मजदूर गरीब हैं। उनके पास कोई कोई जमा धन नहीं होता है। वे रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं । उनका खेत- खलिहान और पशुधन ही उनका बैंक खाता है। यह सही है कि सरकार के सामने आज भी कई चुनौतियां हैं। कारण कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। उससे हमारा राज्य भी नहीं है। दूसरी तरफ सुखाड़ हमारे सामने दस्तक दे रहा है। ऐसे में सच्चाई यही है कि ऐसे दौर में सबकी आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरा जा सकता है। लेकिन उन जख्मों पर मलहम तो लगा सकता है। ऐसे में विकास को रफ्तार देना सरकार का दायित्व है। इस स्थिति में सभी वर्ग और हर तबके को राज्य के विकास में भागीदार बनना चाहिए। तभी राज्य का विकास संभव है। खेल के क्षेत्र में राज्य को अलग पहचान मिल रही है। इस कड़ी में देश में पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का मौका रांची को मिला है। इसी तरह आगे भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं झारखंड में होंगी। ऐसी हम उम्मीद कर सकते हैं।

**सीएम ने सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की दुहाई देने वाले लोगों ने 20वर्षो में राज्य को दीमक की तरह चाट दिया है। ऐसे लोगों को अभी सत्ता से बाहर किया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इन्हें राज्य से बाहर कर दिया जायेगा।**

# कब सुधरेंगे सीवर सफाई कर्मियों के हालात





रमेश सर्राफ धमोरा

***देश*** में सीवेज की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनो केन्द्र व सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस. रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवेज की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जायेगा। पीठ ने कहा केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाये। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को उसे 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। इस दौरान पीठ ने कई निर्देश जारी किये। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवेज से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाय। यह सच है कि प्रतिबंध के बावजूद आज भी भारत में गंदी नालियों और सैप्टिक टैंकों की सफाई इंसान के हाथों से की जाती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में इस तरह की सफाई करने के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। लोकसभा में सामाजिक न्याय मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में माना है कि भारत में इंसानों से गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों को साफ करवाने की प्रथा अभी भी जारी है और इसमें सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस खतरनाक काम को करने के दौरान 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाईकर्मियों की जान जा चुकी है। देश के 18 राज्यों के आंकड़े मंत्रालय के पास हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक इन पांच साल में इस तरह की सफाई के दौरान सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 51 लोग मारे गये। उसके बाद तमिलनाडु में 48 लोग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 44 लोग, हरियाणा में 38 लोग, महाराष्ट्र में 34 लोग और गुजरात में 28 लोग मारे गये हैं। इस प्रथा को बंद करने की मांग करने वाले लोगों का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों की सफाई इंसानों से करवाई जाती है। सीवेज सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवेज की सफाई बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के करते हैं। सीवेज की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवेज की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे साफ है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है। सीवेज सफाई के काम में लगे लोगों को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है। देश में पिछले एक वर्ष में सीवेज की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी हैं। इनमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है। गटर साफ करने वाले लोगों के लिये बीमा की भी कोई सुविधा नहीं होती है। आमतौर पर सीवेज में उतरने से पहले सफाईकर्मी शराब पीते हैं। शराब पीने के बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। तभी सीवेज में उतरते ही इनका दम घुटने लगता है। सफाई का काम करने के बाद उन्हें नहाने के लिए साबुन, नहाने तथा पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की होती है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं इनको अभी तक नहीं मिल पा रही है। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले भी ऐसी मौतों पर चिंता जताने के साथ ही सख्त टिप्पणी कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार कहा था कि देश में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। मनुष्य के साथ मनुष्य का इस तरह का व्यवहार सबसे अधिक अमानवीय आचरण है। इन परिस्थितियों में बदलाव होना चाहिए। दुनिया के किसी भी देश में लोगों को इस तरह के गैस चैम्बरों में मरने के लिए नहीं भेजा जाता। संविधान में प्रावधान है कि सभी मनुष्य समान हैं, लेकिन संबंधित उन्हें समान सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाते हैं। कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सीवेज की सफाई करने वाली एजेंसी के पास सीवर लाइन के नक्शे, उसकी गहराई का आंकड़ा, सीवेज सफाई के काम में लगे लोगों की नियमित स्वास्थ्य की जांच, नियमित प्रशिक्षण देने के नियम का पालन होता कहीं नहीं दिखता है। सभी सरकारी दिशा-निर्देशों में दर्ज है कि सीवेज सफाई करने वालों को गैस -टेस्टर, गंदी हवा को बाहर फेंकने के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा और कान को ढंकने का कैप, हेलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी इस बारे में कड़े आदेश जारी कर चुका है। इसके बावजूद ये उपकरण और सुविधाएं गायब है। सीवेज लाइनों की लंबाई तो हर दिन बढ़ रही है। वहीं सफाई करने वालों की संख्या में कमी की जा रही है। मैनुअल स्केवेंजर्स का रोजगार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को 2013 में ही प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन इस कानून में कुछ शर्तों के साथ गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों की इंसानों द्वारा सफाई कराने की इजाजत है। इन शर्तों के तहत सफाई के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य है, लेकिन अकसर नियमों का पालन नहीं किया जाता है। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में सीवेज की खुदाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत के मामले में अपर जिला न्यायाधीश ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कंपनी के इंजीनियर सहित तीन लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुये दस-दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने माना कि काम कर रहे मजदूरों के लिए सुरक्षा का इंतजाम करना कम्पनी की जिम्मेदारी थी।

**परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में जाम सीवेज की मरम्मत करने के दौरान प्रतिवर्ष दम घुटने से काफी लोग मारे जाते हैं। इससे साफ है कि हमारी गंदगी साफ करने वाले हमारे ही जैसे इंसानों की जान कितनी सस्ती है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा*

***माता*** की बात सुनकर भगवान कृष्ण ने कहा कि, अगर हमें गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाय तो वहीं चारा चरती हैं और वहां लगे पेड़-पौधों की वजह से ही बारिश होती है। भगवान कृष्ण की बात मानकर गोकुल वासी गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे यह सब देखकर इंद्र देव क्रोधित हो गये और उन्होंने इसे अपना अपमान समझा और ब्रज के लोगों से बदला लेने के लिए मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। बारिश इतनी विनाशकारी थी कि गोकुल वासी घबरा गये। तब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी ऊँगली पर उठाया और सभी लोग इसके नीचे आकर खड़े हो गये। भगवान इंद्र ने 7 दिनों तक लगातार बारिश की और 7 दिनों तक भगवान कृष्ण ने इस पर्वत को उठाये रखा। भगवान कृष्ण ने एक भी गोकुल वासी और जानवरों को नुकसान नहीं पहुंचने दिया, ना ही बारिश में भीगने दिया। तब भगवान इंद्र को अहसास हुआ कि उनसे मुकाबला कोई साधारण मनुष्य तो नहीं कर सकता है। जब उन्हें यह बात पता चला कि मुकाबला करने वाले स्वयं भगवान श्री कृष्ण हैं तो उन्होंने अपनी गलती के लिए क्षमा याचना मांगी और मुरलीधर की पूजा करके उन्हें स्वयं भोग लगाया और माना जाता है तब से ही गोवर्धन पूजा की शुरूआत हुई। गोवर्धन आरती श्री गोवर्धन महाराज, महाराज, तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ। तोपे पान चढ़े तोपे फूल चढ़े, तोपे चढ़े दूध की धार। तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ। तेरी सात कोस की परिकम्मा, और चकलेश्वर विश्राम तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ। तेरे गले में कण्ठा साज रहेओ, ठोड़ी पे हीरा लाल।

**(क्रमशः)**

# त्योहारी सीजन में ई-कॉमर्स कंपनियों का मायाजाल



डॉ. रमेश ठाकुर

***मौसम*** त्योहारी है। लोगों का खरीदारी करना स्वाभाविक है। ग्राहक घर बैठे ही सस्ता माल खरीदें, इसको लेकर 'ई-कंपनियों' ने जाल बिछाया है। कंपनियां तरह-तरह के उत्पाद में ऑफर देकर ग्राहकों को ललचा रही हैं। लेकिन यहां ग्राहकों को थोड़ा सावधान और सतर्क होना होगा, क्योंकि ऑनलाइन खरीदारी का मतलब ऑनलाइन ठगी भी हो गया है। समूचे भारत में इस वक्त ऑनलाइन ठगी का मुद्दा गरमाया हुआ है। ई-भुगतान के जरिये हमारा डेटा आसानी से चोरी हो रहा है। इंटरनेट से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते और लुभावने लालच देकर धीरे-धीरे हमारे पारंपरिक बाजारों को कब्जाने की फिराक में हैं। करीब आधे से ज्यादा बाजार पर इन्होंने कब्जा कर भी लिया है। इंटरनेट की आड़ लेकर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने-बेचने में ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारतीय उपभोक्ताओं पर ऐसी छाप छोड़ी हैं जिससे ग्राहक उनकी ओर खिंच रहे हैं। पर, अब ग्राहक सस्ते दामों का गणित समझने लगे हैं। ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते सौदे के नाम पर जमकर लूटपाट मचा रही हैं। त्योहारों में ग्राहकों को फंसाने के लिए इन कंपनियों ने चारों ओर अपना जाल बिछाया हुआ है। दो अव्वल ऑनलाइन कंपनियां फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ग्राहकों को लोक-लुभावने लालची ऑफर दिए हैं। ये ऑफर बाजार में उपलब्ध तकरीबन सभी वस्तुओं पर हैं। इसके पीछे कंपनियों की चालाकी और धोखाधड़ी भी छिपी होती है, जो खरीदारी के करते वक्त ग्राहक समझ नहीं पाते। कंपनियां ग्राहकों को दो तरीकों से ठगती हैं। एक तो सस्ता ऑफर देकर रद्दी किस्म का माल देती हैं, वहीं दूसरा ग्राहकों से पैसे डिजिटल तरीके से लेती हैं, यानी ऑनलाइन? जिससे कंपनियां उनकी निजता पर भी चुपके से प्रहार करती हैं। इससे ग्राहकों का डेटा आसानी से चोरी हो जाता है। डेटा चोरी का मुद्दा भी इस वक्त गर्म है। कई बार तो ऐसा भी प्रतीत होता है कि ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबर ठगों के बीच डेटा चोरी को लेकर सांठगांठ है। बहरहाल, ई-कॉमर्स कंपनियों ने अब और विस्तार कर लिया है। सिर्फ बेचने-खरीदने तक ही सीमित नहीं रहीं। ई-बैंकिंग, ई-शॉपिंग व ई-बिजनेस इत्यादि क्षेत्रों पर भी ई-कॉमर्स कंपनियों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि इससे उत्पादकों एवं विक्रेताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं के विश्वव्यापी बाजार जरूर मिले है। पर, व्यापारिक सूचनाओं के आदान-प्रदान और क्वालिटी में भारी कटौती भी हुई है। दुखद पहलू ये है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र में अब धीरे-धीरे वृद्धि के साथ, ई-कॉमर्स कंपनियों में धोखाधड़ी का खतरा तेजी से बढ़ा है। समय की दरकार है कि इन कंपनियां पर अंकुश लगना चाहिए, वरना इनकी मनमानी और बढ़ेगी। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें बिना देर किये ऑनलाइन संगठन के धोखेबाजों पर चाबुक चलायें। उनकी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूत समाधान और रणनीति बनाने की दरकार है। सरकारी और सामाजिक सतर्कता और सक्रियता नहीं हुई तो इनका खेल बदस्तूर जारी रहेगा। फिलहाल केंद्र सरकार ने डार्क पैटर्न अपनाने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए एक गाइडलाइन जारी की है जिससे इन पर नकेल कसी जायेगी। डार्क पैटर्न का मतलब होता है 'अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस' यानी इंटरनेट पर डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करके गलत तरीकों से ग्राहकों को प्रभावित करना और ऐसा करने पर 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान? सरकार ने ये जिम्मेदारी उपभोक्ता मंत्रालय के सचिव रोहित सिंह को सौंपी है। वह खुद स्वीकारते हैं कि मामला बहुत पेचीदा है। फिर भी सरकार को ग्राहकों का ख्याल है। सरकार एक ऐसा नियम बनाने जा रही है जिससे कंपनियां ग्राहकों को मूर्ख नहीं बना सकेंगी। भारत में ई-कॉमर्स कंपनियों का जब आगमन हुआ, तब लगा कि इन्होंने परेशानियों को कम किया है। भागदौड़ भरी खरीदारी के झंझटों से निजात दिलवाया दिया है। लेकिन बाद में पता चला कि शुरूआत में ये कंपनियां अपना पैर जमा रही थीं, अपनी जमीनें तैयार की रही थीं।

**इंटरनेट से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते और लुभावने लालच देकर धीरे-धीरे हमारे पारंपरिक बाजारों को कब्जाने की फिराक में हैं। करीब आधे से ज्यादा बाजार पर इन्होंने कब्जा कर भी लिया है।**

पक्ष-विपक्ष

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# मोबाइल फोन की गिरफ्त में बचपन



आशुतोष दुबे

***भागदौड़*** भरी जिंदगी से कुछ समय निकालकर अपनी दिनचर्या पर नजर डालेंगे तो आपका अधिकतम समय मोबाइल फोन के साथ ही बीतता है। व्यक्ति की इसी कार्यशैली का अनुकरण घर-परिवार के बच्चे भी कर रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि बच्चों का बचपन मोबाइल की गिरफ्त में धीरे-धीरे आता जा रहा है और बालमन परिवर्तित हो जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। पहले के समय में बच्चा दादा-दादी, चाचा-चाची या घर के अन्य सदस्यों की ममता भरी गोद में कविता, कहानी सुनते हुए, खेल खेलते हुए, सीखते हुए आगे बढ़ता था। आज वह मोबाइल के सहारे आगे बढ़ रहा है और तो और यदि घर में कोई सदस्य नहीं होता है तो ध्यान करिये पास पड़ोसियों के पास जाकर खेलता कूदता था। उसके लालन पोषण में जो पास-पड़ोस के लोगों का योगदान होता था, जो अब यह नहीं दिखता है। समय रहते इस गंभीर विषय पर हमें सोचना होगा। सचेत होना होगा। नहीं तो आने वाले समय में परिणाम बहुत ही दुखद होंगे। बालमन बहुत ही कोमल होता है। वह अनुकरण और अनुभव से सीखना प्रारम्भ करता है। इतिहास में भी इस बात का प्रमाण है कि अष्टावक्र ऋषि और अभिमन्यु ने भी मां के गर्भ से ही सीखना प्रारम्भ कर दिया था। आपाधापी भरी जिंदगी में आज भी बच्चा जब मां के गर्भ में होता है तब भी मां अपने कार्यों और व्यक्तिगत रुचि के कारण सर्वाधिक समय जाने अनजाने मोबाइल के साथ ही व्यतीत करती है। जन्म के बाद भी बच्चों को बहलाना हो या अन्य कोई कारण हो किसी न किसी बहाने से मां या घर के सदस्यों द्वारा बच्चों को मोबाइल पर कुछ न कुछ दिखाया जाता या बच्चों को मोबाइल ही दे दिया जाता है। धीरे-धीरे दिन-महीने-साल बीतते जाते हैं और बच्चा बड़ा होने लगता है, लेकिन वह अपने चारों तरफ यही देखता है कि चाहे घर हो या बाहर, यात्रा के दौरान रेल, बस या कार, शादी समारोह , पर्व और त्योहारों में हर जगह मोबाइल में व्यस्त न केवल छोटे बच्चे हैं अपितु हर एक शख्स है। बड़े-बुजुर्गों के साथ बैठना, अनुज अग्रजों के साथ प्रेम पूर्वक समय व्यतीत करना, मित्रों के साथ हंसी ठिठौली तो कहीं गुम सी हो गई है। हां लेकिन एक दृश्य प्रायः देखने को मिल ही जाता है वह यह कि घर- परिवार में सभी सदस्य हैं तो, पर सब एकान्तवासी हो गये हैं। एकान्त का एक अर्थ होता है- वैराग्यी। लेकिन यहां एकान्त स्थान इसलिए चाहिए कि हमें कोई परेशानी न हो और हम एकाग्रचित्त होकर मोबाइल की गिरफ्त में आकर पता नहीं किसी अज्ञात आनंद को खोजते रहें। विचारणीय यह भी है कि यदि हम साथ बैठते भी हैं तो बड़ी ही सहजता और सरलता से धीरे-धीरे कहीं भी मोबाइल के लॉक को अनलॉक कर, ओपन कर अपना अमूल्य समय उसको देने लगते हैं, बस यहीं से शुरू होता है, बच्चों का बचपन मोबाइल के गिरफ्त में जाने से। बच्चा भी छोटे से यही सब देख रहा है। बच्चा देख रहा है कि मां-पिता से लेकर सभी सदस्य मोबाइल में उलझे हुए हैं तो वास्तव में जीवन मोबाइल में ही है। मां-पिता को रोकती है, पिता-मां को रोकते हैं पर सुधार किसी में भी परलक्षित नहीं होता है। अपने बचपन के दिनों का स्मरण करें, गर्मियों एवं सर्दियों की छुट्टियों में घर में रिश्तेदारों का तांता लग जाता था। रात के भोजन के बाद इतनी बातें होती थीं कि कहना पड़ता था कि सो जाओ बहुत रात हो गई है पर अब पूरी तरह से दृश्य बदल गया है। बच्चों के दैनिक क्रियाकलापों की तरफ गौर फरमायें तो हम पाते हैं कि पढ़ाई, खेल, से लेकर भोजन खाने में भी मोबाइल का प्रयोग बहुतायत है। छोटे बच्चों को खाना खिलाते समय मोबाइल पर कुछ न कुछ दिखाया जाता है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को अवरुद्ध करने में सहायक है। भोजन के साथ भाव भी शामिल होते हैं। मां की ममता और स्नेह से जो भाव भोजन के साथ बच्चों के नैतिक एवं चारित्रिक विकास के लिए सहायक होते हैं उन पर भी ग्रहण मोबाइल ने ही लगा दिया है और तो और आश्चर्य तो तब होता है जब हम ही बच्चे को भोजन के साथ मोबाइल भी परोसते हैं।

**एकान्त का एक अर्थ होता है- वैराग्यी। लेकिन यहां एकान्त स्थान इसलिए चाहिए कि हमें कोई परेशानी न हो और हम एकाग्रचित्त होकर मोबाइल की गिरफ्त में आकर पता नहीं किसी अज्ञात आनंद को खोजते रहें।**

बचपन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# क्रोनिक डायबिटीज छीन सकती है आंखों की रोशनी

शरीर के अन्य अंगों के साथ-साथ डायबिटीज आंखों को भी प्रभावित कर देता है। इसके कारण आंखों की कई गंभीर समस्या हो सकती हैं। जानते हैं डायबिटीज के कारण होने वाली आंखों की समस्या और उपचार को। डायबिटीज एक लाइफस्टाइल डिसऑर्डर है। यह रोग जीवनभर रह सकता है और इसका शरीर के कई अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यह आंखों को भी प्रभावित कर देता है। इसके कारण विजन लॉस और ब्लाइंडनेस भी हो सकती है। डायबिटीज रेटिना के ब्लड वेसल्स को प्रभावित कर देता है। यदि किसी व्यक्ति को मधुमेह की समस्या है, तो वर्ष में कम से कम एक बार आंखों की विस्तृत जांच कराना जरूरी है। आइये जानते हैं कि कैसे डायबिटीज में हुआ हाई ब्लड शुगर आंखों को प्रभावित कर देता है।

## हाई ब्लड शुगर के कारण आंखों को हो सकती हैं ये समस्याएं

**डायबिटिक रेटिनोपैथी :** शार्प साईट आई हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनीत सहगल बताते हैं, ह्यडायबिटिक रेटिनोपैथी के शुरूआती चरणों में आमतौर पर कोई लक्षण सामने नहीं होते हैं। कुछ लोग अपनी दृष्टि में बदलाव देखते हैं, जैसे-पढ़ने में परेशानी या दूर की वस्तुओं को देखने में परेशानी। बीमारी के बाद के चरणों में रेटिना में ब्लड वेसल्स विट्रीस (जेल जैसा तरल पदार्थ, जो आंख में भर जाती हैं) में ब्लड बहने लगता है। यदि ऐसा होता है, तो काले, तैरते हुए धब्बे या मकड़ी के जाले जैसी दिखने वाली धारियां दिखाई दे सकती हैं। कभी-कभी धब्बे अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन तुरंत उपचार कराना महत्वपूर्ण है। उपचार नहीं होने पर रक्तस्त्राव के कारण ब्लाइंडनेस हो सकती है।

**मोतियाबिंद :** मधुमेह होने से मोतियाबिंद होने की संभावना 2 से 5 गुना अधिक हो जाती है। इससे कम उम्र में भी कैटरेक्ट होने की संभावना अधिक हो जाती है।



**ओपन-एंगल ग्लूकोमा :** मधुमेह होने पर ओपन-एंगल ग्लूकोमा विकसित होने का जोखिम लगभग दोगुना हो जाता है। यह एक प्रकार का ग्लूकोमा है।

**कैसे हाई शुगर रेटिना को नुकसान पहुंचाता है :** डॉ. विनीत सहगल बताते हैं, मधुमेह पूरे शरीर के ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचाता है। आंखों को नुकसान तब शुरू होता है जब शुगर रेटिना तक जाने वाली छोटे ब्लड वेसल्स को अवरुद्ध कर देती है। इससे उनमें तरल पदार्थ का रिसाव होता है या रक्तस्त्राव होता है। इन अवरुद्ध ब्लड वेसल्स की भरपाई के लिए आंखों में नए ब्लड वेसल्स विकसित होते हैं, जो अच्छी तरह से काम नहीं करती हैं। ये नए ब्लड वेसल्स आसानी से लीक या रक्तस्त्राव कर सकती हैं।

**डायबिटिक विजन लॉस को रोकने के उपाय :** सबसे अधिक जरूरी है हाई ब्लड शुगर को कंट्रोल करना। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, स्वस्थ भोजन करने और अपनी दवा लेने से दृष्टि हानि को रोकने या डेरी लाने में मदद मिल सकती है। डायबिटीज का प्रबंधन करना डायबिटिक विजन लॉस के जोखिम को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है। इसका मतलब है कि ब्लड शुगर लेवल का सही रूप में होना। डायबिटिक विजन लॉस से बचने के लिए इंसुलिन या अन्य डायबिटिक दवाओं के लिए डॉक्टर के निदेर्शों का पालन करना सबसे अधिक जरूरी है।

**इंजेक्शन :** डॉ. विनीत सहगल के अनुसार, एंटी-वीईजीएफ दवाएं कहलाने वाली दवाएं डायबिटिक विजन लॉस को धीमा या खत्म कर सकती हैं। कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स दवाएं भी मदद कर सकती हैं।

**लेजर उपचार :** रेटिना में सूजन को कम करने के लिए ऑपथेल्मोलोजिस्ट ब्लड वेसल्स को सिकोड़ने और रिसाव को रोकने के लिए लेजर का उपयोग कर सकते हैं।

**आई सर्जरी :** यदि रेटिना से बहुत अधिक रक्तस्त्राव हो रहा है या आंख में बहुत सारे घाव हैं, तो नेत्र चिकित्सक एक प्रकार की सर्जरी की सिफारिश कर सकते हैं, जिसे विट्रोक्टोमी कहा जाता है।

❖ स्मिता सिंह

# जानलेवा भी हो सकता है मलेरिया

बहुत से लोग मलेरिया के शुरूआती लक्षण को नहीं समझ पाते है, जिसकी वजह से समय के साथ इसके लक्षण अधिक खतरनाक होते जाते हैं। मलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी आमतौर पर टॉपिकल कंट्रीज में पाई जाती है। हालांकि, मलेरिया को आप प्रीवेंट कर सकते हैं, साथ ही इसे क्यूर भी किया जा सकता है। बहुत से लोग इसके शुरूआती लक्षण को नहीं समझ पाते, जिसकी वजह से समय के साथ इसके लक्षण अधिक खतरनाक होते जाते हैं। वहीं कई बार यह बीमारी जानलेवा भी हो सकती है। इसलिए मलेरिया के विषय पर सभी को उचित जानकारी होना बेहद महत्वपूर्ण है। हेल्थ शॉट्स ने इस बारे में मैक्स हॉस्पिटल गुरुग्राम के सीनियर कंसलटेंट, इंटरनल मेडिसिन, डॉक्टर रजनीश श्रीवास्तव से बात की। डॉक्टर ने मलेरिया के कारण लक्षण और इससे बचाव के कुछ उपाय बताएं हैं।

**क्यों होता है मलेरिया :** मलेरिया प्लाज्मोडियम पैरासाइट्स के कारण होता है। यह पैरासाइट्स संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलते हैं। प्लाज्मोडियम पैरासाइट्स के 5 अलग-अलग प्रकार होते हैं, जो मनुष्यों में मलेरिया का कारण बन सकते हैं। वहीं केवल महिला मच्छर ही मलेरिया पैरासाइट्स को फैला सकती है। यह पैरासाइट्स दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पाए जाते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ओवरलैप होते हैं और संक्रमण कितना गंभीर हो सकता है, इसके संदर्भ में भिन्न होते हैं। मलेरिया संक्रमण में शरीर में सामान्य लक्षण नजर आते हैं और तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। हालांकि, लक्षणों से खुद से मलेरिया के प्रकार का पता लगाने का इंतजार न करें।



### मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण

- हाई फीवर
- ठंड से शरीर मे कंपन होना
- पसीना आना
- जी मचलना
- उल्टी आना
- सिर दर्द
- डायरिया
- अधिक थकान रहना
- शरीर में असहनीय दर्द रहना
- त्वचा का पीला पड़ना
- मल त्याग करते हुए खून आना
- किडनी फेलियर का खतरा

## मलेरिया से कैसे करना है बचाव

**पानी के जमाव से बचें :** घर के अंदर कूलर, टायर, फ्लावर पॉट, आदि जैसी किसी भी चीज में पानी स्टोर करके लंबे समय तक न रखें। यह सभी मच्छरों के ग्रो करने के लिए सबसे कंफर्टेबल एनवायरमेंट माने जाते हैं। अगर बरसात होती है, और आपके फ्लावर पॉट या घर के किसी भी एरिया में पानी जम जाता है, तो उसे फौरन क्लीन करें, अन्यथा बारिश का पानी मच्छरों को और ज्यादा अट्रैक्ट करता है। यदि आपके आसपास कही भी पानी का जमाव नहीं है, तो मच्छरों के पनपने का खतरा कम हो जाता है।

**रजिस्टर्ड इंसेक्ट रिपेलेंट क्रीम का इस्तेमाल करें :** एनवायरमेंट प्रोटक्शन एजेंसी द्वारा रजिस्टर्ड इंसेंट रेपलेंट का इस्तेमाल करें। वहीं यदि आप प्रेग्नेंट हैं या ब्रेस्टफीडिंग मदर हैं, तो आपको इसे अप्लाई करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। यदि आप सनस्क्रीन अप्लाई कर रही हैं, तो उसके ऊपर इंसेक्ट रेपेलेंट जरूर लगाए, इससे मलेरिया मच्छर के काटने का खतरा कम हो जाता है।

**पूरे शरीर के कपड़े पहने :** डॉ रजनीश श्रीवास्तव के अनुसार मलेरिया के मच्छर के काटने से बचना है, तो गार्डन, पार्क और नदी के किनारे या पानी के जमाव वाले एरिया में जाने से पहले ढीले-ढाले पूरे शरीर के कपड़े पहने। ऐसे कपड़े पहने जिसमें आपके हाथ, पैर और पूरी बॉडी ढकी हुई हो।

**रात को मॉस्किटो नेट का इस्तेमाल करें :** रात को बेहतर नींद और मच्छरों से बचाव के लिए मॉस्किटो नेट का इस्तेमाल करना एक अच्छा आईडिया है। इससे मलेरिया डेंगू के साथ ही सामान्य मच्छर भी आपको हनी नहीं पहुंचा पाते।

**फॉगिंग की मदद ले सकती हैं :** बरसात का मौसम शुरू होने या खत्म होने पर, साथ ही साथ ठंड की शुरूआत होने से पहले भी घर के आसपास फॉगिंग करवाने से मदद मिलेगी। एक रेगुलर इंटरवल पर फॉगिंग करवाने से मच्छर नहीं पनपते हैं, और यदि किसी प्रकार के मलेरिया मॉस्किटो उजागर हो भी रहे हैं, तो वे वहीं पर रुक जाते हैं।

# सिर्फ कैलोरी इनटेक पर ध्यान देने से हो सकते हैं ये नुकसान

कई बार लोग सिर्फ और सिर्फ कैलोरी काउंट पर ही फोकस करते हैं, लेकिन वे अपनी थाली में पोषक तत्वों की मौजूदगी पर ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए, अगर आपको जरूरी विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्व नहीं मिल रहे हैं तो इससे आपके शरीर में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि अपने वजन को बनाए रखने या फिर उसे कम करने के लिए कैलोरी इनटेक पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। लेकिन अच्छी हेल्थ के लिए सिर्फ यही एक फैक्टर नहीं है। जो लोग सिर्फ और सिर्फ कैलोरी काउंट पर नजर बनाए रखते हैं, वे बहुत सी जरूरी चीजों को मिस कर देते हैं, जिसके कारण उन्हें कई नेगेटिव इफेक्ट का सामना करना पड़ता है।



**पोषक तत्वों की हो सकती है कमी :** कई बार लोग सिर्फ और सिर्फ कैलोरी काउंट पर ही फोकस करते हैं, लेकिन वे अपनी थाली में पोषक तत्वों की मौजूदगी पर ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए, अगर आपको जरूरी विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्व नहीं मिल रहे हैं तो इससे आपके शरीर में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

**शरीर में रहती है थकान :** जो लोग सिर्फ कैलोरी इनटेक पर ध्यान देते हैं और पोषक तत्व का ख्याल नहीं रखते हैं तो ऐसे में आपका शरीर सही तरह से फंक्शन नहीं कर पाता है। जिसके कारण आपको हमेशा एक थकान का अहसास होता है। शरीर में एनर्जी ना होने के कारण आपके लिए अपनी डेली एक्टिविटी को भी सही तरह से नहीं कर पाते हैं।

**हो सकता है मसल लॉस :** अगर आप सिर्फ कैलोरी इनटेक पर फोकस करते हैं और अपने प्रोटीन इनटेक आदि को नजरअंदाज करते हैं तो इससे आपकी मसल्स पर भी नेगेटिव इफेक्ट पड़ सकता है। खासतौर से, अगर आप बहुत कम कैलोरी लेते हैं, तो आपका शरीर एनर्जी के लिए मसल्स टिश्यू को तोड़ सकता है। इससे मसल्स लॉस जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**इम्यून सिस्टम पर पड़ता है नेगेटिव इफेक्ट :** जो लोग सिर्फ कैलोरी इनटेक पर फोकस करते हैं, वे अक्सर पोषक तत्वों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस तरह जब शरीर को सही तरह से पोषण नहीं मिलता है तो ऐसे में आपका इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। जिससे आप बीमारियों और संक्रमणों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं।

**मेंटल हेल्थ पर पड़ता है असर :** जो लोग लगातार अपनी कैलोरी पर नजर रखते हैं और उसे हमेशा कम करने की कोशिश करते हैं तो इससे मेंटल हेल्थ पर भी नेगेटिव असर पड़ सकता है। इससे आपका खाने के प्रति एक अनहेल्दी रिलेशनशिप बनता है। यह भी संभव है कि आपको हमेशा ही स्ट्रेस या एंग्जाइटी फील हो।

❖ मिताली जैन

# स्लीप एपनिया के लक्षणों को ना करें नजरअंदाज

स्लीप एपनिया एक तरह का स्लीपिंग डिसऑर्डर है। जिसकी वजह से व्यक्ति की सांस नली के ऊपरी मार्ग में रुकावट आने लगती है। लेकिन अगर आप समस्या को लंबे समय तक इलाज के बिना छोड़ देते हैं, तो यह खतरनाक बन सकती है। आपको बता दें कि स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति होती है। जिसमें सोते समय आपकी सांस कुछ देर के लिए रुक जाती है। सांस रुकने पर शरीर को पूरा ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। ऐसे में सांस टूटने से आंख खुल जाती है और तेजी से हंफनी आने लगती है। लेकिन अगर आप समस्या को लंबे समय तक इलाज के बिना छोड़ देते हैं, तो यह खतरनाक बन सकती है। हांलाकि ज्यादातर मामलों में लोग इस बात से बेखबर होते हैं कि उन्होंने सांस लेना बंद कर दिया है। ऐसे में आप स्लीप एपनिया के लक्षणों को सुधारने के लिए कुछ घरेलू इलाज कर सकते हैं।



## स्लीप एपनिया के रिस्क फैक्टर

स्लीप एपनिया के रिस्क फैक्टर की बात करें तो इसमें 40 वर्ष पार का होना, पुरुषों में 17 इंच या ज्यादा और महिलाओं में 16 इंच या ज्यादा गर्दन की आकार का होना, पुरुष होना, ज्यादा वजनी होना, लंबी जुबान, जबड़े की छोटी हड्डी, परिवार में किसी का स्लीप एपनिया की हिस्ट्री या साइनस होना शामिल है।

## स्लीप एपनिया का प्रभाव

अगर स्लीप एपनिया को लंबे समय तक बिना इलाज के छोड़ दिया जाए तो आपको कई खतरनाक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जिनमें हार्ट फेल्योर, डायबिटीज, डिप्रेशन, स्ट्रोक, हाइपरटेंशन और सिर दर्द का जोखिम बढ़ सकता है।

## लाइफस्टाइल

हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो स्लीप एपनिया से पीड़ित लोगों को नियमित व्यायाम का हेल्दी डाइट लेने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इसमें मोटापा वायुमार्ग में रुकावट और नाक की तंग नली का जोखिम बढ़ना, वजन कम होना, जोर से खरार्टे लेना, सोते समय सांस फूलना, सुबह उठने पर मुंह सूखना और दिन में अधिक नींद आना आदि शामिल हैं। यह एक तरह का स्लीपिंग डिसऑर्डर है। जिसकी वजह से व्यक्ति की सांस नली के ऊपरी मार्ग में रुकावट आने लगती है।

## सोने का तरीका

स्लीप एपनिया के लक्षणों को कम करने के लिए सोने के तरीके में मामूली बदलाव कर सकती हैं। सबसे ज्यादा स्लीप एपनिया के लक्षण उन लोगों में देखने को मिलती हैं, जो पीठ के बल सोते हैं। इसके बजाय आप पेट के बल लेटकर सोएं। स्लीप एपनिया की समस्या से राहत पाने के लिए आपको अपनी डाइट में अंगूर, चेरी, अनार और खीरे आदि का सेवन करें। इसके अलावा आप डाइट में मेलाटोनिन शामिल करें। इसके अलावा आप रोजाना अपने डेली रुटीन में योग को शामिल कर सकते हैं। इससे आपका एनर्जी लेवल बढ़ सकता है। योग आपके दिल को मजबूत करने के साथ ही स्लीप एपनिया को सुधार सकता है। स्लीप एपनिया के लक्षणों को कम करने के लिए कम वसा वाले प्रोडक्ट का सेवन करना भी लाभकारी होगा। आप घी की जगह सूरजमुखी, जैतून का तेल या फिर फ्लेक्स सीड्स के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6871

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6870 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**02 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.16 ब.से |
| चंद्र | मिथुन में | धनु | 09.32 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 11.38 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.24 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 14.57 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मेष | 16.28 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.08 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.06 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.19 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | सिंह | 00.35 बजे से |
| | | कन्या | 02.47 बजे से |
| | | तुला | 04.58 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 306 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 21.53 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 05.57 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** शिव 13.13 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 09.31 बजे तदनन्तर तैतिल 21.53 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 35' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871785 **जूलियन दिन** 2460250.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7933



**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वेदश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

### शब्द पहेली -7932 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन राशि :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने. में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला राशि :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मकर राशि :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कुंभ राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।




### भारत-बांग्लादेश के बीच अगरतला-अखौरा अंतरराष्ट्रीय रेलवे लिंक सहित 3 परियोजनाओं का शुभारंभ

# पड़ोसी देशों के साथ भी 'सबका साथ सबका विकास' चाहता है भारत : मोदी






**ये परियोजनाएं हैं**
- अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक
- खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन
- मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-II ...

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं और नई दिल्ली ने ढाका के साथ भी 'सबका साथ, विकास' का दृष्टिकोण अपनाया है। पीएम मोदी ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के साथ भारतीय सहायता से निर्मित तीन परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कहा, हमने अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश के लिए भी 'सबका साथ, सबका विकास' का दृष्टिकोण अपनाया है। हमें बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा विकास भागीदार होने पर गर्व है। पिछले नौ वर्षों में, 10 बिलियन डॉलर की सहायता दी गई है। उपलब्धियों की सूची बहुत लंबी है।" मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में हमारा आंतरिक व्यापार तीन गुना हो गया है। आज अखौरा-अगरतला रेल लिंक का उद्घाटन एक ऐतिहासिक क्षण है। यह बांग्लादेश और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बीच पहला रेल लिंक है। मुक्ति संग्राम के दिनों से ही त्रिपुरा का बांग्लादेश के साथ मजबूत संबंध रहा है, मुझे खुशी है कि हमने मैत्री थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट का उद्घाटन किया है। सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने के लिए, हमने भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो दशकों से लंबित था। हमने समुद्री सीमा का भी समाधान किया... पिछले नौ वर्षों में, ढाका को शिलांग, अगरतला, गुवाहाटी और कोलकाता से जोड़ने वाली तीन नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं। पिछले नौ वर्षों में तीन नई ट्रेन सेवाएं भी शुरू हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 2020 से भारत और बांग्लादेश के बीच पार्सल और कंटेनर ट्रेनें भी चल रही हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज गंगा विलास शुरू करने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। मोदी ने आगे कहा कि यह खुशी की बात है कि 'एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं।' हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 सालों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था। अपनी ओर से, हसीना ने 'दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए' भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। बांग्लादेश की नेता ने दोनों देशों द्वारा बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान पर बनी बायोपिक की स्क्रीनिंग की भी सराहना की। हसीना ने कहा, मैं पीएम मोदी के प्रति अपनी गहरी सराहना और कृतज्ञता व्यक्त करना चाहूंगी। (शेख मुजीबुर रहमान की बायोपिक मुजीब द मेकिंग ऑफ ए नेशन की) स्क्रीनिंग अब बांग्लादेश और भारत दोनों में चल रही है।

## लद्दाख युद्ध में वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है : राष्ट्रपति मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, एडवेंचर, इको और स्वास्थ्य पर्यटन से जुड़ी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख युद्ध में वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की लद्दाख यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को लद्दाख प्रशासन की ओर से सिंधु घाट पर एक नागरिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपति और लद्दाख के एलजी द्वारा सिंधु नदी की पूजा करने के साथ हुई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेह में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने लेह और लद्दाख के सौन्दर्य की प्रशंसा की।

उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से केन्द्र शासित प्रदेश के 80 प्रतिशत परिवारों तक नल से जल पहुंच चुका है। उन्होंने यहां के लोगों की वीरता की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने लद्दाख की जनता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान को बढ़ाते रहने का आह्वान किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अपनी भौगोलिक ऊंचाइयों की भांति ही लद्दाख की जनता भी प्रगति की ऊंचाइयां छुएगी।

### यूनेस्को के 55 क्रिएटिव शहरों में ग्वालियर और कोझिकोड किया शामिल

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने 55 क्रिएटिव शहरों की सूची जारी की है, जिसमें भारत के दो शहरों को जगह मिली है। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर और केरल के कोझिकोड को यूनेस्को ने अपनी सूची में स्थान दिया है। ग्वालियर (तानसेन की नगरी) को संगीत और कोझिकोड को साहित्य के लिए चुना गया है। ग्वालियर के बेहट में संगीत सम्राट तानसेन का जन्म हुआ था। संगीत घरानों के लिए भी ग्वालियर की प्रसिद्धि है। बुधवार को केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट करके कहा कि यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क की नवीनतम सूची में केरल के कोझिकोड को यूनेस्को द्वारा 'साहित्य के शहर' और ग्वालियर को 'संगीत के शहर' के रूप में नामित किया गया है। इन शहरों को संस्कृति और रचनात्मकता के प्रति लोगों की मजबूत प्रतिबद्धता को मान्यता मिली है। उन्होंने मध्य प्रदेश और केरल के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण है।

## बढ़ते कॉल फारवर्डिंग साइबर धोखेबाजों से हो सावधान

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

साइबर धोखेबाज अब कॉल फारवर्डिंग के मार्फत लोगों को फंसा कर उनके खाते से पैसा उड़ाने लगे हैं। इसमें साइबर क्रिमिनल आपके मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर या इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर के कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव बनकर फोन करते हैं। उसके बाद ये आपसे कहते हैं कि आपका अकाउंट हैक हो गया है या आपके सिम कार्ड में कुछ गड़बड़ हो गया है। फिर आपसे इस समस्या को फटाफट ठीक करने की बात कहकर, फोन से 401 से शुरू होने वाले एक नंबर को डायल करने को कहते हैं। आप जैसे ही इस नंबर को डायल करेंगे, आपकी कॉल को किसी ऐसे नंबर पर फॉरवर्ड कर दिया जाएगा जो इन फ्रॉड के पास है। इसके बाद ये फ्रॉड आपके दूसरे अकाउंट्स जैसे मैसेजिंग ऐप्स या बैंक अकाउंट में लॉगइन करने की कोशिश करेंगे। अब जबकि कॉल फॉरवर्डिंग इनेबल है तो ये स्कैमर आपकी कॉल को एक्सेस करने के साथ आपके फोन नंबर पर आने वाले ओटीपी को भी रिसीव कर सकते हैं। स्कैम के इस नए तरीके में ये फ्रॉड आपके दूसरे अकाउंट में 2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सेट कर देते हैं जिसके चलते इन अकाउंट का एक्सेस वापस मिलना बहुत मुश्किल हो जाता है। ये स्कैमर्स इन दिनों इस स्कैम के जरिए लोगों को ठगने के तरीके आजमा रहे हैं। जैसे कि ये फ्रॉड फर्जी कॉलर आईडी का इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि ऐसा दिखे कि आपके मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर से आपको कॉल किया जा रहा है। इसके अलावा, ये क्रिमिनल्स सरकारी एजेंसी या पुलिस बनकर भी आपको फेक कॉल आईडी से फोन कर सकते हैं। इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका है आप किसी भी अनजान नंबर को नहीं उठावें। यदि आपके फोन में ट्रूकॉलर है तो उससे आप काल करने वाले का नंबर चेक कर सकते हैं और जान सकते हैं कि यह पॉपुलर स्कैम नंबर है या नहीं। आप अपने फोन को अपडेट करते रहें।

## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री ने लोगों को पांच राज्यों के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के स्थापना दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। पोस्ट की एक सीरीज में, मोदी ने इस अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लोगों को उसके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "आंध्र प्रदेश स्थापना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर, इस गतिशील राज्य के लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। अपनी असाधारण प्रतिभा, अटूट संकल्प और दृढ़ दृढ़ता के साथ, एपी के लोगों ने उत्कृष्टता के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ी है। मैं उनकी निरंतर समृद्धि और सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं।" मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कर्नाटक के लोगों को शुभकामनाएं दीं, इस कन्नड़ राज्योत्सव पर, हम कर्नाटक की भावना का जश्न मनाते हैं, जो प्राचीन नवाचार और आधुनिक उद्यम का उद्गम स्थल है। इसके लोग, गर्मजोशी और ज्ञान का मिश्रण, महानता की ओर राज्य की निरंतर यात्रा को बढ़ावा देते हैं। कर्नाटक का विकास, नवाचार और प्रेरणा जारी रहे। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के लोगों को भी उनके स्थापना दिवस पर बधाई दी।

### मिजोरम की समृद्धि-उन्नति के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि मिजोरम की समृद्धि, उन्नति और शांति के लिए वहां कांग्रेस की सरकार बननी जरूरी है। ऐसे में वह राज्य की जनता से आह्वान करती हैं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाएं। सोनिया गांधी ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि मिजोरम उनके दिल के करीब है। वह कई बार राज्य की यात्राएं कर चुकी हैं। वहां के रीति-रिवाज और संस्कृति बहुत खूबसूरत है। उनकी जरूरतों और भावनाओं को कांग्रेस समझती है। इसलिए राज्य की जनता से वह अनुरोध करती हैं कि वह कांग्रेस के साथ खड़ी हो। सोनिया ने राज्य की जनता से अपील किया कि यह समय प्रयोग का नहीं है। भाजपा शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है। यह सरकार डेमोक्रेसी और डायलॉग पर भरोसा नहीं करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य के विकास का विजन है।

## 1 फीसदी बधिर-कम सुनने वालों सहित दिव्यांगों को 4 फीसदी आरक्षण प्रदान करे

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय विद्यालय संगठन को कुल रिक्तियों के संबंध में दिव्यांग व्यक्तियों को 4% आरक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया है, जिसमें बधिर और कम सुनने वाले व्यक्तियों के लिए 1% आरक्षण भी शामिल है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा व जस्टिस संजीव नरूला की खंडपीठ ने कहा, बहरे और कम सुनने वाले व्यक्तियों सहित दिव्यांग व्यक्तियों की नियुक्ति की प्रक्रिया इस फैसले की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर समाप्त की जानी चाहिए। खंडपीठ ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव को सभी विभागों द्वारा समान तरीके से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा, दिव्यांगजनों से किए गए हमारे वादे को पूरा करने में एक कदम बहुत दूर तक जा सकता है। खंडपीठ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के तहत शासनादेश के संबंध में विभिन्न विभागों की समझ में 'बेमेल' प्रतीत होता है। अदालत ने कहा, हालांकि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांगों के लिए उपयुक्त पदों की सूची को अपग्रेड कर दिया, लेकिन यह विचार भर्ती करने वाले विभागों तक नहीं पहुंचा। इसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने विकास कुमार बनाम संघ लोक सेवा आयोग और अन्य के मामले में इसी तरह की पॉलिसी डिस्कनेक्ट का उल्लेख किया, जिसमें नोडल मंत्रालय द्वारा लिया गया रुख आयोग के रुख के विपरीत पाया गया था। अदालत ने कहा, इस नीतिगत विसंगति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हो गई है जिसमें व्यक्तिगत मामलों के संवैधानिक न्यायालयों में जाने के बाद विभिन्न विभागों को एक ही सबक सीखना पड़ता है। बधिर और कम सुनने वाले व्यक्तियों सहित दिव्यांग व्यक्तियों की नियुक्ति की प्रक्रिया इस फैसले की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर समाप्त की जानी चाहिए।

## नौसेना ने किया विध्वंसक जहाज से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना ने पूर्वी बेड़े के एक विध्वंसक जहाज से बुधवार को बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता और भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और चमकदार प्रतीक को चिह्नित किया है। जहाज से लॉन्च की गई ब्रह्मोस मिसाइल ने 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेज गति से उड़कर लक्ष्य पर सटीक हमला किया, जिससे एयरोस्पेस की दुनिया में एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत हुई। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। ब्रह्मोस मिसाइल के उन्नत संस्करण की लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमता को सफलतापूर्वक मान्य किया गया। लक्ष्य के पिन पॉइंट विनाश ने फ्रंटलाइन प्लेटफार्मों की लड़ाई और मिशन की तत्परता का प्रदर्शन किया। यह आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

### पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट में 3 जवान घायल

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास बुधवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के तीन जवान घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मेंढर सेक्टर के फगवारी गली इलाके में गश्त के दौरान यह विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नजदीकी चिकित्सा सुविधा केंद्र में ले जाया गया और बाद में उनमें से दो को विशेष उपचार के लिए राजौरी के एक सैन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली के हिस्से के रूप में आगे के क्षेत्र बारूदी सुरंगों से भरे हुए हैं जो कभी-कभी बारिश के कारण बह जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं।




### सुनील शेट्टी ने विराट कोहली को बताया 'मास्टर ऑफ चेजिंग'



**बॉलीवुड** एक्टर सुनील शेट्टी ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर और भारत के आक्रामक बल्लेबाज विराट कोहली के बारे में बात की। एक्टर ने कोहली को 'मास्टर ऑफ चेजिंग' बताया है। एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल में एक मीडिया कार्यक्रम में कंटेंट क्रिएटर निहारिका एनएम से बात की। अपने पसंदीदा क्रिकेटर के बारे में बात करते हुए एक्टर ने बताया कि आज के समय में मेरे पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली हैं। केएल मेरा बेटा है। विराट लक्ष्य का पीछा करने (मास्टर ऑफ चेजिंग) में माहिर हैं। मार्शल आर्ट ने उन्हें धुन (ट्यून) में रहने में कैसे मदद की है, इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "मार्शल आर्ट ने मुझे धैर्य रखना और निरंतरता बनाए रखना सिखाया। मेरे लिए अनुशासन ही आजादी है। आपको अनुशासन की कीमत चुकानी पड़ती है। जीवन का अनुशासन ही एकमात्र ऐसी चीज है जो सफलता दिलाएगी। आप सुसंगत और प्रतिबद्ध हैं, तो आप इसे पूरा कर लेंगे। एक्टर ने असफलता को गले लगाने और उसके बाद सफलता की पुनः खोज के महत्व पर भी विचार दिया। एक्टर ने कहा, मैं नहीं मानता कि मैं स्पेशल हूं। जब मेरी फिल्में नहीं चलीं तो मैंने असफलता स्वीकार की।

### जान्हवी कपूर ने एनटीआर जूनियर 'देवरा' के लिए पूरा किया गोवा शेड्यूल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवराः पार्ट 1' का गोवा शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्ट्रेस गोवा में को-स्टार्स एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान के साथ शूटिंग कर रही थीं। जैसे ही गोवा शेड्यूल पूरा हुआ, जान्हवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर 'देवारा' टीम के प्रति अपने लगाव को साझा किया, साथ ही अपने किरदार 'थंगम' का परिचय भी दिया। शेयर की गई तस्वीर में वह सिंपल ट्रेडिशनल ग्रीन और ब्लू कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा हैः सेट, टीम को मिस कर रही हूं और 'थंगम' की भूमिका को अपना रही हूं। हैशटैग देवरा। 'देवरा' युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पार्ट 1 पूरे भारत में 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगा।

### नयनतारा की तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णानी : द गॉडेस ऑफ फूड' 1 दिसंबर को रिलीज होगी



**एक्ट्रेस** नयनतारा अपनी तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णानी : द गॉडेस ऑफ फूड' के लिए तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म की रिलीज की तारीख आधिकारिक तौर पर 1 दिसंबर तय की गई है।

एक्ट्रेस नयनतारा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'अन्नपूर्णानी 1 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। तैयार हो जाओ!' स्टोरी की डिटेल अभी भी पूरी तरह से सामने नहीं आया है। जिसमें नयनतारा एक रूढ़िवादी, उच्च जाति के घराने से आती दिखाई दे रही थी। खाने-पीने की बहुत शौकीन और सपने देखने वाली नयनतारा का किरदार अपने पुराने जीवन को पीछे छोड़कर अपने कुक बनने के सपने को पूरा करने में लग जाता है। फिल्म की शूटिंग तमिलनाडु के श्रीरंगम त्रिची में की गई है। यहां अग्रहारम के दृश्य दिखाए गए हैं। शाहरुख और एटली की मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद 'अन्नपूणार्नी' नयनतारा की अगली फिल्म होगी।

## प्राण-प्रतिष्ठा

### अयोध्या में आए रामभक्तों का होगा स्वागत

# अतिथियों के ठहरने की ट्रस्ट कर रहा व्यवस्था

### अयोध्या में 20 स्थानों पर चलेंगे भंडारे

### लखनऊ, प्रयागराज, काशी व गोण्डा में खुलेंगे सहायता केन्द्र




**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख घोषित होने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों को अंतिमरूप देने में जुट गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देशभर के लोग अयोध्या आयेंगे। इसलिए बाहर से आने वाले रामभक्तों के आवास व भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से किया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में 25 हजार अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अयोध्या में तीन स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। वहीं अयोध्या के विभिन्न होटलों में वीवीआईपी को ठहराने के लिए तीन हजार कमरे बुक कर दिये गये हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रीराम जन्मभूमि परिसर के अंदर 10 हजार लोग मौजूद रहेंगे। शेष लोग बाहर रहेंगे। इसके बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में रामभक्त रामलला का दर्शन करने अयोध्या आयेंगे। इस दौरान अयोध्या आने वाले रामभक्तों का स्वागत कार सेवा के दौरान मिलने वाले स्वागत व सहयोग जैसा होगा। अतिथियों की व्यवस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक हजार से अधिक कार्यकर्ता लगेंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अगले तीन महीने तक देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में रामभक्त आयोध्या आयेंगे। इसलिए रामभक्तों को अयोध्या पहुंचने में कोई असुविधा न हो इसके लिए संघ परिवार लखनऊ, गोण्डा, प्रयागराज और काशी में सहायता केन्द्र खोलेगा। इन स्थानों पर पहुंचने के बाद वहां पर तैनात कार्यकर्ता रामभक्तों को अयोध्या पहुंचने व वापस जाने में सहयोग करेंगे। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 से अगले दो महीने तक अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर बड़े भोजनालय चलेंगें। इन स्थानों पर लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए बड़े भोजनालयों का संचालन करने वाली संस्थाओं से सम्पर्क साधा जा रहा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से अयोध्या के 15 स्थानों पर अस्थाई चिकित्सालय खोले जायेंगे। इन स्थानों पर सरकारी चिकित्सकों के अलावा नेशनल मेडिकोज आर्गनाईजेशन से जुड़े चिकित्सक भी अपना समय देंगे। समय देने वाले चिकित्सकों की सूची बनाई जा रही है।

## गागर में सागर

### एसबीआई व रिलायंस रिटेल ने साथ मिलकर 'रिलायंस एसबीआई कार्ड' लॉन्च किया




**रांची।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर को-ब्रांडेड 'रिलायंस एसबीआई कार्ड' को लॉन्च किया है। यह लाइफस्टाइल पर केंद्रित अपनी तरह का अनोखा क्रेडिट कार्ड है, जो सामान्य से लेकर प्रीमियम तक, अलग-अलग तरह के खर्च की जरूरत वाले सभी श्रेणी के ग्राहकों को कुल मिलाकर खरीदारी का शानदार और बेहद फायदेमंद अनुभव प्रदान करता है। कार्डधारक रिलायंस रिटेल के बड़े और विविधता पूर्ण इकोसिस्टम में इस कार्ड से ट्रांजैक्शन करके रिवॉड्र्स के साथ-साथ कई तरह के फायदे प्राप्त कर सकते हैं।

### पेमेंट एग्रीगेटर्स के क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन को रेग्यूलेट करेगी आरबीआई

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन क्रॉस बार्डर एक्सपोर्ट-इंपोर्ट ट्रांजेक्शन के लिए पेमेंट और सेंटलमेंट की सुविधा प्रदान करने वाले इकाईयों को रेग्यूलेट करने को लेकर बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने नियम जारी किए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रेस रिलीज जारी कर ये जानकारी दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के रेग्यूलेशन के मुताबिक सभी पेमेंट एग्रीगेटर्स जो ऑनलाइन मोड में घरेलू लेनदेन की प्रोसेसिंग की सुविधा प्रदान करते हैं, वे सभी इकाई आरबीआई के सर्कुलर्स के दायरे में आयेंगे। सेंट्रल बैंक ने अपने रेग्यूलेशन में कहा कि क्रॉस बार्डर पेमेंट में हुए डेवलपमेंट को ध्यान में गुड्स और सर्विसेज के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट के लिए क्रॉस बार्डर पेमेंट की सुविधा देने वाली सभी संस्थाओं अब आरबीआई के डायरेक्ट रेग्यूलेशन के तहत लाने का फैसला किया गया है। इस रेग्यूलेशन के मुताबिक ऐसी सभी ऑथराइज्ड डीलर बैंक पेमेंट एग्रीगेटर और पीए-सीबी सहित संस्थाएं जो गुड्स और सर्विसेज के इंपोर्ट एक्सपोर्ट को लेकर क्रॉस बार्डर पेमेंट ट्रांजैक्शन के सेटलमेंट और प्रोसेसिंग करती हैं उन्हें आरबीआई के निर्देशों का पालन करना होगा।

### मारुति ने दर्ज किया सबसे ऊंचा मासिक बिक्री आंकड़ा, अक्टूबर में बेचे 1,99,217 वाहन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 1,99,217 इकाई पर पहुंच गई। यह कंपनी की मासिक बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। अक्टूबर 2022 में कंपनी ने 1,67,520 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को बताया कि अक्टूबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 1,77,266 इकाई रही, जो उसका अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री 1,47,072 इकाई रही थी। इस तरह घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 21 प्रतिशत अधिक रही है। अक्टूबर, 2023 में घरेलू बाजार में कंपनी की यात्री वाहन बिक्री बढ़कर 1,68,047 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,40,337 इकाई रही थी। माह के दौरान कंपनी की मिनी कारों...और एस-प्रेसो की बिक्री घटकर 14,568 इकाई रह गई। एक साल पहले इस खंड में कंपनी की बिक्री 24,936 इकाई रही थी। कॉम्पैक्ट खंड...बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर.. में कंपनी की बिक्री 73,685 इकाई से बढ़कर 80,662 इकाई हो गई।

### विपणन सत्र 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन 9% कम रहने का अनुमान : इस्मा

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग निकाय इस्मा ने चालू विपणन सत्र के लिए सकल चीनी उत्पादन नौ प्रतिशत गिरकर 337 लाख टन रहने का अनुमान जताते हुए कहा कि यह उत्पादन घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। हालांकि इस्मा ने इथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी को स्थानांतरित किए जाने का का अनुमान नहीं लगाया है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा, ह्यह्यचीनी विपणन सत्र 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन लगभग 337 लाख टन होने का अनुमान है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से शुरू होकर सितंबर तक चलता है। अगस्त में इस्मा ने सकल चीनी उत्पादन 369 लाख टन होने का अनुमान लगाया था जबकि इथेनॉल के लिए 41 लाख टन भेजने के बाद शुद्ध चीनी उत्पादन 328 लाख टन होने का अनुमान लगाया गया था। इस्मा ने कहा, भारत की घरेलू खपत औसत 278.5 लाख टन रहने के अनुमान को देखते हुए यह उत्पादन पर्याप्त चीनी की उपलब्धता का आश्वासन देता है। इस्मा ने कहा कि दिसंबर में शुरू होने वाले इथेनॉल आपूर्ति सत्र 2023-24 के लिए फीड स्टॉक-वार इथेनॉल खरीद मूल्य की घोषणा के बाद ही इथेनॉल की ओर चीनी का उपयोग किये जाने का अनुमान लगाया जाएगा।

## दीपावली-छठ में घर आने के लिए जेब खर्चों पर पड़ेगा असर

# फ्लाइट के किरायों में की गयी बढ़ोत्तरी

**एजेंसी। पटना**

बाहरी प्रदेश में रह रहे बिहारियों को दीपावली-छठ महापर्व पर घर आने के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है। ट्रेन में भारी भीड़ को देखते हुए लोग फ्लाइट से घर आ रहे हैं लेकिन नई दिल्ली से पटना के लिए स्पाइस जेट का किराया 10 नवम्बर यानी धनतेरस को 11,773 से 13,873 तक है। एयर इंडिया का किराया 14,804 रुपये है। इंडिगो का किराया 16,683 से 17,943 रुपये तक है। दस नवम्बर को मुम्बई से पटना स्पाइस जेट का किराया 17,994 रुपये है। इंडिगो का किराया 18,362 रुपये से 23,737 तक है। देश की आईटी नगरी बेंगलुरु से 10 नवम्बर को पटना की इंडिगो का किराया 18,165 रुपये है। स्पाइस जेट का किराया 21,210 रुपये है। इस दिन शाम में इंडिगो की फ्लाइट का किराया 28,245 रुपये है। दस नवम्बर को चेन्नई से पटना के लिए इंडिगो की सीधी फ्लाइट है, जिसका किराया 14,937 रुपये है। धनतेरस के अगले दिन 11 नवम्बर की बात करे तो नई दिल्ली से पटना के लिए स्पाइस जेट का किराया 11773 से लेकर 12771 रुपये तक है। एयर इंडिया का किराया 14,804 रुपये है। इंडिगो की बात करें तो इसका किराया 16,683 से 19,203 तक है। 11 नवम्बर को बेंगलुरु से पटना इंडिगो की फ्लाइट का किराया 20,685 रुपये है। स्पाइस जेट का किराया 17,430 रुपये है। इंडिगो में ही शाम की फ्लाइट का किराया 28,245 रुपये है। 11 नवम्बर को चेन्नई से पटना आना है तो इस दिन भी एक ही इंडिगो की सीधी फ्लाइट है। इस दिन का किराया 19,347 रुपये है। 11 नवम्बर को मुम्बई से पटना इंडिगो का किराया 22,057 रुपये है। स्पाइस जेट का किराया 27,706 रुपये है। एयर इंडिया का किराया 28,787 रुपये है।

**छठ पूजा से पहले का किराया देखें :** छठ महापर्व और दीपावली के बाद देश के विभिन्न महानगरों से बिहार आने वाली फ्लाइट का किराया भी आसमान छू रहा हैं। 15 नवम्बर को दिल्ली से पटना एयर इंडिया का किराया 9,869 रुपये है। स्पाइस जेट का किराया 9,883 रुपये है। इंडिगो का किराया 10,383 रुपये है। 16 नवम्बर को दिल्ली से पटना एयर इंडिया के लिए का किराया 9,869 रुपये। स्पाइस जेट का किराया 9,883 रुपये। इंडिगो का किराया 10,383 रुपये है। 15 नवम्बर को मुम्बई से पटना इंडिगो का किराया 12,817, स्पाइस जेट का 13,480 और एयर इंडिया का किराया 29,385 रुपये है। 15 नवम्बर को बेंगलुरु से पटना के लिए सीधी फ्लाइट इंडिगो और स्पाइस जेट की मिलेगी। स्पाइस जेट का किराया 13,544 रुपये, इंडिगो का किराया 13,965 रुपये। 15 नवम्बर को चेन्नई से पटना के लिए इंडिगो की एक डायरेक्ट फ्लाइट है। इसका किराया 13,992 रुपये है। 16 नवम्बर को मुम्बई से पटना इंडिगो का किराया 12,817, स्पाइस जेट का 14,530 रुपये, एयर इंडिया का किराया 29,385 रुपये है।

### भारतीय कंपनियों को विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारतीय कंपनियों को कुछ शर्तों के साथ विदेशी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध यानी लिस्ट होने की अनुमति दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने इस संबंध में कंपनी कानून के तहत संबंधित धारा को नोटिफाई कर दिया है। मंत्रालय की ओर से 30 अक्टूबर को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, कंपनी (संशोधन) अधिनियम 2020 (2020 का 29) की धारा एक की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार उसके द्वारा अक्टूबर 2023 के 30वें दिन को उस तारीख के रूप में निर्धारित करती है जिस दिन से उक्त अधिनियम की धारा पांच के प्रावधान लागू होंगे। भारतीय कंपनियों को विदेशी शेयर बाजारों में डायरेक्ट रूप से लिस्ट कराने के नियमों को अभी नोटिफाई किया जाना बाकी है। धारा पांच सार्वजनिक कंपनियों के कुछ वर्गों को अनुमत शेयर बाजार में विदेशी न्यायक्षेत्रों या ऐसे अन्य न्यायक्षेत्रों के तहत अपनी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने की अनुमति देता है।

## प्योर ईवी ने दीपावली के मौके पर वाहन विनिमय कार्यक्रम लॉन्च किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीपावली सीजन में, प्योर ईवी जो की एक प्रमुख इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मैन्युफैक्चरर कंपनी है। इसने वाहन विनिमय कार्यक्रम लॉन्च किया है। ग्राहक इस कार्यक्रम के तहत असाधारण बचत और 40,000 रुपये कैशबैक का लाभ इस स्कीम के साथ उठा पायेंगे। साथ ही त्यौहार के इस बेहतरीन अवसर पर इसमें 15,000 से 20,000 रुपये की कीमत के बेहतरीन ऑफर्स भी शामिल है। कंपनी ने इस कार्यक्रम को पूरे भारत में लागू करने के लिए बहुत उत्साहित है और सभी डीलरों को आमंत्रित किया गया है कि वे अपने आउटलेट्स पर 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक / 8 नवम्बर से 12 नवम्बर तक, क्षेत्र के आधार पर, वाहन विनिमय शिविर आयोजित करें। प्योर ईवी का वाहन विनिमय कार्यक्रम सबसे पहले हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। जिसने बहुत बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। चार-दिन हुए पिलोट कैंप मे लोगो की बेहतरीन प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस दौरान लोगो की भीढ़ मे इसके प्रति उत्साह और आकर्षण देखने




को मिला। वही मौजूदा ग्राहकों ने कार्यक्रम मे वाहन और बैटरी विनिमय प्रक्रिया की सराहना की। खासकर नए प्रवेशकर्ताओं ने जिनके द्वारा 90% आईस 2ह सेगमेंट की खरीदारी की गई थी। प्योर ईवी की व्यापक इलेक्ट्रिक स्कूटर्स और मोटरसाइकिलों की श्रेणी ने मालिकों की दर मे प्रमुख परिणाम दिलाया है। आने वाले 15 दिनों में, प्योर ईवी विनिमय लाभ का जमकर प्रचार करेगा जिसकी कीमत 55,000 से 60,000 रुपये है। साथ ही ग्राहकों को रेफरल स्कीम जिसकी कीमत 40,000 रुपये है इसी के साथ अन्य लाभ जैसे कैशबैक इन सभी लाभों का कुल 1,00,000 रुपये का लाभ उठाने का मौका ग्राहकों को मिलेगा।

# सेंसेक्स 63,830 के नीचे निफ्टी 19 हजार के ऊपर कारोबार किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू बाजार के लिए बुधवार को संकेत ज्यादा उत्साहजनक नहीं हैं और शेयर बाजार गिरावट के दायरे में ही ओपन हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में ओपन हो पाए हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर आज भी सपोर्ट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बैंक निफ्टी भी 125 अंक नीचे कारोबार कर रहा है और 42,750 के लेवल के नीचे आ गया है। आज के कारोबार में बाजार में हल्की गिरावट के साथ ही ओपनिंग देखने को मिली है। बीएसई का सेंसेक्स 45.06 अंक की गिरावट के साथ 63,829 के लेवल पर कारोबार खुला है। एनएसई का निफ्टी केवल 15.55 अंक फिसलकर 19,064 के लेवल पर कारोबार की ओपनिंग दिखा पाया है। मार्केट ओपनिंग में एडवांस डेक्लाइन रेश्यो देखें तो शुरूआती ट्रेड में 1696



शेयरों में गिरावट थी और 922 शेयरों मे तेजी का माहौल था। 111 शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार देखा गया जबकि 6 शेयरों मे कमजोरी के साथ कारोबार बना हुआ था। निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, हेल्थकेयर सेक्टर में गिरावट हावी दिख रही है। तेजी की बात करें तो 1.26 फीसदी की ऊंचाई रियल्टी स्टॉक्स में बनी हुई है। ऑटो सेक्टर के शेयर 0.30 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहे हैं। सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी है और 10 शेयरों में गिरावट हावी है। टॉप गेनर्स में बीपीसीएल 2.09 फीसदी चढ़ा है और बजाज ऑटो 1.77 फीसदी ऊपर बना हुआ है। हीरो मोटोकॉर्प 1.64 फीसदी और ओएनजीसी के स्टॉक्स 1.10 फीसदी की बढ़त पर हैं। विप्रो 0.65 फीसदी और टाटा मोटर्स 0.62 फीसदी की मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। टाटा कंज्यूमर्स 0.57 फीसदी उछाल दिखा रहा है। जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79 फीसदी टूटा है और भारती एयरटेल 0 l50 फीसदी नीचे है। एक्सिस बैंक 0.54 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.49 फीसदी और पावरग्रिड 0.45 फीसदी की कमजोरी के साथ लाल निशान में नजर आ रहे हैं। एशियन पेंट्स के स्टॉक्स 0.42 की गिरावट दर्शा रहे हैं।

## अक्टूबर माह में हुआ 1.72 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अक्टूबर महीने में त्योहारी सीजन के दम पर शानदार जीएसटी कलेक्शन देखने को मिला है। अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये रही है। एक जुलाई 2017 को जीएसटी के लागू होने के बाद से अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर ...

का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए निर्देश से अधिक यदि किसी भी वाहन से पैसे बरामद होते हैं तो उसे तुरंत जब्त किया जाए और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी जाए। सीमा क्षेत्र में किसी भी वाहन को बिना चेक किए जाने की अनुमति नहीं देने का भी सख्त निर्देश दिया गया है।

### कई प्रस्तावों को ...

औद्योगिक क्षेत्र के सप्तम चरण के समीप आइटी उद्यम के प्रयोजनार्थ, आरक्षित रकवा 2.89 एकड़ भूमि को शैक्षणिक संस्थान एवं व्यवसायिक इकाईयों हेतु आरक्षित करने की स्वीकृति भूतलक्षी प्रभाव से देने की सहमति दी गई। अंजानिया इस्पात लिमिटेड को पूर्व में आवंटित भूखण्ड संख्या -एनएस -27, रकबा -10000 वर्गफुट भूखंड के बदले में अन्यत्र भूखण्ड का दखल कब्जा देने की स्वीकृति दी गई। जियाडा के आदित्यपुर प्रक्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी सिंहभूम के मौजा रोवाम, मुगार्गुटू एवं तेतुलडांगा में अवस्थित औद्योगिक इकाईयों हेतु बिजली आपूर्ति करने के लिये सब-स्टेशन अधिष्ठापन की स्वीकृति दी गई। मेसर्स ओरियेंट क्राफ्ट फैशन पार्क वन एलएलपी होटवार औद्योगिक क्षेत्र, रांची द्वारा 18.00 एकड़ भूमि प्रत्यर्पित करने के पश्चात राजस्व मद में बकाया एवं अन्य राशि के समायोजन के उपरांत जमा आधिक्य राशि 9,87,47,152 (नौ करोड़ सतासी लाख सैंतालीस हजार एक सौ बावन रुपया) मात्र को इकाई के वित्त पोषित संस्थान यस बैंक नयी दिल्ली को वापस करने के प्रस्ताव पर कुल राशि का 45% काटकर संलेख कैबिनेट की बैठक में लाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के संकल्प के आलोक में प्राधिकार के कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। जियाडा अन्तर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों में आकस्मिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के रख-रखाव हेतु क्षेत्रीय निदेशक द्वारा व्यय की जानेवाली राशि से संबंधित वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजित के एसओपी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। जियाडा, संथाल परगना प्रक्षेत्र अंतर्गत दुमका जिला के जामा अंचल के खिजुरी मौजा में हस्तांतरित 2.86 एकड़ भूमि राईस मिल की स्थापना हेतु भूमि आरक्षित करने की स्वीकृति दी गई। जियाडा अन्तर्गत रांची प्रक्षेत्र, आदित्यपुर प्रक्षेत्र एवं संथाल परगना प्रक्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग द्वारा तैयार डीपीआर पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। जियाडा, आदित्यपुर प्रक्षेत्र में संविदा पर नियुक्त 12 अदद कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर जियाडा निदेशक मंडल के निर्णय उपरांत संविदा पर नियुक्त के 12 संविदा कर्मियों के महंगाई भत्ता को स्वीकृत करते हुए भविष्य में सदृश मामलों के लिए प्रबंध निदेशक को प्राधिकृत किया गया। जियाडा के चारो प्रक्षेत्रों में फैसिलिटी मैनेजमेंट प्लान तैयार करने हेतु अनुभवी परामर्शी की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। जियाडा रांची प्रक्षेत्र अवस्थित सिल्क पार्क ईरबा में बुनकर सेवा केन्द्र, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार को निःशुल्क या सशुल्क अस्थायी रूप से कार्यालय भवन हेतु स्पेस उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की स्वीकृति दी गई। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के जियाडा मुख्यालय एवं चारो प्रक्षेत्रों यथा-रांची, आदित्यपुर, बोकारो एवं संथाल परगना का वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक का आंतरिक अंकेक्षित प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया।

### गांव-गांव पहुंचकर झारखंड ...

दिया कि अगले 15 से 20 दिनों के भीतर गांव-गांव पहुंचकर आंदोलनकारी तथा आंदोलनकारी परिवार के सदस्यों का चिन्हितिकरण कार्य पूरा करें।

### एनसीपी विधायक कमलेश ...

सोरेन से ही पूछ लें कि समर्थन मांगा गया था या नहीं। समर्थन मांगने लोग हुसैनाबाद तक आए थे। इसके बाद सरकार को समर्थन दिया गया था। सीएम अगर ये कहेंगे कि किसी ने समर्थन नहीं मांगा था, तो इसका जवाब डिटेल में देंगे। सूर्या ने कहा कि पलामू में आज यूपीए के पास एक विधायक नहीं है। एक मात्र विधायक कमलेश सिंह यूपीए में थे, उनका समर्थन भी वापस हो गया।

### कैदी के फरार होने के...

कैदी के पास मौजूद नहीं थे। चरण उरांव शौच करने के लिए चला गया था। तीनों ने कैदी की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरती है। इसलिए तीनों पर कार्रवाई की जाए। इधर कैदी सूरज की तलाश में बरियातू पुलिस जुट गई है। पुलिस की टीम ने कैदी सूरज के चुटिया द्वारिकापुरी स्थित घर पर भी छापेमारी की। लेकिन वह फरार मिला। पुलिस ने परिजनों को उसे हाजिर करने को कहा है। वहीं पुलिस की एक टीम रांची के आसपास इलाके में सूरज की तलाश कर रही है। रिम्स में सुरक्षा में तैनात आरक्षी चरण उरांव के बयान पर बरियातू थाने में कैदी सूरज मुंडा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। चरण की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नौ अक्तूबर को कैदी सूरज की सुरक्षा में उन्हें लगाया गया था। उनके साथ आरक्षी दिलीप कुमार सिंह और मंगल सिंह पिगुवा की भी तैनाती की गई थी। तीनों ने आपस में कैदी की सुरक्षा के लिए समय बांट लिया था। सुबह छह से दो बजे तक मंगल, दोपहर दो से रात दस तक दिलीप और रात दस से सुबह छह तक वह सुरक्षा संभालते थे। 31 अक्तूबर को भोर तीन बजे वह सूरज के हाथ हथकड़ी लगाकर बेड में फंसा दिया। इसके बाद वह शौच के लिए गया। 20 मिनट के बाद जब वह लौटे तो देखा कि कैदी बेड पर नहीं है। हथकड़ी बेड पर ही मौजूद थी। आसपास में खोजबीन करने के बाद बरियातू पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने भी कैदी की तलाश की। लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद वह बरियातू थाना पहुंचकर कैदी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी।

### पलामू के गढ़वा में...

जवान राकेश कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार जबकि दूसरे पक्ष के कुलदीप उरांव घायल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। दूसरे पक्ष के हरिहर उरांव के मुताबिक 12 से अधिक महिला-पुरुष भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज निजी चिकित्सालय में किया गया। घटना के बाद विवादित स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रमना थाना के अलावे विशुनपुरा, श्रीबंशीधर नगर, मेराल थाना के साथ पुलिस लाइन से भी जवान को बुला लिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रेमनाथ उरांव वगैरह तथा हरिहर उरांव वगैरह में चल रहे केश नंबर 3/2023 में प्रेमनाथ उरांव के पक्ष में फैसला आने के बाद दखल-दहानी कराने प्रशासन गया था।

### दिव्यांग भी आंख से...

पांच कंपनियों ने इस सॉफ्टवेयर को बाजार में उतारने (एमओयू) के लिए उनसे संपर्क में है। अब किस कंपनी के साथ वह एमओयू फाइनल करेगा, यह उस पर निर्भर करता है। सुमित ने इस सॉफ्टवेयर का पेटेंट भी अपने नाम कर रखा है और खुद की स्टार्ट अप कंपनी आंजनेय इंटरप्राइजेज भी बनाई है।

**दोस्त को देख आया आइडिया :** एक सड़क दुर्घटना में सुमित के खास आईटी प्रोफेशनल दोस्त ने हाथ-पैर खो दिया था। उसके बाद वो डिप्रेशन में चला गया। यह देख सुमित ने इस सॉफ्टवेयर को बनाने का मन बनाया। काफी प्रयास के बाद वह इसमें सफल भी हुआ। इसमें उसके माता पिता ने भी काफी मदद की। कई बार कंप्यूटर खराब हो गया, लेकिन उसके अभिभावकों ने उसका मनोबल कम नहीं होने दिया। सुमित के अनुसार वह डाटा साइंटिस्ट बनने के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हाई लेवल तक पहुंचना चाहता है।

## विदेश

# पंजाब के गैंगस्टरों के लिए सेफ ठिकाना बना कैलिफोर्निया, जाल बिछा चुका है सोनू खत्री

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के टूरिस्ट वीजा के लिए भी लंबे समय का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन पंजाब के गैंगस्टर व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त गैंगस्टर लगातार मैक्सिको का बॉर्डर क्रॉस कर चंद दिनों में अमेरिका पहुंच रहे हैं। सारा खेल अमेरिका के कैलिफोर्निया से चल रहा है, जहां पंजाब के नामी गैंगस्टर जमा हो चुके हैं। बंबोहा गुट का मेन सरगना सोनू खत्री इस समय अमेरिका के कैलिफोर्निया में काफी जाल बिछा चुका है। इस पर पंजाब में 20 मामले दर्ज हैं। हाल ही में उसके तीन शूटरों को पंजाब में हथियारों के साथ काबू किया गया था। अमेरिका में मानवाधिकारों को खासी तवज्जो दी जाती है और वहां अन्य देशों से आने वालों को शरण दी जाती है, जिसका फायदा उठाकर गैंगस्टर अमेरिका में पहुंच रहे हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जो इनपुट सबै की एजेंसियों को दिए हैं, उनके




मुताबिक पंजाब के गैंगस्टरों का सेफ टिकाना अमेरिका के कैलिफोर्निया के सेक्टरामेटी, फ्रेस्नी, स्टॉकटन यूवा सिटी, बेकर्सफील्ड व सेंटा मॉनिका बनता लक्की पटियाल का भाई सौरव पटियाल भी अमेरिका के कैलिफोर्निया में है। हालांकि केंद्रीय एजेंसियों को आशंका कि सबको पटियाल अपने भाई के पास पहुंच चुका है। लक्की पटिवाल पर एनआईए ने पांच लाख रुपये इनाम घोषित कर रखा है। मंगस्टर रशपाल दोना, भोला हवेलियां, पवित्र सिंह, मनदीप सिंह, खान दुग्ग, अमृतपाल, यादविंदर यादा दलेर कोटिया, प्रदीप दीवाल भी अमेरिका में है। सूत्रों के मुताबिक कई गैंगस्टर पंजाब को जेलों में बंद थे लेकिन पैरोल या जमानत पर आने के बाद वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए मैक्सिको से होते हुए अमेरिका पहुंच गए। अमेरिका में गोल्डी बराड़ भी रह रहा है, जिसका ठिकाना यूवा सिटी है। बराड़ पंजाबी गायक सिद्ध मुसेवला की हत्या का कथित मास्टरमाइंड है। इसके अलावा अमेरिका में फाजिल्का का अनमोल विश्नोई, अबोहर का हरजोत गिल, अमृतसर ग्रामीण का दमनजीत सिंह उर्फ दारमन कहलों, कपूरथला के अमृत बल है रिपोर्ट के मुताबिक, करणवीर दियो की शादी में कई पंजाब के नाम गैंगस्टर पहुंचे थे। लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल विश्नोई भी इसी समारोह में देखा गया था।

## ठोस कदम — चीन ने इजराइल को ऑनलाइन अपने नक्शे से हटा दिया है

# बोलीविया सरकार ने इजराइल से तोड़े राजनयिक संबंध

**एजेंसी। बीजिंग**

इजराइल और हमास जंग के बीच चीन ने एक चौंकाने वाला कदम उठाया है। गाजा में इजराइली हमलों के दौरान चीन ने कथित रूप से इजराइल को अपने ऑनलाइन नक्शे से हटा दिया है। उधर, बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल ने सोमवार को सबसे पहले दी रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल नक्शे में बाइदू ने इजराइल और फिलीस्तीन को अलग-अलग क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है लेकिन उन्हें देश के रूप में पहचान नहीं बताई है। इसके अलावा चीन की शीर्ष कंपनियों बाइदू और अलीबाबा





इजराइल को अब उसके नाम से नहीं बुलाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार इसी तरह का नक्शा अलीबाबा समूह ने भी जारी किया है जिसमें लक्जमबर्ग जैसे छोटे देश का स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया है लेकिन इजराइल का नाम देश के रूप में नहीं है। चीन के कई इंटरनेट यूजर्स का इजराइल को हटाने के असामान्य कदम पर गया है। यह अब चीन में चर्चा का विषय बन गया है। अलीबाबा और बाइदु दोनों ने ही अभी तक इस बदलाव की वजह नहीं बताई है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद चीन ने सीजफायर का समर्थन किया है ताकि और ज्यादा तनाव भड़कने तथा मानवीय पीड़ा से रोका जा सके। बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। बोलीविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी ममानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बोलीविया ने गाजा पट्टी में जारी भीषण इजराइली सैन्य हमले की निंदा करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने का फैसला

**गाजा युद्ध शुरू होने के बाद चीन ने सीजफायर का समर्थन किया है ताकि और ज्यादा तनाव भड़कने तथा मानवीय पीड़ा से रोका जा सके**

किया है। देश के वामपंथी राष्ट्रपति लुइस अर्से लंबे समय से इजराइल के आलोचक रहे हैं और इससे पहले 2009 में गाजा से जुड़ी लड़ाई को लेकर उन्होंने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। साल 2020 में राजनयिक संबंध फिर से बहाल हुए थे। इस बीच पिछले सप्ताह चीन ने माना था कि इजरायल के पास हमास से बचाव का अधिकार है। इससे पहले चीन के गाजा युद्ध को लेकर रुख की कड़ी आलोचना हुई थी। इससे पहले शी जिनपिंग ने तत्काल सीज फायर घोषित करने की मांग की थी।




# बाधाओं को दूर कर एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है सरकार : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने एशियाई पैरा खेलों के लिए भारतीय दल के साथ बातचीत की

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अब सरकार का दृष्टिकोण एथलीट केंद्रित है। आज सरकार बाधाओं को दूर कर रही है और एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत के एशियाई पैरा गेम्स दल को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने एशियाई पैरा खेलों में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले भारतीय एथलीटों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एशियाई पैरा खेलों में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले भारतीय एथलीटों की उपलब्धियां उनके समर्पण और असाधारण कौशल को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा कि आपने जिस तरह देश का मान बढ़ाया है, वह अभूतपूर्व है। 2014 में एशियन पैरा गेम्स में भारत ने जितने मेडल जीते थे, ये उससे भी तीन गुना ज्यादा हैं। 2014 की तुलना में इस बार हमें 10 गुना गोल्ड मेडल मिले हैं। आप लोगों ने इस बार देश को टॉप 5 में शामिल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सरकार और नीतियां बनाने वाले जमीन से जुड़े होते हैं, जब सरकार खिलाड़ियों के सपने के प्रति संवेदनशील होती है तो इसका सीधा असर सरकार की नीतियों और अप्रोच में भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा, ह्लअब सरकार का दृष्टिकोण एथलीट केंद्रित है। आज, सरकार बाधाओं को दूर कर रही है और एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है। जब क्षमता को सही मंच मिलता है तो प्रदर्शन बेहतर हो जाता है। खेलो इंडिया जैसी योजनाएं ऐसे मंच हैं, जहां हम जमीनी स्तर के एथलीटों की पहचान कर सकते हैं और उनका समर्थन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि समाज में एक नई संस्कृति उभर रही है, जहां बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहले खेलों से जुड़े लोगों को व्यवस्थित नहीं माना जाता था। हालांकि, आज समाज खेल को एक पेशे के रूप में स्वीकार कर रहा है। पहले कहा जाता था कि खिलाड़ी सरकार के लिए है लेकिन अब कहा जा रहा है कि पूरी सरकार खिलाड़ियों के लिए है।

प्रधानमंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों के सामने आने वाले चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि खेल हमेशा से अत्यंत प्रतिस्पर्धी होते हैं। आप हर खेल में एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं, एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हैं। मैं जानता हूं कि एक मुकाबला आपके भीतर भी चलता रहता है। आपको हर रोज स्वयं से भी जूझना पड़ता है और खुद को बार-बार समझाना भी पड़ता है। उन्होंने कहा, ह्लजब कोई दिव्यांग पदक जीतता है, तो वह व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा बन जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ लोगों में से चुना जाना आपके लिए अपने आप में एक जीत है। इतनी चुनौतियों का सामना करने के बाद आप मजबूत बने हैं। आप सभी ने सिर्फ पिछले रिकॉर्ड ही नहीं तोड़े हैं, आपने कुछ क्षेत्रों में रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। आपने 111 पदक जीते हैं, यह कोई छोटी उपलब्धि या संख्या नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए मैं कहता हूं कि हम ही हैं, जो 10 नंबर की इकोनॉमी से 5 नंबर पर पहुंचे हैं और डंके की चोट पर कहता हूं कि इसी दशक में 3 नंबर पर पहुंचकर रहेंगे। 2047 तक देश विकसित भारत बनकर रहेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 29 स्वर्ण पदक सहित कुल 111 पदक जीते हैं। एशियाई पैरा गेम्स 2022 में जीते गए पदकों की कुल संख्या दरअसल पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (वर्ष 2018 में) की तुलना में 54 प्रतिशत अधिक है और जीते गए 29 स्वर्ण पदकों की संख्या वर्ष 2018 में जीते गए स्वर्ण पदकों की संख्या् से लगभग दोगुनी है।




# द.अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 190 रनों से हराया




**एजेंसी। पुणे**

द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 358 रन का टारगेट दिया। जवाब में कीवी टीम मात्र 167 रन पर सिमट गई और उन्हें 190 रनों से करारी शिकस्त मिली।

क्विंटन डी कॉक (114) और रैसी वान डेर डुसेन (133) के शानदार शतकों तथा उनके बीच दूसरे विकेट के लिए 200 रन की जबरदस्त साझेदारी के बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में बुधवार को 50 ओवर में 4 विकेट पर 357 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

358 रन का टारगेट चेज करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले 10 ओवर में दो विकेट खोकर 51 रन बनाए। कोई भी कीवी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं पाया। न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने 4 और मार्को यानसन ने 3 विकेट प्राप्त किए। जबकि, जेराल्ड कूटजी को दो विकेट और कगिसो रबाडा को एक विकेट मिला।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 | +2.290 |
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 | +1.405 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 3 | 6 | +0.484 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.024 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.718 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.275 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

### स्कोर बोर्ड

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 114 | 116 | 10 | 3 |
| तेम्बा बवूमा | 24 | 28 | 4 | 1 |
| रासी वान दर दुसें | 133 | 118 | 9 | 5 |
| डेविड मिलर | 53 | 30 | 2 | 4 |
| हाइनरिक क्लासन | 15 | 7 | 1 | 1 |
| एडन मारक्रम | 6 | 1 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 12, **कुल :** 357/4 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-38, 2-238 , 3-316, 4-351 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 10-1-49-1, मैट हेनरी 5.3-0-31-0, टिम साउदी 10-0-77-2, मिचेल सैंटनर 10-0-58-0, ग्लेन फि लिप्स 7-0-52-0, रचिन रविंद्र 2-0-17-0, जिमी नीशम 5.3-0-69-1

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 2 | 6 | 0 | 0 |
| विल यंग | 33 | 37 | 5 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 9 | 16 | 1 | 0 |
| डैरिल मिचेल | 24 | 30 | 4 | 0 |
| टॉम लेथम | 4 | 15 | 0 | 0 |
| ग्लेन फि लिप्स | 60 | 50 | 4 | 4 |
| मिचेल सैंटनर | 7 | 18 | 1 | 0 |
| टिम साउदी | 7 | 11 | 1 | 0 |
| जिमी नीशम | 0 | 8 | 0 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट | 9 | 14 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी | 0 | 9 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 12, **कुल :** 167/10 (35.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-8, 2-45, 3-56, 4-67, 5-90, 6-100, 7-109, 8-110, 9-133, 10-167 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मार्को यानसन 8-1-31-3, लुंगिसानी एनगिडी 6-1-28-0, कगिसो रबाडा 6-2-16-1, जेराल्ड कट्जी, 6.3-0-41-2, केशव महाराज 9-0-46-4

### श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से पहले रोहित ने कहा

# वानखेड़े मेरे लिए एक विशेष स्थल




**एजेंसी। मुंबई**

आईसीसी एकदिनी विश्व कप 2023 में गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से पहले, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए एक विशेष मैदान है। आईसीसी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जहां रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम से अपने भावनात्मक जुड़ाव के बारे में बात की। भारतीय कप्तान ने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में वह आज जो कुछ भी हैं, वह अपनी सीख के कारण हैं और यह सब वानखेड़े में हुआ है। उन्होंने कहा कि मुंबईवासी अपने क्रिकेट से प्यार करते हैं और इसकी झलक वानखेड़े स्टेडियम में देखी जा सकती है। रोहित ने कहा, वानखेड़े एक विशेष स्थल है, मेरा सबसे अच्छा स्थल है। एक क्रिकेटर के रूप में मैं आज जो कुछ भी हूं, वह मेरी सीख के कारण है और यह सब वानखेड़े में हुआ है। इसलिए इसे कोई नहीं हरा सकता। मुंबईकर अपने क्रिकेट से प्यार करते हैं और आप देख सकते हैं वानखेड़े स्टेडियम में हलचल, यह पागलपन है। स्टेडियम में छोटे-छोटे क्षेत्र हैं, विशेष रूप से उत्तरी स्टैंड, जिसे आप जानते हैं कि वानखेड़े का सबसे प्रसिद्ध स्टैंड है, वहां जो लोग आते हैं वे सच्चे क्रिकेट प्रशंसक हैं। भारतीय टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा की टीम फिलहाल टूर्नामेंट में एक भी मैच हारे बिना शीर्ष पर चल रही है। इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा ने 87 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे भारतीय टीम 229 रनों के स्कोर तक पहुंच सकी। इसके बोद मोहम्मद शमी ने चार विकेट हासिल किए, जबकि बुमराह ने तीन विकेट लेकर भारत को 100 रनों से बेहतरीन जीत दिलाई। भारतीय कप्तान को उनकी 87 रन की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

# मुंबई में कोई आतिशबाजी नहीं होगी : जय शाह

**एजेंसी। मुंबई**



मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को वनडे विश्व कप 2023 के 33वें मैच में श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा कि मुंबई में कोई आतिशबाजी नहीं होगी। जय शाह ने एक बयान में कहा कि भारतीय क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है, जिसके लिए वे इस मामले को आईसीसी के पास ले गए और फैसला किया कि प्रदूषण पर नजर रखने के लिए वानखेड़े स्टेडियम में कोई आतिशबाजी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशंसकों और हितधारकों के हितों को हमेशा सबसे आगे रखेगा। शाह ने कहा, बीसीसीआई पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। मैंने इस मामले को औपचारिक रूप से आईसीसी के समक्ष उठाया है। मुंबई में कोई आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। बोर्ड पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा इस पर ध्यान देगा। हमारे प्रशंसकों और हितधारकों का हित सबसे आगे है। उन्होंने आगे कहा कि बीसीसीआई ने मुंबई और नई दिल्ली दोनों में वायु गुणवत्ता को लेकर तत्काल चिंता को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई मुंबई और नई दिल्ली दोनों में वायु गुणवत्ता को लेकर तत्काल चिंता को स्वीकार करता है। जबकि हम क्रिकेट के उत्सव के अनुरूप आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करने का प्रयास करते हैं, हम अपने सभी लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। भारत को अपना अगला मैच गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है। भारत आईसीसी विश्व कप में अब तक खेले गए सभी छह मैच जीतकर तालिका में शीर्ष पर है। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड तालिका में सबसे नीचे है।

### बांग्लादेश-पाक मैच के दौरान फिलिस्तीन का झंडा ईडन गार्डन्स में लहराया

**कोलकाता।** विश्व कप के पाक-बांग्लादेश मैच को देखने के लिए मंगलवार शाम ईडन गार्डन्स आए चार दर्शकों को सुरक्षाकर्मियों ने स्टेडियम से बाहर कर दिया, क्योंकि उन्होंने फिलिस्तीन के झंडे लहराए और ये मैच में तनाव पैदा कर सकते थे। राज्य पुलिस के सूत्रों के अनुसार, चार व्यक्तियों को ईडन गार्डन की दर्शक दीर्घा में दो अलग-अलग स्थानों से फिलिस्तीनी झंडे प्रदर्शित करते हुए देखा गया था। जहां दो लोगों गेट नंबर 6 के पास से हिरासत में लिया गया, वहीं दो को स्टेडियम गैलरी के ब्लॉक डी से हिरासत में लिया गया।

# वर्ल्ड कप के बाद डेविड विली लेंगे संन्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**




इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की है कि वह भारत में खेले जा रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 33 साल के डेविड विली एक खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, भारत में खेले जा रहे मेगा-इवेंट में वो अपनी टीम के लिए कुछ खास नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि विली का संन्यास लेने का निर्णय ईसीबी के 2023-24 चक्र के लिए उन्हें केंद्रीय अनुबंध की पेशकश नहीं करने के फैसले के बाद आया है। विली ने विश्व कप में अपने तीन मैचों में पांच विकेट लिए हैं। जिसमें भारत के खिलाफ मैच में तीन विकेट (केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव) और निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन शामिल हैं। विली ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में लिखा, मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। मैंने बचपन से केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। मैंने बहुत विचार करने के बाद और बहुत अफसोस के साथ यह फैसला लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मैं विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा। विली ने मई 2015 में आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड में डेब्यू किया और इयोन मोर्गन, ट्रेवर बेलिस और एंड्रयू स्ट्रॉस की कप्तानी में खेले।

# पेरिस मास्टर्स : रोमन सफीउलिन ने वर्ल्ड नंबर 2 अल्काराज को चौंकाया



**एजेंसी। पेरिस**

रूस के रोमन सफीउलिन ने पेरिस मास्टर्स में नंबर 2 कार्लोस अल्काराज को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। क्वालीफायर ने दोनों सेटों में शुरूआती ब्रेक से उबरते हुए 6-3, 6-4 से अप्रत्याशित जीत दर्ज की, जिससे अल्काराज को 2023 में पहली बार शुरूआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। सफीउलिन इस जीत के साथ एटीपी लाइव रैंकिंग में 39वें नंबर पर पहुंच गए हैं और पहली बार शीर्ष 40 में पहुंचने के लिए तैयार हैं। हाल के महीनों में विंबलडन क्वार्टर फाइनल और चेंगदू फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद 26 वर्षीय खिलाड़ी की अल्काराज के खिलाफ बेहतरीन जीत हुई। मैच के बाद सफीउलिन ने कहा, कार्लोस के लिए, यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे खुशी है कि मैं जीत सकता हूं, भले ही वह सर्वश्रेष्ठ स्थिति में न हो, उसे हराना कठिन है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने इसे हासिल किया। अल्काराज, जिन्हें अपने बाएं पैर और पीठ के निचले हिस्से की समस्याओं के कारण बासेल से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा था, सितंबर में ग्रिगोर दिमित्रोव से शंघाई अंतिम 16 में अपनी हार के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

### उत्साह एशियन हॉकी चैंपियंस में जलवा बिखेर रहीं राज्य की बेटियों, सुदूरवर्ती गांवों में भी देखे जा रहे मैच

# शहर हो या गांव हर ओर हॉकी का खुमार

**सिमडेगा, खूंटी और गुमला में उत्साह**

**बेटियों के परिजन देख रहे मैच**

**एलईडी स्क्रीन के भी लाखों दर्शक**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




पूरे राज्य और देश में झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। अन्य राज्यों से लोग टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने रांची आ रहे हैं। साथ ही राज्य के शहर हो या सुदूरवर्ती गांव हर ओर एक अलग सा उत्सव और उत्साह नजर आ रहा है। तभी तो दो दिन पूर्व खूंटी स्थित अड़की क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने रांची आकर अंतरराष्ट्रीय मैच को देखा।

झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में खेल रही खूंटी की निक्की प्रधान, सिमडेगा की सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में उत्साह का माहौल है। निक्की प्रधान, सलीमा टेटे के करंगा गुड़ी और संगीता कुमारी के गांव में हर दिन शाम ढलते ही पूरे गांव के लोग बड़े से स्क्रीन पर मैच का लुफ्त लेते हैं। कोई खुशी से झूमता है तो कोई गांव की बेटी को आशीर्वाद देते हुए भारतीय टीम की जीत की कामना करता है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर भारतीय टीम में शामिल झारखंड की तीन बेटियों के परिजनों को मैच देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। निक्की प्रधान के परिजनों ने मैच देखा भी है। सलीमा टेटे और संगीत कुमारी के परिजन भी अन्य गांव वालों के साथ मैच देखने आयेंगे। इसके लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही राज्य के विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल की बारीकियों से अवगत होने स्टेडियम पहुंच रहे हैं।

झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का फीवर राज्य के हर उम्र के लोगों में चढ़ा हुआ है। राज्य के विभिन्न जिलों में लगे एलईडी पर मैच का हो रहा सीधा प्रसारण ने इनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मोबाइल एलईडी वैन के जरिए भी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच दिखाए जा रहे हैं, जहां एलईडी स्क्रीन नहीं हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा बड़े स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जा रहा है। रांची में स्टेडियम के बाहर मोरहाबादी मैदान में बने टाइम स्क्वायर में भी लोग मैच का आनंद ले रहे हैं।